माघ मास, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 342, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 19 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : गिल ने लगातार 3 छक्के जमाकर पूरा किया दोहरा शतक

अंदर - खतरे में दुनिया भर की देशज भाषाएं




# तीन माह में फंसाया महमूद को जाल में



**वाराणसी।** लॉकडाउन और इसके बाद शाइन सिटी के भाग जाने के बाद बेरोजगार हुआ प्रवीण चौहान घटना का सूत्रधार है क्योंकि वह चौक में साड़ी का काम करता था, उसने ही अनुराग और उसकी पत्नी को महमूद आलम से उगाही की योजना बनायी थी। महमूद उनके लिए सॉफ्ट टारगेट निकला। ऐसे में अनुराग उर्फ अन्नू ने अपनी पत्नी अंजलि पांडेय को ढाल बनाया। अंजलि निजी कंपनी में बीमा एजेंट थी और इसी सिलसिले में महमूद से वो मिली और इसके बाद उसे अपने झांसे में लिया।

महमूद आलम से बीमा के नाम पर अंजलि ने संपर्क साधा और उससे मुलाकात की। इसके बाद महमूद आलम की दुकान पर अंजलि का आना जाना शुरु हुआ। अंजलि ने उससे संपर्क बढ़ाया और फोन वीडियो कॉल पर उससे नजदीकी बढ़ायी। महमूद को पूरी तरह अपने बस में करने में अंजलि को तीन महीने का वक्त लगा। इसके बाद उगाही की रणनीति बनी। महमूद आलम को अंजलि ने मुलाकात के लिए बीएचयू वीटी के पास बुलाया। महमूद अपनी स्कूटी से वहां पहुंचा इसके बाद वहां एसयूवी लिए प्रवीण चौहान मौजूद था। अंजलि ने महमूद को अपने साथ पीछे वाली सीट पर बैठाया। इसके बाद आगे बढ़ी। कुछ ही दूरी पर अंजलि का पति अनुराग उर्फ अन्नू उक्त वाहन में सवार हुआ। इसके बाद महमूद आलम को लेकर तीनों निकल गये। रास्ते में उसे कोल्डड्रिंक पिलायी, जिसमें शराब का मिश्रण था और इसके बाद उगाही के तौर पर 20 लाख की डिमांड की गयी। सौदा आठ लाख में तय हुआ। महमूद ने अपने बेटे को फोन कर कहा, मुसीबत में हूं आठ लाख भेजो। लेकिन बेटे की सख्ती से ये स्पष्ट हुआ कि पैसे नहीं मिलेंगे। ऐसे में तीनों ने मिलकर महमूद की गला घोंट कर हत्या कर दी। अनुराग पांडेय उर्फ अन्नू और उसकी पत्नी अंजली पांडेय उर्फ दिव्या बागबरियार पियरी थाना चेतगंज में रहते थे जबकि प्रवीण चौहान कादीपुर लिलारी भरौली थाना कोपागंज मऊ का निवासी है।

### अपहरण के दिन खरीदा नया सिम और एक दिन पहले मोबाइल

**वाराणसी।** अपहरण और उगाही की योजना को अंजाम देने के लिए हत्यारों ने उसी दिन रोडवेज के पास से एक मोबाइल की दुकान से फर्जी आईडी पर सिम खरीदा। इसके एक दिन पहले यानी 13 जनवरी को दालमंडी से नया मोबाइल खरीदा गया। सिम फर्जी आईडी पर लिया गया इसके बदले में उक्त दुकान पर काम करने वाले राहुल अग्रहरि को 150 रुपये दिया गया। जबकि दुकानदार अतुल कुमार वर्मा को आरोपियों ने पांच हजार बतौर बख्शीस दी। इसके पहले अंजली और महमूद के बीच अंजली के मोबाइल नंबर से बातचीत होती थी। लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले ये सब नया किया गया।

### महमूद ने दिलाया था तीन सूट

**वाराणसी।** पुलिस पूछताछ में ये बात भी सामने आयी कि इन तीन महीने अंदर अंजली महमूद आलम की दुकान पर सूट खरीदने के लिए पहुंची थी। हालांकि साड़ी की दुकान होने की वजह से महमूद ने उसे दूसरी दुकान से सूट दिलवाया था। दोनों नार्मल और वीडियों कॉल पर लगातार संपर्क में थे। ऐसे में दोनों एक दूसरे के संपर्क में पूरी तरह से आ गये थे और विश्वास जम गया था।

### एनकांउटर में ढेर सन्नी सिंह का साथी है अनुराग

**वाराणसी।** पूर्वांचल में आतंक का पर्याय रहा रोहित सिंह उर्फ सन्नी का साथी है अनुराग उर्फ अन्नू। एसओजी की छानबीन और पूछताछ में ये बात सामने आयी। सन्नी को साल 2015 में एसटीएफ ने कबीरचौरा स्थित जिला महिला अस्पताल के पास मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। अनूराग उर्फ अन्नू के ऊपर मऊ में करीब आधा दर्जन आपराधिक मामले हैं वहीं वाराणसी के सिगरा थाने में इसके ऊपर आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजिकृत हैं।

### फ्रॉड कंपनी शाइन सिटी में काम करता था प्रवीण

**वाराणसी।** घटना सूत्रधार प्रवीण चौहान चौक में साड़ी का काम करता है। इसके पहले वो फ्राड कंपनी शाइन सिटी से जुड़ा था। वही शाइन सिटी जो निवेशकों का अरबों रूपये डकार चुकी हैं। शाइन सिटी पर कार्रवाई और भाग जाने के बाद ये बेरोजगार हो गया था। इसके बाद वह चौक में साड़ी का काम करने लगा। प्रवीण ने लंबा हाथ मारने के लिए अनुराग को अपने पाले में खींचा और फिर उसकी पत्नी को भी ढाल बना दिया।

### परिजनों का आरोप, पुलिस ने नहीं दिखाई सक्रियता

साड़ी कारोबारी की हत्या के बाद बुधवार को उसके घर मामत पसरा रहा। साड़ी कारोबारी कि पत्नी और बेटा फैजल ने बताया कि महमूद को झांसे में फंसाने वाली युवती साड़ी की गद्दी पर महमूद से मिलने के लिए आती थी, लेकिन कोई समझ नहीं पाया। परिजनों का यह भी आरोप हैं कि पुलिस यदि उसी दिन तेजी दिखाई होती शायद हत्या होने से बच जाती।

## संक्षेप

### कपड़े के शोरूम में लगी आग




**रामनगर।** रामनगर दूर्ग रोड स्थित मनसा देवी मंदिर के बगल में कपड़े के शो रूम में शार्ट सर्किट से बुधवार को आग लग गयी। दुकान से धूंआ निकलता देख पड़ोसी ने दुकानदार ने शो रूप संचालक को सूचना दी। गोलाघाट निवासी शो रूम मालिक फहीम खान उर्फ गुड्डन मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड और स्थानीय दुकानदारों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### आग लगने से मवेशी झुलसे

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के भदहां कलां गांव में बुधवार की रात एक बजे मड़ई में आग लगने से रमेश यादव दो मवेशी जलकर कर मर गये जबकि गाय और बछ़ड़ा गंभीर रूप से झुलसे। रीता देवी का आरोप है कि उनके मढ़ई में किसी ने आग लगायी और उन्होंने तहरीर दी।

### एक युवक समेत दो अज्ञात लोगों की मौत, कई भर्ती

**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में भर्ती एक युवक समेत दो अज्ञात लोगों की बुधवार को मौत हो गयी। अस्पताल कर्मियों ने शव को मोर्चरी में बन्दकर सूचना पुलिस को भेज दिया। चौक थाना क्षेत्र के हड़हासराय के पास बुधवार को वाहिद 60 वर्ष पता अज्ञात मृत हालत में पड़ा मिला। आशंका है कि ठंड के चलते उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को मोर्चरी में बन्दकर दिया। उधर, जिला अस्पताल ज्ञानपुर से रिफर होकर मण्डलीय अस्पताल में भर्ती अज्ञात 25 वर्षीय व्यक्ति की आज इलाज के दौरान मौत हो गयी। आशंका है कि उसकी भी मौत ठंड से हुई हैं। पोस्टमार्टम जांच के बाद दोनों के मृत्यु के कारण की पुष्टि होगी। जबकि ठंड के चलते पेट दर्द, बुखार, उल्टी व सांस फूलने की शिकायत पर दस लोग भर्ती कराये गये।

### आधा दर्जन के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

**वाराणसी।** कैंट पुलिस ने आधा दर्जन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत बुधवार को कार्रवाई की। गैंगस्टर में निरुद्ध अपराधियों में रिंकू राजभर पुत्र चौथी राजभर निवासी ग्राम परसादपुर मंगारी बड़ागाँव, सत्यम पटेल पुत्र शोभनाथ निवासी ग्राम मंगारी बड़ागाँव, अनिल कुमार राजभर पुत्र छेदी लाल निवासी ग्राम हरिशंकर बड़ागाँव, सुभाषचन्द्र पुत्र कंचनलाल निवासी ग्राम नेवादी मंगारी बाजार फूलपुर, बद्री नारायण यादव पुत्र शारदा यादव निवासी ग्राम जमालपुर बड़ागाँव, विरेन्द्र दूबे पुत्र विजय शंकर दूबे निवासी ग्राम नेहिया चोलापुर के विरुद्ध पूर्व में वाराणसी कमिश्नरेट के थाना कैंट, थाना पांडेयपुर-लालपुर, शिवपुर व थाना बड़ागांव में जालसाजी, चोरी, बलवा जैसे गंभीर अपराधिक मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### जबरन शादी के लिए अपहरण किया

**सिंधोरा।** सिंधोरा थाना अंतर्गत ग्रामसभा पतिराजपुर निवासी युवती को एक युवक शादी करने के लिए में जबरन उसका अपहरण कर लिया। युवती की मां ने सिंधोरा थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। युवती की मां का आरोप है कि सतीश राजभर निवासी पतिराजपुर उसकी बेटी का अगवा किया है और किसी अज्ञात जगह पर रखा है। पुलिस रपट दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार तीन वांछितों को मिर्जामुराद पुलिस ने दबोचा। अभियुक्तों की पहचान रूपापुर गांव निवासी कन्हैयालाल प्रजापति, नयापुर गांव निवासी दूधनाथ जायसवाल और दिलीप जायसवाल के तौर पर हुई। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, एसआई प्रमोद यादव, रामजीत सिंह, कांस्टेबल स्वदेश कुमार, उदय प्रताप यादव, आशुतोष सिंह व महिला कांस्टेबल अंजू कुमारी रहीं।

### गुंडा एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**तरना।** गुंडा एक्ट में वांछित अभियुक्त को शिवपुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियुक्त नेहरू राजभर पुत्र पंधारी राजभर जयपाल निवासी को बुधवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे उंडी के के पास से पकड़ा गया।

### सावित्री बाई फुले निबंध प्रतियोगिता की विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के राजवारी स्थित एक कालेज में विगत 30 दिसंबर को आयोजित की गई सावित्री बाई फुले स्मृति निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट लेखन के लिए चयनित सभी 22 बालिकाओं को सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं बालिकोपयोगी पुस्तक 'बेटी करे सवाल' प्रदान किया गया। ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव ने बताया कि सावित्री बाई फुले के जीवन वृत्त पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 से 12 की कुल लगभग 60 बालिकाएं शामिल हुई जिनमें प्रथम स्थान पर सात, द्वितीय स्थान पर पांच और तृतीय स्थान पर दस बालिकाएं रही। इनमें रूपम, प्रीती, सपना, रंजना, स्वेच्छा, अर्चना और वंदना का लेखन अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सूरज पांडेय, अनीता देवी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक भी शामिल रहे।

### लगातार दो नौका रेस जीतने वाली टीम का अभिनंदन

**रामनगर।** बनारस फेस्टिवल नौका रेस में लगातार दूसरे दिन जीत हासिल करने वाली रामनगर टीम का बुधवार को बलुआ घाट पर अभिनन्दन किया गया। द्वारका माझी की टीम ने मंगलवार को रेस में प्रथम स्थान हासिल किया था। बुधवार को इसी टीम ने फिर अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस टीम में शामिल द्वारिका मांझी, राधेश्याम साहनी,दिनेश साहनी, राजू साहनी,राहुल साहनी,रवि साहनी आदि का माल्यापर्ण कर अभिनन्दन किया गया। इसके अलावा आगामी शुक्रवार को होने वाली फाइनल रेस में जीत के लिए बेस्ट ऑफ लक कहा गया। अभिनंदन करने वालों में दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य अयोध्या प्रसाद निषाद,भाजपा नेता संतोष द्विवेदी ,पूर्व सभासद संतोष शर्मा,मुरारी निषाद,राजेंद्र पटेल,अरविंद खरवार, अनिरुद्ध कन्नौजिया,धनंजय साहनी,सुरेश साहनी,काशीनाथ साहनी, राजन साहनी,विवेक साहनी,मुन्नू साहनी, समारू साहनी आदि शामिल थे।

# पति से त्रस्त महिला ने दी जान

**आत्महत्या**

फेसबुक से हुआ प्यार और धर्म बदलकर की थी शादी

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के दक्षिणी ककरमत्ता में बुधवार की सुबह रुखसाना बानो (27) ने फांसी लगाकर जान दे दी। पश्चिम बंगाल निवासी शिवली बाग ने फेसबुक पर दोस्ती होने के बाद दो साल पहले ककरमत्ता निवासी शमशेर खान से प्रेम विवाह किया था। यह उसकी दूसरी शादी थी। शमशेर से शादी के बाद शिवलीबाग ने धर्म बदल कर रुखसाना बानो बन गई।

मृतका के देवर अरमान खान ने बताया की भाई शमशेर खान मंगलवार की रात पार्टी में गया हुआ था। रात 11 बजे रुखसाना ने पति को फोन कर घर आने को कहा। लेकिन कई घंटे बाद तक शमशेर घर नहीं लौटा। पति के न आने से उदास रुखसाना अपने कमरे में सोने चली गई।



मृतका की फाइल फोटो

शमशेर करीब तीन बजे घर लौटा तो उसके भाई अरमान ने दरवाजा खोला। फिर दोनों भाई सोने चले गए। करीब साढ़े चार बजे नमाज के लिए अरमान उठा तो देखा कि स्टोररूम और बाथरूम के रास्ते का दरवाजा बंद है।

रोशनदान से झांककर देखा तो रुखसाना फांसी के फंदे पर लटकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## महिला की अनबूझ हाल में मौत

**मिर्जामुराद।** चक्रपानपुर गांव में रविवार की रात बिस्तर पर सो रही चंपा देवी की मौत के मामले में पुलिस जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं चर्चा है कि चंपा देवी की हत्या की गई है। चंपा देवी की मौत से पहले उनके घर में दावत चल रही थी। जिसमें बाहरी लोग भी शामिल थे। चंपा का बिसरा रिपोर्ट पुलिस ने सुरक्षित रख लिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामान्य है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

Manorama Mishra and Rama Mishra is the same and one person. Manorama Mishra alias Rama Mishra W/o Onkar Nath Mishra R/o Sa-2/415-A, Pandeypur, Varanasi U.P.

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुनील प्रजापति के एसडीएफसी लाइफ इंश्योरेंश पालिसी संख्या-15284624 में नामिनी के रूप में मेरा नाम सुमन प्रजापति व जन्मतिथि 01.07.1991 दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सुमन देवी व जन्मतिथि 05.07.1989 है। यह आधार कार्ड व अन्य प्रमाण पत्रों में भी दर्ज है। सुमन देवी पत्नी सुनील प्रजापति ग्राम व पोस्ट-जिवली, जिला-आजमगढ़।

मेरे पुत्र शिवम पुत्र शैलेश कुमार मिश्र के नाम से एलआईसी पॉलिसी है जिसका पालिसी नंबर 286147697 जारी हैं जबकि आधार कार्ड व प्रमाण पत्र में सार्थक मित्र पुत्र शैलेश कुमार मिश्र अंकित है जो सही है। शैलेश कुमार मिश्र, स्थाई पता-ग्राम-तुर्की दौलतपुर, पोस्ट-भीमपुरा न0-2 जनपद, बलिया, वर्तमान पता- निधरिया, नई बस्ती, गड़वार रोड बलिया।

आवश्यकता

आवश्यकता है-वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालय सृष्टि बालिका शिक्षण संस्थान पहाड़पुर विसम्भर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कला संकाय स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय में एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0 जी0 सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के पते पर 21 दिन में सम्पर्क करें।
प्रबन्धक

आवश्यकता है-वी0 ब0 सिंह पू0 वि0 वि0 जौनपुर से सम्बद्ध श्री लछिराम पी0 जी0 कालेज सालिकपुर-सौरी, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में म0 इतिहास में एक तथा विज्ञान संकाय में भौतिक वि0-2, रसायन वि0-3, जन्तु वि0-2, वनस्पति वि0-2, गणित-2 तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में गृह विज्ञान-3, रा0 शास्त्र-2 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 रेगुलेशन 2016 एवं वि0 वि0 परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21 दिनों में दें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी।
प्रबन्धक

आवश्यकता है-श्री नाथ अलकनंदा पी.जी. कॉलेज भूवरपुर, अनौनी गाजीपुर उ0प्र0 (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र व भूगोल में तीन-तीन तथा हिन्दी, समाजशास्त्र में दो-दो पद, योग्यता- यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0, वेतन-उ0प्र0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना फोन/डाक के माध्यम से दी जायेगी। प्रबंधक मो.- 9452069831/ 8052085808

## फर्जी लोन पास कराने वाले पांच जालसाज गिरफ्तार

**सारनाथ।** फर्जी कागजात बनकार लोगों को लोन पास कराने और चूना लगाने वाले पांच जालसाजों को साइबर थाना पुलिस ने रिंग रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार लिया। तलाशी में अभियुक्तों के पास से फर्जी आधार कार्ड, पहचान पत्र, निर्वाचन कार्ड आदि दस्तावेज बरामद हुआ। साइबर थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति से सूचना मिली कि कुछ लोग फर्जी कागजात बनाकर लोन पास करवा रहे। इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू किया गया। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि फर्जी कागजात बनाकर लोन दिलाने वाले गिरोह के पांच युवक सिंहपुर स्थित रिंग रोड पुलिया के पास खड़े हैं। उक्त सूचना पर निरीक्षक अनिता सिंह, हेड कांस्टेबल श्यामलाल गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर पांचों को दबोचा। अभियुक्तों की पहचान पूछताछ में आनंद गुप्ता, सुजीत कुमार यादव धर्मेंद्र यादव, शिवानंद और अभिषेक यादव के तौर पर हुई।

# संदिग्ध हालात में मासूम जख्मी

**रहस्यमय**

चिकित्सक ने किया बीएचयू रेफर किया, परिजन ले गए कहीं और

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के नीचे बुधवार को एक दस वर्षीय बच्ची घायलावस्था में मिली। ब्रिज नीचे रहकर जीवन यापन करने वाले उसके परिजन बुधवार को उसे लेकर मण्डलीय अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद उसे भर्ती कर लिया। मासूम के प्राइवेट पार्ट से हो रही ब्लीडिंग को देखते डॉक्टर ने महिला डॉक्टर को रेफर कर दिया। विभागीय सूत्रों के अनुसार महिला डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद पाया कि उसके प्राइवेट पार्ट से चोट के निशान के साथ ही ब्लीडिंग हो रहा है। जबकि परिजन एक्सीडेंट होने की बात कह रहे थे। डॉक्टर ने चोट को देखते हुए उसे बीएचयू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राइवेट पार्ट में चोट व ब्लीडिंग को देखते हुए अस्पताल कर्मियों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को भेज दिया। पुलिस केश होने की जानकारी मिलने पर परिजन जख्मी किशोरी को लेकर अन्यत्र चले गये।

### छात्राओं पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के खोचवा स्थित एक डिग्री कालेज के बाहर छात्राओं पर फब्तियां कसने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसओ मिर्जामुराद दीपक कुमार रनावत ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि डिग्री कालेज के बाहर कुछ युवक आए दिन छात्राओं को परेशान करते हैं। जिसपर बुधवार को पुलिस सादे कपड़े में कालेज पहुंची और मौके से बादीपुर निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# हर मैजेस्टी स्टूडियो सैलून का भव्य उद्घाटन



**वाराणसी।** महमूरगंज क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर कालोनी में अपने आप में अनूठे लेडिज सैलून हर मैजस्टि स्टूडियो का भव्य शुभारंभ मुख्य श्रीमती अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा ने फीता काट कर किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएनआई के एक्सक्लूसिव डायरेक्टर आयुष नर्सरिया भी मौजूद थे। स्टूडियो की डायरेक्टर संजना त्रिपाठी ने बताया कि यह सैलून वाराणसी में अपने आप में अनूठा सैलून है जो सिर्फ महिलाओं के लिए है। यहां पर हेयर स्टाइल, हेयर ट्रीटमेंट, बॉडी केयर, ब्राइडल मेकअप, एडवांस फेशियल विथ ट्रीटमेंट, हेयर स्पा, ऑयल मसाज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन के अवसर पर सभी ग्राहकों को 30 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। कार्यक्रम में मनीष पाठक, श्वेतांग मिश्र, अंकित तिवारी, आयशा सोनी, विधि खंडेलवाल, श्वेता श्रीवास्तव, शिवानी सिंह आदि मौजूद थीं।

# बीएचयू चीफ प्रॉक्टर समेत 11 आरोपितों को कोर्ट से राहत

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** फीस वृद्धि को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्रों से अभद्रता करने व लाठियों से मारने-पीटने के मामले में बीएचयू के तत्कालीन चीफ प्राक्टर समेत 11 आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गई। अपर सिविल जज (षष्ठम) गौरव सिंह की अदालत ने तत्कालीन चीफ प्राक्टर एके जोशी, बीएचयू वीसी के पीए अश्वनी कुमार सिंह के साथ ही सुरक्षाकर्मी राम अवतार सिंह, परमानंद सिंह, अखिलेश कुमार त्रिवेदी, ओमप्रकाश तिवारी, भया लाल, इंदू प्रकाश सिंह, गुप्तेश्वर नाथ दूबे, राम अवध सिंह व नंद कुमार दूबे को साक्ष्य के आभाव में संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आरके सिंह ने पक्ष रखा। प्रकरण के अनुसार बीएचयू के छात्र सुमित कुमार ने लंका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था की 29 जनवरी 2014 को काशी हिन्दू विश्व विद्यालय में फीस वृद्धि हुई थी। जिसके विरोध में वह अन्य छात्रगण के साथ सिंह द्वार पर शान्तिपूर्वक ढंग से धरना-प्रदर्शन कर रहा था।उसके बाद सिंह द्वार से वह लोग वीसी आवास होते हुये अपने छात्रावास वापस जा रहे थे। उसी दौरान चीफ प्राक्टर एके जोशी, वीसी के पीए अश्वनी सिंह ने अपने सुरक्षा कर्मियों से हम छात्रों के ऊपर लाठी चार्ज का आदेश सुरक्षाकर्मियों को दे दिया। सुरक्षाकर्मियों ने हम छात्रों को भद्दी-भद्दी गालियाँ दी तथा लाठी- डंडे से मारे पीटे।

### थाई मांगुर के साथ पकड़े गए आरोपियों की जमानत खारिज

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) देवकांत शुक्ला की अदालत ने प्रतिबंधित थाई मछली के साथ पकड़े गए सिरसागंज, फिरोजाबाद निवासी, समीर खान, नेवरा, पश्चिम बंगाल निवासीगण सफी खान व हसन पियादा एवं दबीपुर, पश्चिम बंगाल निवासी अनीसुर अलमोल्ला की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। एडीजीसी रोहित मौर्या के अनुसार लंका थाना क्षेत्र के रमना चौकी प्रभारी अमित कुमार राय को 28 दिसंबर 2022 को मुखबिर से सूचना मिली कि कोलकाता से एक ट्रक में प्रतिबंधित थाई मछली आ रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने रमना क्षेत्र में घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ लिया। मौके से चार लोगों सिरसागंज, फिरोजाबाद निवासी, समीर खान, नेवरा, पश्चिम बंगाल निवासीगण सफी खान व हसन पियादा एवं दबीपुर, पश्चिम बंगाल निवासी अनीसुर अलमोल्ला को गिरफ्तार कर ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमे थाई मांगुर मछली बरामद हुई। जिस पर मत्स्य विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे मत्स्य विभाग ने निरीक्षण में पाया की ट्रक के दस कुंतल प्रतिबंधित थाई मछली है। जिसके बाद चारो अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था।

# हॉट बैलून रास्ता भटक पहुंचे मुगलसराय

**हवा का रुख बदला**

पांच हॉट बैलून की हरिशंकरपुर में करायी गई लैंडिंग

देखने के लिए ग्रामीणों की जमा हो गई भीड़

पर्यटकों को कार से वाराणसी रवाना किया गया

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** हाट एयर बैलून फेस्टिवल के दूसरे दिन बुधवार को उड़ाये गये हाट बैलून रास्ता भटक कर चंदौली जिले में प्रवेश कर गये। हरिशंकरपुर गांव में पांच हाट एयर बैलून की लैडिंग करायी गई। पहले दिन भी चार हाट एयर बैलून उड़े थे जो रास्ता भटक कर चंदौली जिले में प्रवेश कर गये थे।

बुधवार को वाराणसी से उड़े पांच हाट बैलून रास्ता भटक कर मुगलसराय क्षेत्र के हरिशंकरपुर गांव पहुंच गये। जहां पर उनकी इमरजेंसी लैडिंग करायी गई। यहां से बैलून को समेट कर पर्यटकों को कार से बनारस रवाना किया गया। मंगलवार को भी मुगलसराय के हिनौली, दुलहीपुर, टड़िया और लेढ़आपुर गांव में भी चार हॉट एयर बैलून की लैंडिंग हुई थी। वहीं बुधवार को भी हरिशंकरपुर गांव में पांच हॉट एयर बैलून की लैंडिंग कराई गई। हॉट एयर बैलून की लैंडिंग देखकर चंदौली के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही बड़े- बच्चे सब बैलून को देखने पहुंच गये थे। वाराणसी में 17 जनवरी से हॉट एयर बैलून शो और बोट रेस की शुरूआत हो गई है। वाराणसी के सीएचएस मैदान से फेस्टिवल की शुरूआत की गई। मंगलवार की रात नाइट ग्लो शो का आयोजन किया गया। जिसने काशी की रौनक में चार चांद लगा दिया। शाम के सात बजते ही डीजे, लाइट और 12 हॉट एयर बैलून का अद्भुत नजारा देखने को मिला। 12 बैलूंस कभी साथ में टिमटिमा रहे थे तो कभी एक-एक करके। ये देखकर स्थानीय लोग और पर्यटक मंत्रमुग्ध हो गए। चार दिवसीय एयर बैलून फेस्टिवल और बोट फेस्टिवल का शुभारंभ मंगलवार को हो गया है। हर बैलून में 30 यात्री यात्रा कर सकेंगे। एयर बैलून की सैर के लिए शुल्क निर्धारित कर दिया गया है। हॉट एयर बैलून की सैर के लिए शुल्क निर्धारित कर दिया गया है। पर्यटक 500 रुपये का भुगतान कर 40 मिनट बैलून में उड़ान भर सकेंगे।

### कार्डियक अरेस्ट के दौरान मरीज को राहत देगी मशीन

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से लगातार सुविधाएं बढ़ायी जा रही हैं। इसमें बैंकों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। बुधवार को एक बैंक ने एक आटोमेटेड एकस्टरनल डिफीब्रिलेटर ( एइडी मशीन) दान किया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि इस मशीन से हार्ट पेशेंट को काफी राहत मिलेगी। बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक संदीप कुमार मिश्र ने बताया कि जब किसी मरीज को कार्डियक अरेस्ट आता है तो उस दौरान हार्ट काम करना बंद कर देता है। ऐसे में यह मशीन लगाने से हार्ट को फिर से काम करने में एक बाहरी सपोर्ट मिल जाता है। जिससे तात्कालिक रूप से मरीज को राहत मिल जाती है। बैंक की उप प्रबंधक सोनल सिंह ने बताया कि यह मशीन काफी छोटी है। इसे आराम से कैरी किया जा सकता है। इसे अपने घर या वाहन में रखकर भी मरीज को राहत पहुंचायी जा सकती है।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, दुद्धी, सोनभद्र

पत्रांक: 1683/लेखा-सामग्री आपूर्ति सूचना/2022-23 दिनांक : 13.01.2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड दुद्धी के अन्तर्गत मा0 सांसद निधि योजनान्तर्गत से वर्ष 2022-23 में कराये जाने वाले निम्नलिखित परियोजना के कार्य स्थलों पर सामग्री की आपूर्ति हेतु दरें आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित सामग्री अंश जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में) | धरोहर की धनराशि रू0 में | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत गोरखाड़ में घसिया बस्ती में हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 6.69 | 13380.00 | 1000.00 |
| 2. | ग्राम पंचायत जाबर में प्रा0 वि0 के पास हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 6.69 | 13380.00 | 1000.00 |
| 3. | ग्राम पंचायत पीपरडीह में प्रा0 वि0 के पास हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 6.69 | 13380.00 | 1000.00 |
| 4. | ग्राम पंचायत खजुरी में हरिजन बस्ती ([illegible]) के घर के पास हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 6.69 | 13380.00 | 1000.00 |
| 5. | विण्ढमगंज खेल मैदान के पास हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 6.69 | 13380.00 | 1000.00 |
| 6. | हाथीनाला तिराहे पर मंदिर के पास हाई मास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 6.69 | 13380.00 | 1000.00 |

सामग्री की गुणवत्ता स्टैण्डर्ड मानक/प्राक्कलन के अनुसार होनी चाहिए, जिसका उल्लेख शर्तों में किया गया है। जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड निविदा देने वाली इच्छुक फर्में दिनांक 13.01.2023 से 24.01.2023 के अपरान्ह 1.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें तथा वांछित संलग्नक बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के निविदा बाक्स में किसी भी कार्य दिवस में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 24.01.2023 को सायं 3.00 बजे गठित समिति के द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र क्रय/प्राक्कलन/शर्तों आदि की जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य अवधि में दिनांक 24.01.2023 को प्रातः 12.00 बजे तक विकास खण्ड के कार्यालय/कैशियर से प्राप्त की जा सकती है। आवश्यक नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होंगी। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा फार्म भरा जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
दुद्धी-सोनभद्र

पत्रांक: 1684/लेखा-सामग्री आपूर्ति सूचना/2022-23
दिनांक : 13.01.2023

माघ मास, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 342, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 19 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : गिल ने लगातार 3 छक्के जमाकर पूरा किया दोहरा शतक

अंदर - खतरे में दुनिया भर की देशज भाषाएं

# तीन राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान

## त्रिपुरा में 16, नगालैंड व मेघालय में 27 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

**तैयारी पूरी**

**तीनों राज्यों में कुल वोटर्स की संख्या 62.8 लाख**

**तीनों ही राज्यों के परिणाम 2 मार्च को घोषित कर दिए जाएंगे**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उत्तर-पूर्व के तीन राज्यों नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा जबकि नागालैंड और मेघालय में 27 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। इन तीनों ही राज्यों के परिणाम 2 मार्च को घोषित कर दिए जाएंगे।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने बताया कि इन तीनों ही राज्यों में 60-60 विधानसभा सीटें हैं। तीनों राज्यों में कुल वोटर्स की संख्या 62.8 लाख है। इनमें महिला मतदाताओं की संख्या 31.47 लाख है। तीनों राज्यों में पहली बार वोट डालने वाले वोटर्स की संख्या 1.76 लाख है जबकि 80+ मतदाताओं की संख्या 97 हजार है। मेघालय में साल 2018 में 60 सीटों पर हुए विधानसभा चुनावों में 361 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में कांग्रेस 21 सीटों के साथ सबसे सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी लेकिन उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला। राज्य में भाजपा ने अन्य दलों के साथ मिलकर 34 विधायकों के समर्थन से सरकार बना ली। एनपीपी के कॉनराड संगमा राज्य के मुख्यमंत्री बने। एनपीपी को राज्य में 19 और भाजपा को 2 विधानसभा सीटें नसीब हुई थीं। त्रिपुरा में साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वामदलों के लंबे शासन को खत्म कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 60 में से 36 सीटें मिली थीं जबकि सीपीआई एम (सीपीआई एम)) महज 16 सीटों पर सीमट गई थी। राज्य में आईपीएफटी को 8 सीटें मिली थीं। इस साल होने वाले चुनाव में वामदल और कांग्रेस के गठबंधन कर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही है। नागालैंड में भी एनडीए की सरकार है। यहां साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन वाली एनडीपीपी ने सरकार बनाई। राज्य में हुए चुनाव में एनपीएफ को 26 सीटें मिली थीं जबकि एनडीपी को 18 और भाजपा को 12 सीटें मिलीं। एनपीपी ने दो सीटों पर जीत दर्ज की। चुनाव के बाद एनडीपीपी के नेफ्यू रियो ने सीएम पद की शपथ ली।

### छह राज्यों की सात विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा



नई दिल्ली। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनावों का ऐलान हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को इसका एलान किया। इसके साथ ही उन्होंने छह राज्यों की सात विधानसभा और लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की प्रक्रिया और तारीखों की भी घोषणा की। जिन सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई है उनमें अरुणाचल प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट के साथ ही महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटें शामिल हैं। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की एक लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा की गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इन सीटों पर चुनाव के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगीा। वहीं नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख सात फरवरी है। आठ फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, 10 फरवरी तक नामांकन वापस लिए जा वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। दो मार्च को छह विधानसभा सीटों और एक राज्य की लोकसभा सीट पर उपचुनाव के नतीजों की घोषणा होगी। पांच राज्यों की छह विधानसभा सीटों और एक केंद्र शासित प्रदेश की लोकसभा सीट पर उपचुनाव कराए जाने हैं। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें अरुणाचल प्रदेश की लुमला विधानसभा सीट, झारखंड की रामगढ़, पश्चिम बंगाल की सागरदिघी, तमिलनाडु की इरोड और महाराष्ट्र की दो विधानसभा सीटों कस्बा पेठ और चिंचवड़ में उपचुनाव होना है। इसके साथ ही केंद्र शासित राज्य लक्षद्वीप की लोकसभा सीट लक्षद्वीप के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। लक्षद्वीप सांसद मोहम्मद फैजल को अयोग्य साबित किए जाने के कारण यह सीट खाली हो गई थी। वहीं, अरुणाचल प्रदेश की लुमला(एसटी) विधानसभा सीट विधायक जंबे ताशी के निधन के कारण रिक्त हो गई है। इसी तरह झारखंड की रामगढ़ विधानसभा सीट से विधायक ममता देवी को अयोग्य करार दिया गया था, जिस कारण ये सीट खाली है। वहीं, तमिलनाडु की इरोड(पूर्वी) सीट विधायक थिरुई थिरुमहान की मृत्यु के कारण खाली हो गई थी। बात अगर पश्चिम बंगाल की सागरदिघी सीट की करें तो यह विधायत सुब्रत साह की मौत के कारण खाली हो गई है। वहीं, महाराष्ट्र की कस्बापेठ और चिंचवाड विधान सभा सीटें विधायकों की मौत के कारण रिक्त हो गई हैं।

# यूक्रेन में हेलीकॉप्टर हादसा गृह मंत्री समेत 18 की मौत

नई दिल्ली। यूक्रेन की राजधानी कीव के पास ब्रोवेरी कस्बे में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर के नर्सरी से टकरा जाने से यूक्रेन के गृह मंत्री और 17 अन्य लोगों की मौत हो गई। इस घटना में दो बच्चों की भी जान चली गई है। राष्ट्रपति के एक सहयोगी ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। पुलिस के अनुसार, कीव क्षेत्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर नर्सरी और राजधानी के उत्तर-पूर्व में ब्रोवेरी में एक आवासीय इमारत के करीब आ गिरा। क्षेत्रीय गवर्नर ने कहा कि 15 बच्चों सहित 29 लोग घायल भी हुए हैं। नेशनल पुलिस के हेड इगोर क्लेमेंको ने बताया कि इस हादसे में गृह मंत्री डेनिस मोनास्टिरस्की की मौत हो गई। उनको 2021 में राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के तहत नियुक्त किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री से पहले डिप्टी येवेनी येनिन और मंत्रालय के राज्य सचिव की मौत हो चुकी है। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में एक जलती हुई इमारत दिखाई दे रही है और लोगों को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है। कीव

**दुखद**

**हादसे में 15 बच्चों सहित 29 लोग हुए घायल**



क्षेत्र के गवर्नर ओलेक्सी कुलेबा ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा, इस त्रासदी के समय नर्सरी में बच्चे और कर्मचारी थे। अब सभी को निकाल लिया गया है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण क्या था। रूस की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जिसके सैनिकों ने पिछले फरवरी में यूक्रेन पर आक्रमण किया और यूक्रेनी अधिकारियों ने उस समय क्षेत्र में किसी भी रूसी हमले का कोई रिफरेंस नहीं दिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा, ह्यहम हताहतों और परिस्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने अपोस्ट्रोफ टीवी को बताया, ह्यदुर्भाग्य से यह हेलीकॉप्टर हादसा हुआ है।




# पीएम मोदी ने सांसद खेल महाकुंभ का किया उद्घाटन

**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बजकर 20 मिनट पर वर्चुअल माध्यम से रिमोट दबाकर सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम के मंच से खिलाड़ियों और मौजूद जनसमूह को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में पूरा देश और दुनिया एक नए भारत का गवाह बना। बदलते भारत ने दुनिया को हर क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास कराया है। पूरा विश्व स्वीकार करता है कि यह पीएम मोदी के कारण ही भारत ने दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारी बस्ती महर्षि वशिष्ठ की पावन धरती है। यह साधना तप और त्याग की धरती है। खिलाड़ी के लिए उसका खेल भी एक साधना ही है, एक तपस्या है। सफल खिलाड़ी यह साधना करके ही विजय प्राप्त करता हुआ वह आगे बढ़ता है। सिद्धि हासिल करता है। मुझे खुशी है कि बस्ती में हमारे संसद की मेहनत से कितने विशाल खेल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है।

कहा कि भारत के खेलों में परंपरागत पारंगत स्थानीय खिलाड़ियों को खेल महाकुंभ नई उड़ान का अवसर देंगे। मुझे बताया गया है कि भारत के करीब करीब दो सौ संसदीय क्षेत्र में इसी तरह स्पर्धा आयोजित की जा रही है। सांसद खेल महाकुंभ में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग सेंटर में आगे की ट्रेनिंग के लिए भी चुना जा रहा है। देश की युवा शक्ति को बहुत लाभ होगा। इस महाकुंभ में ही 44000 से ज्यादा युवा हिस्सा ले रहे और मुझे बताया गया कि पिछले साल की तुलना में 3 गुना ज्यादा हैं। आप सभी मेरे सभी दोस्तों को इन खेलों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। अभी मुझे खो-खो देखने का अवसर मिला। हमारी बेटियां चतुराई के साथ और टीम भावना के साथ पूरी तरह खेल रही थी। मुझे भी खो-खो के खेल का आनंद प्राप्त करने का अवसर देने के लिए बहन सभी बेटियों को बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं। जिला स्तर पर 18 से 28 जनवरी तक खेल महाकुंभ चलेगा। इसमें क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 मीटर की दौड़, चक्का फेंक, गोला फेंक, लॉन्ग जंप, हाई जंप, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम बोर्ड, ताइक्वांडो सहित 22 प्रकार के खेल होंगे।



**संबोधन**

**पीएम बोले- देश की युवा शक्ति को होगा लाभ**

## दिल्ली के एलजी को मिलीं नई शक्तियां

**गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना**

**नई दिल्ली।** बीते साल के आखिर में हुए एमसीडी चुनाव के नतीजे आने के बाद से दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच विवाद बढ़ गया है। इस बीच, राष्ट्रपति मुर्मू ने औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य की स्थिति संहिता, 2020 के तहत दिल्ली एलजी, वीके सक्सेना को दो नई शक्तियां दी हैं। राष्ट्रपति ने यह शक्तियां इसलिए दी हैं, ताकि केवल दिल्ली के एनसीटी के उन क्षेत्रों में नियम तैयार किए जा सकें जहां इसकी आवश्यकता है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा अधिसूचनाओं के मुताबिक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव, चंडीगढ़, पुडुचेरी और लक्षद्वीप सहित पांच अन्य केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों और उपराज्यपालों को भी राष्ट्रपति द्वारा समान शक्तियां प्रदान की गई हैं। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जारी दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा गया है कि 'यह निर्देश दिया जाता है कि दिल्ली एलजी अगले आदेश तक इन नियमों के तहत इन शक्तियों का प्रयोग करेंगे और उपयुक्त सरकार या राज्य सरकार के कार्यों का निर्वहन करेंगे।

## भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 22 जनवरी को

**लखनऊ।** भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 22 जनवरी को राजधानी में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के कार्यकाल की यह पहली प्रदेश कार्यकारिणी बैठक होगी। इसमें योगी सरकार के समर्थन में राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया जाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर संगठन की कार्ययोजना भी पेश की जाएगी। कार्यकारिणी की बैठक को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संबोधित करेंगे। बैठक के बाद प्रदेश भाजपा की नई टीम के गठन की कवायद भी शुरू होगी। नई टीम का गठन फरवरी तक हो सकता है। वहीं पार्टी के नए प्रदेश प्रभारी की घोषणा भी जनवरी के अंत हो सकती है।

# हनी ट्रैप में फंसाकर साड़ी कारोबारी की हत्या

## अपहरण वाले दिन ही कर दी थी हत्या, शव को चुनार पुल से नीचे फेंका

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साड़ी कारोबारी महमूद आलम की हनी ट्रैप में फंसाकर गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को मीरजापुर चुनार पुल से गंगा में फेंक दिया गया था। वह उसी महिला के बुलावे पर गया था, जिसने उसे ललचाया था, और उसका अपहरण कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने महमूद आलम से 20 लाख की डिमांड की थी और सौदा आठ लाख में तय हुआ। लेकिन पैसा नहीं मिलता देख अपहरणकर्ताओं ने उसकी हत्या कर दी।

हत्या से पहले रामनगर और बाबतपुर स्थिए एटीएम से 1.90 लाख की निकासी की गयी। हत्या में शामिल पांच लोगों को भेलूपुर पुलिस, एसओजी, क्राइम ब्रांच और सर्विलांस की टीम ने दबोचा। मुख्य अभियुक्तों की पहचान अनुराग पांडेय उर्फ अन्नू, अंजली पांडेय उर्फ दिव्या, प्रवीण कुमार चौहान के तौर पर हुई जबकि दो अन्य की अतुल कुमार और राहुल अग्रहरि के तौर हुई। इन दोनों पर आरोप है कि इनकी दुकान से हत्यारों को कुछ पैसे के लालच में फर्जी आईडी पर सिम उपलब्ध कराया गया था। अभियुक्तों के पास से एटीएम से निकासी के पैसे, एसयूवी वाहन, घड़ी पासपोर्ट, पैन कार्ड, ब्लैंक चेक बरामद हुआ। आगे की कार्रवाई में सभी को जेल भेजा गया। एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को मामले का पर्दाफाश किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने गुनाह कबूल कर बताया कि निजी बैंक का एजेंट बनकर महिला ने कारोबारी को अपने जाल में फंसाया और बीएचयू बुलाया। विश्वनाथ मंदिर के पास से कारोबारी को एसयूवी में बैठाया गया। महिला अंजली पांडेय महमूद आलम के साथ उसके बगल में बैठी। कुछ दूर जाने के बाद अंजली का पति वाहन में सवार हुआ। इसके बाद कारोबारी को कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिलायी गयी और झांसे में लेकर शहर के बाहर निकले। उससे 20 लाख की डिमांड की गयी, सौदा आठ लाख में तय हुआ, लेकिन पैसा नहीं मिलता देख उसकी हत्या तीनों ने कर दी। 14 जनवरी को कारोबारी का अपहरण हुआ था, इस मामले में उसके बेटे ने रात दस बजे भेलूपुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी थी।

**पर्दाफाश**

**डिमांड 20 लाख की, सौदा तय हुआ आठ में फिर भी नहीं बची जान**

**निजी बीमा कंपनी की एंजेट महिला उसका पति और साथी समेत पांच गिरफ्तार**

# जेलों में बंद माफिया की हरकत पर होगी पैनी नजर

## प्रदेश की 30 जेलों में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने और उनके 'अपग्रेडेशन' का होगा काम

**लखनऊ।** यूपी में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने में लगी योगी सरकार लगातार अपराधियों और माफियाओं पर नकेल कस रही है। माफियाओं को एक-एक कर जेल में डाला जा रहा है। जेल में भी इनकी हुकुमत न चले और इनकी पल-पल की हरकतों पर नजर रखने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

प्रदेश की 30 जेलों में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने और उनके 'अपग्रेडेशन' का काम होगा। कई जेलों में यह काम अंतिम दौर में भी है। इसके लिए योगी सरकार ने गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। डीजी जेल के मुताबिक यह कार्य फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। इससे इन जेलों में निरुद्ध माफिया और दुर्दांत अपराधियों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जेल विभाग की ओर से पिछले साल इस संबंध में एक प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए गृह विभाग को करीब 9.76 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया था। अब दूसरे चरण में 20 अन्य जेलों में सीसीटीवी की बढ़ोतरी और पुराने कैमरे बदलने के लिए बजट जारी किया गया है। विभाग ने जेम पोर्टल पर बिड की कार्रवाई शुरू कर दी है, जो अप्रैल तक पूरी हो जाएगी। डीजी जेल आनंद कुमार ने बताया कि प्रदेश की जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कैमरों की संख्या बढ़ाने के साथ उन्हें सर्विलांस से जोड़ने काम युद्धस्तर पर चल रहा है। कुल 30 जेलों में 933 सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं. जिसमें से 670 नए सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं जबकि शेष खराब हो चुके कैमरे बदले जा रहे हैं। सबसे अधिक 46 कैमरे जिला जेल आगरा में लगाए गए हैं। इन सभी कैमरों को जेल मुख्यालय से सीधे जोड़ दिया गया है ताकि मुख्यालय में संचालित कमांड सेंटर में वीडियो वाल के माध्यम से जेलों की सीधी निगरानी 24 घंटे हो सके। जिन जेलों में कैमरे बदले जा रहे हैं उनमें संवेदनशील बांदा जेल भी शामिल है. जहां माफिया मुख्तार अंसारी बंद है।

केंद्रीय जेल आगरा, बरेली, फतेहगढ़, नैनी व वाराणसी में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही जिला जेल आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, सुल्तानपुर, कानपुर, कानपुर देहात, बुलंदशहर, मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, इटावा, गाजीपुर, मिर्जापुर, फैजाबाद, बाराबंकी, कन्नौज, आजमगढ़, सीतापुर, चित्रकूट, गोरखपुर, मुरादाबाद, उन्नाव, बांदा और प्रतापगढ़ में नए सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं जबकि खराब सीसीटीवी को बदला जा रहा है।

**सीएम योगी का फैसला**

**योगी सरकार ने गृह विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी**



### पीएम करेंगे कर्नाटक में 10,800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास

**बेंगलुरु।** पीएम मोदी बृहस्पतिवार को कर्नाटक के यादगिर और कलबुर्गी जिलों का दौरा करेंगे तथा वह इस दौरान 10,800 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कर्नाटक में मोदी का इस महीने इस प्रकार का यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले वह राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन के लिए हुब्बल्लि आए थे और उन्होंने इस दौरान एक रोड शो भी किया था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार पीएम दोपहर करीब 12 बजे यादगिर जिले के कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे व उनका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री अपराह्न करीब सवा दो बजे कलबुर्गी जिले के मालखेड पहुंचेंगे, जहां वह हाल में घोषित राजस्व गांवों के पात्र लाभार्थियों को मालिकाना हक वितरित करेंगे।

# प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक मदद

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार 15 जनवरी को पड़ोसी देश नेपाल के पोखरा हुई विमान दुर्घटना में मारे गए गाजीपुर जिले के चार लोगों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद देगी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अपनी घोषणा में कहा है कि मृतक पार्थिव शरीर को जिले में लेकर आने तक का सारा खर्च उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा वहन किया जाएगा।

इसके साथ ही प्रत्येक मृतक के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक सहायता धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि नेपाल के पोखरा में रविवार को हुए विमान हादसे में सवार 72 यात्रियों में से 68 की मौत हो चुकी है। मृतकों में पांच भारतीय भी शामिल थे। चार यात्रियों की तलाश अब भी जारी है। यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार सुबह 10:33 बजे उड़ान भरी और उतरने से कुछ मिनट पहले पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**पहल**

**पार्थिव शरीर को लेकर आने तक का सारा खर्च यूपी सरकार के द्वारा वहन किया जाएगा**

### आप विधायक ने सदन में दिखाई नोटों की गड्डियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रिठाला से आम आदमी पार्टी (आप) विधायक मोहिंदर गोयल ने सदन में रिश्वत में मिली नोटों की गड्डी दिखाई। विधायक ने पूरा मामले बताते हुए कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में नर्सिंग समेत कई पदों पर भर्ती के लिए टेंडर निकला है। इसमें बड़े स्तर पर पैसों की उगाही होती है। आप विधायक ने कहा कि सरकार का क्लौज है कि 80 फीसदी पुराने कर्मचारियों को रखना है, लेकिन ऐसा नहीं होता। इसमें बड़े स्तर पर उगाही होती है। नौकरी हो जाने के बाद भी कर्मचारियों को पूरे पैसे नहीं मिलते। ठेकेदार उनमें से बहुत पैसे खुद ले लेते हैं। कर्मचारी इस मामले को लेकर अस्पताल में स्ट्राइक पर बैठे, वहां उनके साथ मारपीट हुई। मोहिंदर गोयल के मुताबिक, उन्होंने इसकी शिकायत डीसीपी, मुख्य सचिव और उपराज्यपाल तक से की थी। उन्होंने मुझसे सेटिंग की कोशिश की कि विधायक को भी मिला लें। दिल्ली विधानसभा के अंदर हंगामे को लेकर बीजेपी के चार विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया है।

# किसानों का 26 को बड़ी रैली का ऐलान

## हरियाणा के जींद में होगी किसानों की बड़ी रैली, किसान बढ़ाएंगे सरकार की परेशानी

**फरीदाबाद।** किसानों द्वारा तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ अपना आंदोलन वापस लेने के एक साल के बाद, किसान निकायों ने 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा के जींद में एक मेगा रैली की योजना बनाई है। इस रैली में हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के किसानों के भाग लेने की उम्मीद है।

पंजाब और हरियाणा में जमीनी स्तर पर संगठनात्मक संरचना देने के लिए किसान निकायों ने कई ग्राम-स्तरीय इकाइयों का गठन किया है। हिसार के किसान नेता सुरेश कोठ का कहना है, किसानों ने एक बड़े आंदोलन को शुरू करने के लिए एक मजबूत संगठन के महत्व को महसूस किया है। हमारे आंदोलन के बाद 1 दिसंबर, 2021 को रद्द किए गए कानूनों के जैसे ही दूसरे कानूनों को फिर से लाने का प्रयास किया गया था।

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ साल भर चले आंदोलन के दौरान भी हरियाणा का जींद किसानों की प्रभावशाली भागीदारी के साथ आंदोलन के एक केंद्र के रूप में उभरा था। उसकी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जींद हरियाणा में रैलियों के लिए एक आदर्श स्थान है। इसके अलावा, पंजाब से इसकी निकटता भी आयोजकों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। रैली का आयोजन खेती से जुड़े मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के लिए किया जाएगा। फसलों के टरढ (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी। सूत्रों का कहना है कि किसान यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह को हटाने की भी मांग कर सकते हैं। जींद रैली में किसानों की ट्रैक्टर परेड भी निकाली जाएगी।

संयुक्त किसान मोर्चा 26 जनवरी को हरियाणा के जींद में एक किसान महापंचायत का आयोजन करेगा। किसान 26 जनवरी को देशभर में अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शन करेंगे। राकेश टिकैत ने बताया था कि 26 जनवरी को हरियाणा के जींद में किसानों ने बड़ी रैली करने का निर्णय लिया है। इस रैली में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश तक के किसान शामिल होंगे। वहीं बाकी राज्यों के प्रत्येक जिले में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। जींद के एक किसान नेता आजाद पलवा ने कहा कि दिसंबर 2021 में तीन कानूनों के खिलाफ अपना आंदोलन समाप्त करने के बाद 26 जनवरी की रैली हरियाणा में किसानों की सबसे बड़ी घटना होगी। रैली से पहले, गांवों में बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

**तैयारी**

**संयुक्त किसान मोर्चा की किसान महापंचायत**



## संक्षेप

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारी जाए : डीएम



**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने बुधवार को अर्दली बाजार के एलटी कालेज परिसर में स्थित सिकरौल कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। स्कूल परिसर में पहुंचते ही उन्होंने गंदगी देखकर नाराजगी जतायी और हेड मास्टर बाबू लाल यादव को सफाई व्यवस्था ठीक रखने और स्कूल द्वारा श्रमदान कर साफ सुथरा रखने की हिदायत दी। निरीक्षण करते हुए कक्षा पांच में पहुंचे जहां शिक्षिका गणित पढ़ा रही थीं, कक्षा में केवल 10 बच्चे पढ़ रहे थे। जिलाधिकारी ने टीचर से लेसन प्लान मांगा जो नहीं बनाया गया था। बच्चों से किताब लेकर ब्लैक बोर्ड पर चार अंकों का मल्टीप्लाई का सवाल दिया, जिसे शफक नाम की बच्ची ने सही-सही हल कर दिया। इसके बाद और बच्चों से भी सवाल लगवाये। कक्षा आठ में टीचर आभा सिंह मैथ पढ़ा रही थीं क्लास में 22 में से सात बच्चे उपस्थित रहे। उपस्थित बच्चों से गणित के सवाल हल कराये। उन्होंने मिड-डे-मील के बारे में पूछा तो पता चला कि सही सप्लाई होने वाले भोजन की गुणवत्ता बहुत खराब है, जिसकी बच्चों ने खुद शिकायत की और खाने से इन्कार किया। इसके बाद मौके पर डीएम ने उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि यहां मिड-डे-मील की गुणवत्ता स्वयं देखें और परिसर में मिड-डे-मील की आपूर्ति करने किचेन अक्षय पात्र से उपलब्ध कराने को कहा। शैक्षणिक कार्य को आडियो विजुअल के माध्यम से पढ़ाने की व्यवस्था करने और लेसन प्लान तैयार कराने का निर्देश दिया।

### परीक्षण को लैब भेजे 400 सैंपल



**वाराणसी।** जनपद के खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों की जांच व सैंपलिंग अभियान में बुधवार तक कुल 400 सैंपल एकत्र किये गये। इन नमूनों को परीक्षण के प्रयोगशाला भेजा गया। उनमें दूध, खोवा, पनीर, घी, आयोडाइज्ड नमक, चाय, फूड कलर, शहद, खाद्य मसाले, दाल, कन्फेक्शनरी व बेकरी उत्पाद, नमकीन व कचरी, कत्था एवं पान मसाला आदि के सैंपल थे। विभाग के सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह की देखरेख में यह मुहिम चलायी गयी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित के नेतृत्व में जांच दलों में राजू पाल, योगेश कुमार राय, गोविंद यादव, अवनीश सिंह, मानवेंद्र कुमार सिंह, रजनीश कुमार, सीताराम सिंह कुशवाहा, बेबी सोनम, रीता, शीत कुमार सिंह आदि शामिल रहे।

### औद्योगिक इकाइयों और गोदामों की हुई जांच

**वाराणसी।** शासन से अनुदान पर उपलब्ध करायी जाने वाली यूरिया का दुरुपयोग रोकने और विभिन्न सामग्री में उसकी मिलावट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में छापेमारी की गयी। उन संस्थानों में पेंट, वार्निश, मुद्रण स्याही, लिबास चादरें, प्लाईवुड, लेमिन बोर्ड, पार्टीकल बोर्ड, कैटल फीड, कुक्कुट फीड, साबुन आदि का परीक्षण किया गया। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य ने बताया कि कुल 15 औद्योगिक इकाइयों और उनके गोदामों की जांच की गयी। उनमें से किसी भी संस्थान में तैयार होने वाले प्रोडक्ट में यूरिया की मिलावट नहीं पायी गयी। जांच टीम में उर्वरक निरीक्षक, तहसीलदार एवं उद्योग विभाग के अफसर शामिल रहे। उन्होंने बताया कि अवैध ढंग से उर्वरक का कारोबार और उर्वरकों की कालाबाजारी पर लगाम कसने के लिए इस प्रकार का अभियान जारी रहेगा। वर्तमान में जनपद में सभी प्रकार के उर्वरक न सिर्फ उपलब्ध हैं बल्कि जनपद में कोई कमी नहीं है।

### जी-20 और समावेशी विकास की चुनौतियों पर डिबेट

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बुधवार को 'जी-20 और समावेशी विकास की चुनौतियां' विषय पर डिबेट का आयोजन हुआ। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने कहा, जी-20 समूह व्यापार, स्वास्थ्य, वित्तीय संकटों से सुरक्षा एवं वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के समन्वयक अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉक्टर गंगाधर ने स्वागत भाषण किया। संचालन पी पीएचडी कोर्स वर्क की छात्रा श्वेता शुक्ला और केतन गिरि ने व धन्यवाद ज्ञापन अनुप्रिया ने किया।

### अस्सी घाट पर चित्रकला कार्यशाला आयोजित

**वाराणसी।** अस्सी घाट पर बुधवार चित्रकला कार्यशाला का आयोजन हुआ। चित्रकला कार्यशाला का आयोजन डॉ. शारदा सिंह के संयोजन में किया गया। इसमें शहर के चित्रकारों ने भाग लिया। साथ ही आस-पास के जिलों के चित्रकारों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, कार्यशाला के उपरांत आगामी 3, 4, 5 फरवरी को होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्कील डेवलपमेंट वर्कशॉप के प्रस्तावित कार्यक्रम की भी चर्चा हुई। इस अवसर पर एलएडब्ल्यू द्वारा प्रत्येक प्रतिभागियों को स्वच्छता अभियान के तहत जूट के झोले उपलब्ध कराया गए। मौके पर कलाकार प्रवीन कराकर, मोहम्मद कौसर हुसैन, और मोमिता घोष के साथ तारा कुमारी, ब्रिज मोहन चौबे, कृष्ण मोहन मिश्र, अरूण विश्वकर्मा, भारती कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### अवैध चबूतरा कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा बुधवार को नगवां क्षेत्र की एक गली में निर्मित अवैध चबूतरा ध्वस्त करवाया गया। रविदास घाट से रविदास पार्क तक मार्ग से अतिक्रमण हटवाया, ट्रामा सेंटर से सीर गोवर्धन संत रविदास मंदिर तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाते हुए दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया। साथ ही एक गाड़ी से अधिक सामान जब्त कर मार्ग में जितनी भी झुग्गियां बनाई गई थी उन्हें आज शाम तक हटवाया। इसके अलावा चेतमणि चौराहा से आवास विकास भवन तक अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ अभियान चलाते हुए तमाम दुकानदारों का अतिक्रमित सामान हटवा कर मार्ग खाली करवाया, गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को जुर्माना किया, नई सड़क से कोदई चौकी मार्ग पर ट्रांसफार्मर के नीचे ठेले और काउंटर हटवाकर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इस दौरान कुल जुर्माना राशि 1,600 रुपये वसूल की गई।

### कैटल कैचर का हो रहा प्रयोग

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक के विभिन्न गांवों से छुट्टा पशुओं को पकड़कर निराश्रित गोवंश आश्रय केंद्रों का भेजा जा रहा है। विकास खंड के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरए चौधरी ने बताया कि बुधवार को गौराकला स्थित राजमार्ग से गोवंशों की धर-पकड़ कर कैटल कैचर के जरिये सीवों स्थित गौशाला भेजा गया। उन्होंने बताया कि राजमार्गों से पकड़े जाने वाले पशुओं के उठान का खर्च जिला पंचायत के जिम्मे है। जबकि ग्रामीण इलाकों से पकड़े गये छुट्टा पशुओं को लाने में वाहन के ईंधन का व्यय संबंधित ग्राम पंचायत से मिलेगा।

### जी-20 के प्रचार के लिए चार अध्यापकों का चयन

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विवि में बुधवार को कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी द्वारा जी-20 सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विवि के चार अध्यापकों को चयनित किया गया है। इसमें वेदांत विभाग के आचार्य प्रो. राम किशोर त्रिपाठी, न्याय वैशेषिक के आचार्य प्रो. रामपूजन, तुतलात्मक दर्शन के आचार्य प्रो. हरि प्रसाद अधिकारी और समाजिक विज्ञान के आचार्य प्रो. शैलेश कुमार को चुना गया है।

# सारनाथ में सरकारी जमीनें चिह्नित करें

**जनसंदेश न्यूज**

**निरीक्षण**

**मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने इलाके का भ्रमण कर प्रस्तावित परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशीं**

**धार्मिक कार्यों के लिए कई जगह काबिज लोगों से जमीन के कागजात तहसील में जमा करने को कहा**

**वाराणसी।** सारनाथ क्षेत्र में प्रस्तावित फ्लाईओवर, पार्किंग स्थल और अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कार्यक्रम के उद्देश्य से उपलब्ध जमीनों का बुधवार को कमिश्नर कौशल राज शर्मा निरीक्षण किया। ताकि कम से कम निर्माण के लिए प्रस्तावित प्रोजेक्ट तैयार करना संभव हो। इस दौरान उन्होंने बताया कि इलाके में सभी निर्माण पूरी तरह इकोफ्रेंडली होगा। प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य दक्षिण-एशियाई देशों के अधिक से अधिक लोगों को सारनाथ भ्रमण को आकर्षित करना है।

मंडलायुक्त ने मुआयने के दौरान सारनाथ स्तूप के निकट धार्मिक क्रियाकलापों के लिए जमीन पर काबिज लोगों से भूमि के कागजात संबंधित तहसील में उपलब्ध कराने को कहा जिससे मौजूद रिकॉर्ड से उनका मिलान किया जा सके। उन्होंने मूलगंधकुटी विहार, सारनाथ बांस वन, बिड़ला धर्मशाला, महाबोधि विद्यालय एवं इंटर कॉलेज, आवासीय क्वार्टर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पार्किंग स्थल व पर्यटक पुलिस थाना आदि का जायजा लिया। उन्होंने तीन दिन बाद बैठक कर संबंधित विभागों को कागजात की पूरी जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिये। सारनाथ प्रतिनिधि के मुताबिक निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने क्षेत्र के घुरहूपुर, बईरपुर, गंज, में सरकारी भूमि को चिह्नित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मौके पर बताया कि पर्यटन विकास के लिए सारनाथ के बौद्ध दर्शन पर आधारित ओपन थिएटर, पार्किंग, फूड प्लाजा आदि का निर्माण प्रस्तावित है। इस बारे में स्थानीय बौद्ध मठों को भी जानकारी दी गयी है।

## नमो घाट पर पहले से लगी मूर्तियां करेंगे शिफ्ट

**मौका-मुआयना**

**मंडलायुक्त ने घाट के पुनर्विकास कार्य का लिया जायजा**

**घाट परिसर में दर्ज बंजर जमीन से हटाएंगे अवैध निर्माण**



कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बुधवार को नमो घाट के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बुधवार को नमो घाट पुनर्विकास कार्यों का मौका-मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्यों का चरणबद्ध विवरण की जानकारी ली। उन्होंने परिसर में दर्ज बंजर भूमि पर बने अवैध निर्माण को तत्काल हटवाने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने निरीक्षण करते हुए निमार्णाधीन विसर्जन कुंड की परिधि में पौधे लगाने और आवागमन के लिए एप्रोच रोड बनाने को कहा। उन्होंने नमो घाट फेज-2 के कार्य में निमार्णाधीन संसाधनों का बाढ़ के उच्चतम स्तर के अनुसार करने के लिओए विकल्प देखने पर जोर दिया। साथ ही घाट परिसर परिधि में पार्किंग स्थलों की संभावनाएं तलाशने तथा संबंधित प्रस्तावों पर कार्य कराने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने घाट परिसर में विभिन्न स्थान पर पहले से लगी मूर्तियों को वहीं के एक मंदिर में स्थापित करने के निर्देश दिये। घाट से जुड़े कार्य में पार्क एवं ग्रीन एरिया अधिक क्षेत्रफल में जोड़ने को कहा। घाट के पिछले हिस्से में सभी स्टॉर्म वॉटर ड्रेन को सर्फेस ड्रेन का निर्माण कर चैनलाइज करने को कहा।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज आएंगे

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार की शाम वाराणसी आएंगे। इस बारे में बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों ने तैयारी बैठक की। मौके पर बताया गया कि श्री नड्डा सायं सात बजे बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचने के बाद जिले में रात्रि विश्राम करेंगे। 20 जनवरी को वह पूर्वाह्न दस बजे काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। वह 11 बजे पुलिस लाइन से हेलिकॉप्टर से गाजीपुर जाएंगे। अपराह्न 3 बजे भाजपा जिला कार्यालय, गाजीपुर पहुंचेंगे जहां वे लोकसभा संचालन समिति एवं जिला पदाधिकारीयों की बैठक में शामिल होंगे। श्री नड्डा अपराह्न 3.30 गाजीपुर हैलिपैड से रवाना होकर 4 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से वे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। अपराह्न तीन बजे गाजीपुर से उनकी वापसी होगी। जनपद में उनके आगमन के दौरान विभिन्न स्थान पर पार्टी वर्कर उनका स्वागत करेंगे।

### कार्यों का खाका तय करेंगे कंसल्टिंग इंजीनियर

**चिरईगांव।** ओडीएफ प्लस के लिए चयनित ग्राम पंचायतों में कार्यों का इस्टीमेट आदि तैयार करने के लिए स्थानीय विकास खंड में तैनात कंसल्टिंग इंजिनियर्स को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस बारे में स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक अनुज कुमार झा की ओर से जारी संबंधित दिशा-निर्देश चिरईगांव विकास खंड को भी उपलब्ध कराया गया है। एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लॉक में तैनात दो कंसल्टिंग इंजिनियर्स ओडीएफ प्लस के लिए एसबीएम-2 के तहत पांच और नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 21 ग्राम पंचायतों में कराये जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तय करेंगे।

### संस्थापक को दी श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** बीएचयू की महामना मालवीय मिशन इकाई की ओर से बुधवार को शोकसभा हुई। मिशन के सदस्य एवं संरक्षक रहे पन्नालाल जायसवाल के निधन पर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वैदिक विज्ञान केंद्र में यह आयोजन था। मौके पर मिशन अध्यक्ष प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रो. राजकुमार मिश्र, प्रो. मृत्युंजय देव पांडेय, सीएम सिंह, प्रो. लल्लन मिश्र, विष्णुदेव उपाध्याय, प्रो. एवं पवन कुमार मिश्र आदि की उपस्थिति रही।

### 'वर्तमान जीवन शैली व योग' पर कार्यशाला आयोजित

**रोहनिया।** जक्खिनी स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला 'वर्तमान जीवन शैली एवं योग' का आयोजन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उमाशंकर गुप्ता द्वारा मुख्य वक्ता डॉ. रणधीर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य वक्ता डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज भैरव तालाब के शारीरिक शिक्षा विभराग के एसोसिएट प्रो. व विभागाध्यक्ष डॉ. रणधीर सिंह ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली ने मनुष्य को कमजोर कर दिया है और मानव शरीर को रोग एवं बीमारियों का भंडार गृह बना दिया है। आवश्यकता है कि छात्र छात्राएं अपने प्रतिदिन के क्रियाकलापों में योग को सम्मिलित करें। संचालन डॉ. आभा गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक डॉ. केके उजाला ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. कामना सिंह, डॉ. शरद कुमार, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 60 फीसदी बसें फिटनेस के मानक पर फेल

**रोडवेज का हाल**

**वाराणसी परिक्षेत्र से संचालित होने वाली 60 फीसदी बसों में न तो अग्निशमन यंत्र न ही प्राथमिक उपचार बॉक्स**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का दम भरता है, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। वाराणसी परिक्षेत्र के तहत आने वाले 60 फीसदी बसों में आग से बचाव का कोई उपकरण नहीं है।

एक ओर जहां यात्रियों की सुरक्षा को लेकर परिवहन निगम व यातायात विभाग द्वारा यातायात माह मनाया जा रहा है, वहीं रोडवेज के बेड़े में शामिल बसों के अंदर से अग्निशमन यंत्र व प्राथमिक उपचार बाक्स शोपीस बने हुए हैं।

अधिकारियों के साथ चालक-परिचालक यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में कभी भी कोई हादसा होने पर तत्काल कोई सहूलियत यात्रियों को नहीं मिल सकती है। कैंट बस अड्डे से रोजना रवाना हो रही रोडवेज बेड़े में शामिल अनुबंधित बसें राम भरोसे चल रही है।

यहां से चलने वाली 48 बसें और जनरथ व साधारण बसों से रोजना जारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है।

**अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार बॉक्स नदारद**

वाराणसी परिक्षेत्र से संचालित 60 फीसदी बसें फिटनेस के मानक पर खरी नहीं हैं। बसों में न तो अग्निशमन यंत्र लगे हैं और न ही प्राथमिक उपचार बाक्स में ही कुछ है। कई में बाक्स तो लगा है लेकिन उनमें दवाओं की जगह कपड़े व अन्य सामान रखे हैं। एमडी के सख्त आदेश के हैं कि रोडवेज बेड़े में शामिल बसों में अग्निशमन यंत्र व प्राथमिक उपचार बाक्स में दवाएं होनी चाहिए। बावजूद इसके अधिकारियों की उदासीनता के चलते जैसे-तैसे काम चलाया जा रहा है।

> बसों में किसी भी परिस्थिति से बचाव के लिए सभी तरह के इंतजाम किये जाते हैं अगर ऐसा नहीं है तो इसपर जल्द ही वहां के लोगों से वात की जायेगी।
>
> **अजीत सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी, उ.प्र.रा.स.प.नि**

## संक्षेप

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद आज आएंगे

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दो दिनी दौरे पर गुरुवार को आएंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वह लखनऊ से अपराह्न 2.20 बजे बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचेंगे। उसके बाद 2.55 बजे सर्किट हाउस सभागार में ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। श्री मौर्य शाम 5.20 बजे बाबतपुर हवाईअड्डे पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे और उनके साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### क्रिगिस्तान के प्रतिनिधि मंडल ने किया भ्रमण

**वाराणसी।** शंघाई सहयोग संगठन के क्रिगिस्तान से आये डेढ़ दर्जन प्रतिनिधियों और दो अफसरों ने बुधवार को विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। वह काशी विश्वनाथ मंदिर, गोइठाहा एसटीपी, रुद्राक्ष, सारनाथ, काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर आदि जगहों पर पहुंचे। उन्होंने सिगरा स्थित त्रिनेत्र भवन में स्मार्ट सिटी, नमामि गंगे, सिंचाई, वाराणसी क्रूज समेत अन्य परियोजनाओं का प्रेजेंटेशन देखा। उन्होंने जनपद की परियोजनाओं और कार्य योजनाओं को सराहा। सारनाथ प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय क्षेत्र में दल ने पुरावशेष स्थल, संग्रहालय आदि देखे। साथ ही भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने मत्था टेका। इस मौके पर उप निदेशख पर्यटक प्रीति श्रीवास्तव भी थीं।

### अधिशासी अभियंता कार्यालय का किया घेराव

**वाराणसी।** बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय विद्युत वितरण खंड-द्वितीय के कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। विद्युत दुर्घटना में मृत लाइनमैन सुरेंद्र पटेल के परिवार को छह माह बीतने के बाद भी कोई भुगतान न करने समेत संविदा कर्मचारी को निकाले जाने के विरोध में यह प्रदर्शन था। आंदोलित कर्मचारियों के उग्र तेवर देखकर अधिशासी अभियंता दफ्तर से चले गये। इस मौके पर विद्युत मजदूर संगठन के पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय, मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, राहुल कुमार, संजय सिंह, घनश्याम, रंजीत पटेल आदि ने चेताया कि यदि गुरुवार तक पहल नहीं हुई तो संगठन बाध्य होकर विभाग के अन्य दफ्तरों का घेराव भी करेगा।

### संदीप लगातार दूसरी बार जीते

**वाराणसी।** गोलघर स्थित पराड़कर भवन में आनंद चंदोला खेल महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को मीडिया शतरंज की उपाधि लगातार दूसरी बार संदीप ने जीत ली। वहीं, कैरम में गत चैंपियन संदीप व आर. संजय के बीच खिताबी भिड़ंत तय हो गयी।

### सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

**पिंडरा/ बड़ागांव।** बुधवार को बड़ागांव और पिंडरा विकास खंड मुख्यालय पर सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। दोनों स्थान पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ. अवधेश सिंह की उपस्थिति रही। पिंडरा में 35 जोड़े जन्म-जन्मांतर के रिश्ते में बंधे। जबकि बड़ागांव में 35 जोड़ों की शादी हुई।

### सर्वाइकल कैंसर को लेकर किया जागरूक

**वाराणसी।** वसंत महिला महाविद्यालय में महिला विकास प्रकोष्ठ एवं अश्व संस्था के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को सर्वाइकल कैंसर पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर सेंटर के प्रसूतिशास्त्री मुख्य अतिथि डॉ. विभा मिश्रा ने सर्वाइकल कैंसर से संबंधित जानकारी को छात्राओं के समक्ष साझा की। उन्होंने वर्तमान स्थिति तक के कैंसर की संपूर्ण कारण, रोग एवं बचाव संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। इसके अंतर्गत लक्षणों एवं डॉक्टरी परामर्श के बारे में भी अपने विचार रखें। मौके पर सारिका सिंह और डॉक्टर अलका सिंह ने भी अपने विचार रखें। समाजशास्त्र विभाग की डॉ. आकांक्षा द्वारा मुख्य अतिथि एवं वक्ता का परिचय दिया। संचालन राजनीति शास्त्र विभाग की डॉ. प्रीति सिंह व धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. योगिता बेरी ने किया।

### एकत्व से ब्रह्मांड की उत्पत्ति

**वाराणसी।** बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र में बुधवार को 'वैदिक ब्रह्मांड विज्ञान' विषयक व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के पूर्व सदस्य चंद्रमणि सिंह ने कहा कि एकत्व से ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई है। यजुर्वेद के ईशावास्योपनिषद के श्लोक संपूर्ण ब्रह्मांड विज्ञान का परिचय कराते हैं। ऋग्वेद के सूत्रों में वर्णित सोम वह ऊर्जा है जो सितारों को ऊर्जा देती है। आधुनिक विज्ञान के वैज्ञानिकों के शोध भी वेदों में वर्णित विज्ञान को ही बताते हैं। कार्यक्रम में बिहार गोपालगंज के पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णुदेव उपाध्याय के विशिष्ट आतिथ्य में प्रो. लल्लन मिश्र, वैदिक विज्ञान केंद्र समन्वयक प्रो. उपेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ. नायायण प्रसाद भट्टराई आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

# समस्याओं का सौरभ ने किया निस्तारण



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने बुधवार को गुरुधाम स्थित प्रधानमंत्री के जनसम्पर्क कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए कई समस्याओं का निस्तारण किया। पूर्वाह्न 11 से अपराह्न तीन बजे तक लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उनहोंने पानी, सीवर, बिजली, सड़क, भूमि विवाद, चिकित्सा जैसी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर जल्द से जल्द निस्तारण का निर्देश दिया, कई मामलों का उन्होंने त्वरित िनस्तारण किया। जनसुनवाई में विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ सहयोग के लिए अभिषेक मिश्रा, राजीव पटेल, हतिक मिश्रा उपस्थित रहे।

## कैंट रेलवे स्टेशन के बाहर से हटवाएं अवैध स्टैंड : डीएम

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने बुधवार को विकास भवन सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि आगामी जी-20 व स्मार्ट सिटी के तहत शहर में कराये जाने वाले कार्य जल्द पूर्ण होकर दिखने लगेंगे। इस मौके पर उन्होंने पीएमओ से प्राप्त विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कैंट रेलवे स्टेशन के बाहर संचालित अवैध स्टैंड व स्टेशन पर टूरिस्ट पुलिस के निष्क्रियता की मिली शिकायत के बारे में रेलवे के अफसरों को जानकारी देते हुए समाधान कराने को कहा। साथ ही कैंट व बनारस रेलवे स्टेशन परिसर में इधर-उधर मूत्र विसर्जन को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने पर बल दिया। बनारस रेलवे स्टेशन पर पर्यटन विभाग का एक काउंटर लगाने व टूरिस्ट पुलिसिंग सक्रिय रहने के निर्देश दिये। इस स्टेशन पर उन्होंने एसएचजी एवं ओडीओपी उत्पाद के काउंटर खोलने को कहा। मीटिंग में उन्होंने कई अन्य निर्देश भी दिये।

# कृषि उत्पाद निर्यात को एयर कार्गो की मिलेगी सौगात

**बाबतपुर।** कृषि उत्पाद निर्यात के लिए जल्द ही बाबतपुर एयरपोर्ट से एयर कार्गो की सौगात दी जायेगी, बुधवार को बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दो मीट्रिक टन हरि मिर्च की खेप को झंडी दिखाकर शारजाह के लिए एयरइंडिया के विमान से रवाना करने के दौरान कही।

लालबहादुर शास्त्री अंतरास्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का निदेशक अर्यमा सान्याल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट का निरीक्षण भी किया। कृषि मंत्री ने पूर्वांचल के कृषि उत्पाद निर्यात हेतु एयर कार्गो भवन में सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दिया, वहीं हवाई अड्डे से जल्द ही सीधे कार्गो विमान सेवा प्रारम्भ करने हेतु दिशा निर्देश देते हुए बताया कि एपीडा के माध्यम से एफ पीओ सेंटर बनाये जा रहे हैं जिससे किसान जुड़ कर अपने खेतों में उगाई जाने वाले फसलों को सीधे अंतरास्ट्रीय बाजारों में बेच कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं। बतादे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को कृषि निर्यात का हब बनाने के लिए निरन्तर प्रयास चल रहे है। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई आवश्यक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं जिससे पूर्वांचल और बिहार के किसानों की निर्यात संबंधित मुश्किलें खत्म होने की संभावना है वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और विभिन्न विभागों व सहयोगी संस्थाओं की पहल पर यह सफलता मिल रही है इसमें केंद्र सरकार प्रदेश सरकार के कई महकमें तमाम निर्यातक संगठन एवं कृषक उत्पादन संगठन (एफपीओ) शामिल है। पिछले वर्ष 19 जनवरी को हवाई अड्डे पर एयर कार्गो टर्मिनल भवन में कस्टम क्लीयरेंस क्वारंटाइन क्लीयरेंस कोल्ड रूम हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया था।



**कोल्ड चेंबर की गुणवत्ता की कृषि मंत्री ने ली जानकारी**

किसानों की सुविधा के लिए हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल भवन में तीस लाख रुपए की लागत से पाँच टन की क्षमता वाला कोल्ड चेंबर का निर्माण भी कराया गया है। कृषि मंत्री ने उक्त कोल्ड चेंबर की क्षमता व गुणवत्ता के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी लेते हुए किसानों को मिलने वाले लाभ के बारे में जाना। कृषि मंत्री ने बताया कि वाराणसी को कृषि निर्यात हब बनाए जाने की प्रक्रिया में पिंडरा के एग्रोपार्क करखियाव में जमीन अधिग्रहण कर ली गई है जहां पर पैकहाउस का निर्माण किया जाएगा। पैकहाउस के बन जाने से किसानों को अपनी फसल व सब्जियों के निर्यात करने में काफी राहत मिलेगी।

### महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षित रखने का लिया संकल्प

**वाराणसी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को सप्ताहव्यापी बालिका सुरक्षा सप्ताह का आरंभ किया गया। इसकी पहली कड़ी में प्रथम दिन जिला प्रोबेशन कार्यालय की ओर से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की थीम पर महिला सुरक्षा तथा स्वालंबन के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कलेक्ट्रट में डीएम एस. राजलिंगम और विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने हस्ताक्षर कर आयोजन का शुभारंभ किया। उन्होंने आह्वान किया कि सभी संकल्प लें कि हम महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षित रखेंगे। उन्हें शिक्षित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ेंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय ने कहा कि सात दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उनमें आमलोगों समेत अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के अफसर व कर्मचारियों की भागीदारी होगी। महिला कल्याण अधिकारी अंकिता श्रीवास्तव ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर उन्हें सशक्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक रेखा, प्रियंका, कमल, विशाल, अरविंद आदि भी थे।

# लिनन सफाई पर अधिकारी नाखुश, लगाया जुर्माना

**निरीक्षण**

**पर्यवेक्षक व अन्य कर्मचारियों पर भड़के एडीआरएम व स्टेशन निदेशक**

**बोले यात्री सुविधाओं की अनदेखी करने वाले कर्मचारी कार्रवाई को रहें तैयार**

**वाराणसी।** यात्री सुविधाओं में लापरवाही करने वाले किसी भी कर्मचारियों का बख्शा नहीं जायेगा, बुधवार को कैंट स्टेशन स्थित मैकेनाइज्ड लिनन वाशिंग की व्यवस्था देखने पहुंचे वाराणसी एडीआरएम लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने सभी को सख्त लहजे में इस बात का संकेत दिया।

वॉशिंग केंद्र पहुंचे दोनों अधिकारियों ने वहां धुलने वाली चादरों की स्थिति देखी, धुलाई में असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने ठेकेदार पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही उन्होंने वहां कार्य कर रहे कर्मचारियों को भी सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगर यात्री सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही की गयी तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। सफाई कार्य में लगे पर्यवेक्षक को मशीन के अतिरिक्त हैंडवॉश की गति की गुणवत्ता बढ़ानें का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ट्रेनों में सप्लाई के लिए पैकेट में रखे गये लिनन का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें असंतोष व्यक्त करते हुए दस हजार रुपये का ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया, इससे साथ ही केमिकल, डिटरजेंट पाउडर, की क्वालिटी को भी देखा गया। बताया कि इस प्लांट में प्रतिदिन दो हजार लीटर पानी की खपत होती है,जिसकी उचित व्यवस्था का निरीक्षण किया।



मैकेनाइज्ड लिनन वाशिंग का निरीक्षण करते एडीआएम व स्टेशन निदेशक

**एक नजर लिनन वाशिंग पर**

वाराणसी जंक्शन पर प्रतिदिन दो हजार लिनन पैकेट की धुलाई होती है, एक लिनन पैकेट में दो बेडशीट, एक पीलो कवर, एक हैंड टॉवेल रखा जाता है, जिसे प्रत्येक यात्रा के बाद धुल दी जाती है।

**प्लांट की स्थिति**

मैकेनाइज्ड वाशिंग प्लांट में कुल पांच वाशिंग मशीन, चार ड्रायर, पांच कैलेन्डर (प्रेसिंग मशीन जिससे चादर प्रेस होती है) एक ब्लैंकेट स्टरलाइजर कार्य करता है।

**महंगाई-बेरोजगारी को लेकर भाकपा ने सौंपा ज्ञापन :** वाराणसी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व पर भाकपा राज्य सचिव उ.प्र. की ओर से आरक्षण बचाओ, रोजगार बचाओ, महंगाई हटाओ, प्रदेश व्यापी अभियान के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम एस. राजलिंगम से मिल कर उन्हें सौंपा।

पूर्वोत्तर रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना
रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट 50 हर्ट्ज एसी पर चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं पाएगा।
1. खण्ड : इन्दारा जं० - दोहरीघाट, तारीख : 19/01/2023
उप मुख्य विद्युत इन्जीनियर/निर्माण/गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत - 182
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
[illegible]

# जाति प्रमाणपत्र के लिये गोंड समाज ने किया प्रदर्शन

**बांसडीह (बलिया)।** स्थानीय तहसील में गोंड जाति प्रमाण पत्र बनाने में हो रही अवैध वसूली धांधली के खिलाफ बुधवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अभिजीत तिवारी सत्यम के नेतृत्व में गोंड समाज के लोगो ने तहसील में धरना व बांसडीह उपजिलाधिकारी व तहसीलदार का घेराव किया। प्रदर्शन करने वालो ने तहसीलदार के माल बाबू सहित अन्य कर्मियों पर अवैध धन वसूली का गंभीर आरोप लगाया।

तत्पश्चात उपजिलाधिकारी राजेश गुप्त को पत्रक सौंप अवैध वसूली रोकने की मांग किया गया। इस दौरान भीड़ ने तहसीलदार मुदार्बाद, भ्रष्ट तहसीलदार वापस जाओ के नारे लगाए गए। मौके पर पहुंचे तहसीलदार प्रवीण सिंह को प्रदर्शनकारियों के गुस्सा झेलना पड़ा। युवा कांग्रेस के महासचिव अभिजीत तिवारी सत्यम ने बताया कि स्थानीय तहसील में तहसीलदार के माल बाबू घनश्याम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी द्वारा गोंड समाज के लोग के साथ भेदभाव करते हुए उनके जाति प्रमाण पत्र बनवाने में अवैध धन की वसूली की जा रही है।

निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद भी जांच के नाम गोंड समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे है। इस कृत्य से गोंड समाज के युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। प्रदर्शन करने वालो में मुख्य रूप से मुखिया पाण्डे, धर्मेंद्र गोंड, दिग्विजय सिंह, अभिषेक पाठक, अनिल तिवारी, चंदन गोंड, मनोज गोंड, श्रीकृष्ण गोंड, आकाश गोंड, अंकित गोंड, राहुल गोंड, शंकर गोंड, शिवम कुमार, प्रिंस गोंड, बिट्टू गोंड आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।


बांसडीह में ज्ञापन सौंपते गोंड समाज के लोग।

### शिकायत करने पर होगी जांच

इस संबंध में उपजिलाधिकारी राजेश गुप्त ने बताया कि कही कोई अवैध वसूली नही हो रही है। कोई भी अवैध धन वसूली लिप्त पाया गया तो कृत्य क्षम्य नहीं होगी। कोई शिकायत करेगा तो जांच कर कठोर कार्यवाही कर दंडित किया जायेगा।

# जिले के प्रत्येक गांवों में बनेगा सामुदायिक सोख्ता

**बलिया।** जिले के 940 ग्राम पंचायतों में मनरेगा से 15-15 व्यक्तिगत और ग्राम पंचायत से सामुदायिक सोख्ता का निर्माण कराया जाएगा। कचरे से खाद भी बनाने की तैयारी है। घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सोख्ता के जरिए ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से राहत दिलाने की तैयारी शुरू कर दी है। अब सोख्ता निर्माण से जल संरक्षण किया जाएगा।

स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत गांवों में कई अभियान चल रहे हैं, लेकिन अब जिला पंचायत राज विभाग की ओर से ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों से बचाने और जल संरक्षित करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर गांवों में व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता गड्ढा बनवाने की कवायद तेज हो चुकी है। गांव को साफ व स्वच्छ रखने और पानी संरक्षण के लिए मनरेगा से हर गांव में 15-15 सोख्ता बनाए जाएंगे। सोख्ता में कचरा एकत्रित होगा। इससे पानी का संरक्षण होगा, साथ ही गांव में कचरा सड़क व रास्तों में नहीं फैलेगा। व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता बनाने में तीन से लेकर 50 हजार रुपये तक की लागत आएगी। ग्राम पंचायतें व्यक्तिगत सोख्ता मनरेगा से बनवाएंगी। सामुदायिक सोख्ता के निर्माण पर ग्राम पंचायतों को शासन से मिलने वाली निधि खर्च करनी पड़ेगी। गांवों में सरकारी हैंडपंपों के आगे पानी संरक्षण करने के लिए पंचायत द्वारा सोख्ता गड्ढा बनाया जाएगा। गड्ढे को ईंट व सीमेंट से चारों तरफ पक्की दीवार बनाई जाएगी। बीच में जाली बनाई जाएगी। इससे गड्ढे का पानी धीरे-धीरे जमीन में जाता रहे। इससे गर्मी के दिनों में गांव का जलस्तर नीचे जाने से बचाया जा सकेगा। ग्रामीणों द्वारा घरों से निकले वाले सूखे गीले कचरे को इस गड्ढे में डाला जाएगा।

### इस योजना से संक्रामक बीमारियां होगी कम

इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के 940 ग्राम पंचायतों में पानी का संरक्षण करने के लिए 15-15 व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढे और सामुदायिक सोख्ता के गड्ढे बनवाने की तैयारी है। इससे जलस्तर भी बढ़ेगा। हैंडपंप का पानी सड़क पर भी नहीं फैलेगा। संक्रामक बीमारियों की रोकथाम पर असर पड़ेगा।

## संक्षेप

### ऑल इंडिया महापद्मनंद के सदस्यों ने निकाली रैली



**बलिया।** ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के बैनर तले आरक्षण बचाओ अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को नगर निकाय चुनाव में 17 दिसंबर को उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट करानें या 27 प्रतिशत आरक्षण के बगैर सामान्य सीट मानकर के चुनाव कराने को कहा गया था। इससे पिछडी जातियों के हक-अधिकार पर हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार बुधवार को प्रदेश के सभी जनपदों में राज्यपाल को ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष नथुनी राम ठाकुर और जिला सचिव सुनील ठाकुर के नेतृत्व में राजपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। आजमगढ मंडल अध्यक्ष एलबी शर्मा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष उदय नारायण नंद, बेचन राम, चंद्रहास, सतनारायण, विजय, दिनेश, बब्बन, पुनीत, राजेश, पटेल, चादमुनि, ओमप्रकाश, राजेन्द, रामनाथ, पिंटू, सौरव ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनूप ठाकुर, विनोद ठाकुर, रामकांत ठाकुर, हरिशंकर ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलिया।** सिकन्दरपुर थाना पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार को उपनिरीक्षक तुलसी प्रसाद मय फोर्स के साथ देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि वारण्टी अभियुक्त तेज नारायण चौहान पुत्र बब्बन चौहान निवासी ग्राम बिच्छीबोझ (पन्दह) अपने घर पर मौजूद है। पुलिस ने तत्काल इस सूचना पर अभियुक्त को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### निधन पर शोक, दी गयी श्रद्धांजलि

**बलिया।** ब्राह्मण उत्थान समिति के अध्यक्ष डा.शत्रुघ्न पांडेय की अध्यक्षता मं एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें समिति के उपाध्यक्ष आनंद मणि द्विवेदी के माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर गतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गयी और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गयी। शोकसभा में पारस राम मिश्र, बलराम मिश्र, रमाशंकर पांडेय, सवार्नंद मिश्र, चंद्रशेखर उपाध्याय, हरेंद्र पांडेय, प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी में जनता इंटर कॉलेज विजयी



**नगरा (बलिया)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में नगरा जनता इंटर कॉलेज मैदान में के चल रहे दो दिवसीय जिला खेल महोत्सव मंगलवार को सम्पन्न हुआ। खेल संयोजक सानू शर्मा. दीपू पाठक ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। कबड्डी मे जनता इंटर कालेज की छात्राएं विजयी रही। खो-खो में पहले नंबर पर बीरंगना पब्लिक स्कूल ढेकवारी कि छात्राओं ने बाजी मार ली। सभी सहभागी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रांत सह मंत्री, नगरा थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह, समरजीत सिंह, अनूप भारत, राकेश चौहान, योगेन्द्र यादव, मार्कंडेय, कष्णामुरारी पांडेय, काशीनाथ जायसवाल, धीरज आदि मौजूद रहे। संचालन अनुराग तिवारी ने किया।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ का आयोजन

**बैरिया (बलिया)।** विश्व कल्याण की कामना से क्षेत्र के गोंन्हिया छपरा गांव के श्री खाकी बाबा पूजन समिति द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ का आयोजन गोन्हिया छपरा स्थित खाकी बाबा मंदिर परिसर में किया गया है। इस यज्ञ में अयोध्या, काशी, चित्रकूट के प्रख्यात संत व कथावाचक भाग लेंगे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि पूज्य संत शिरोमणि विनय ब्रह्मचारी महाराज के निर्देशन में आयोजित यज्ञ आगामी शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा के बाद पचांग पूजन, वेदी पूजन आदि के बाद आगामी गुरुवार को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद के अलावा मनीष कुमार, विवेक, आदित्य, धीरज, आशु, अनीश, कर्मवीर आदि ने लोगों से इस यज्ञ में शामिल होकर लोगो से पुण्य का भाग्य बनने का आग्रह किया है।

### विकास का काम कर रही डबल इंजन की सरकार : संजय

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के हड़सर गांव में पूर्व विधायक संजय यादव ने बुधवार को नवानगर क्षेत्र पंचायत अंतर्गत राज्यबित्त/ पन्द्रहवां वित्त योजनांतर्गत 8 लाख की लागत से नव निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण का फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक संजय यादव ने कहा कि गांव में इंटरलॉकिंग सड़क व नाली बन जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगा। आज केंद्र में मोदी व प्रदेश में योगी की सरकार गांव के विकास के लिए पूरी इमानदारी से काम कर रही है। आज डबल इंजन की सरकार द्वारा आज सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली व पानी सहित सभी प्रकार की सुविधाएं आम जनमानस तक कैसे पहुंचे इसको लेकर हर समय नजर गड़ाए बैठी है। पहले की सरकारों में केवल विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया था। लेकिन अब स्कूलों की पढ़ाई हो या अस्पतालों में दवाई हो आम जनमानस तक सभी इमानदारी से आम लोगो तक पहुंच रही है। इस दौरान ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, राजेन्द्र सिंह, सतेंद्र राजभर, क्षितिज प्रताप सिंह, मंटू सिंह, परशुराम वर्मा, संतोष चौरसिया, प्रिन्स चौधरी, ओमप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।



# प्रयोगात्मक परीक्षा में भी मौजूद रहेंगे सेक्टर मजिस्ट्रेट

**बैरिया (बलिया)।** शिक्षा व्यवस्था मे सुधार के क्रम मे यूपी बोर्ड के प्रयोगात्मक परीक्षा में भी इस बार सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहेंगे। अब यह परीक्षा, पूरी तरह से यह परीक्षा कड़ी निगरानी में होगी। पहले की तरह औपचारिक मात्र नही रह पायेगी। इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद में सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती करने का निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया है।

प्रयोगिक परीक्षा का प्रथम चरण 21 जनवरी से शुरू हो रहा है। प्रायोगिक परीक्षाएं उन्ही विद्यालयों में संपन्न होगी। जहां छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। सीसीटीवी कैमरा से भी परीक्षा के निगरानी होगी। इसकी रिकॉर्डिंग को भी सुरक्षित रखा जाएगा। परिषद की ओर से मांगे जाने पर उसे प्रस्तुत करना होगा। परीक्षक को भी अपना पहचान पत्र अपने साथ लेकर विद्यालय जाना होगा। पहचान पत्र की छाया प्रति विद्यालय के प्रधानाचार्य अपने पास अभिलेख के रूप में सुरक्षित रखेंगे।

**यूपी बोर्ड**

### सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में होगी परीक्षा, तैयारी तेज

जनपदीय परीक्षा समिति द्वारा बोर्ड के परीक्षा की इस व्यवस्था को अनुमोदित कर दी गई है।

> इस संन्दर्भ में पूछने पर जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रैक्टिकल की परीक्षा के लिए भी सेक्टर मजिस्ट्रेटो की नियुक्ति कर दी गई है। प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में होगी। जरूरत पड़ने पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय या बोर्ड कार्यालय केंद्र व्यवस्थापक से उक्त रिकॉर्डिंग तलब कर सकता है।
>
> जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह

# नीलगाय से टकरायी बाइक दो घायल

**बैरिया (बलिया)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर बुधवार को कर्ण छपरा गांव के निकट बाइक के नीलगाय से टकराने के कारण बाइक सवार दो सहोदर भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा पहुंचाया। जानकारी के अनुसार भोजपुर जनपद के सरैया गांव निवासी राज किशोर सिंह 30 वर्ष अपने भाई श्याम किशोर सिंह 25 वर्ष के साथ सहतवार के किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद महुली पीपा पुल के रास्ते अपने गांव जाने के लिए सहतवार से चले थे। इसी बीच उनकी बाइक कर्ण छपरा गांव के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर सड़क पार करते समय नीलगाय से टकरा गई। दोनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को ग्रामीणों ने इलाज के लिए सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को फोन से सूचना दी गई। सूचना पाकर परिजन सोनबरसा अस्पताल पहुंचे, और बेहतर इलाज के लिए अपने साथ आरा लेकर चले गए।

# लावारिस मिली चोरी की गयी डेढ़ दर्जन साइकिलें

**क्राइम**

### साइकिलों को कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** पिछले एक पखवारे से लगातार हो रही साइकिल चोरी की घटनाओं ने पुलिस के नाक में दम कर दिया था। लाख कोशिशों के बाद भी पुलिस, चोरों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही थी। उधर चोरी की बढ़ती घटनाओं से पुलिस की साख पर बट्टा लग रहा था, लेकिन बुधवार की सुबह सिकंदरपुर कस्बा के विभिन्न स्थानों पर लावारिस हालत में मिली डेढ़ दर्जन साइकिलों ने स्थानीय प्रशासन को थोड़ी राहत जरूर दे दी है।

लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने साइकिलों को अपने कब्जे मे ले लिया। बता दें कि सोमवार की शाम को कस्बा निवासी संजय गुप्ता की साइकिल सेंट्रल बैंक के पास से अचानक गायब हो गई। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को मंगलवार को दी और बगल की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की गुजारिश की थी। पुलिस अभी मामले की तहकीकात करने का मन ही बना रही थी की सीसी टीवी फुटेज के आधार पर स्वयं पीड़ित ही साइकिल उठाने वाले युवक के घर पंहुच कर चोरी का पदार्फाश कर दिया। फिर क्या था उक्त युवक ने पीड़ित की साइकिल को वापस कर दिया। साथ ही चोरी की अन्य घटनाओं को अंजाम देने वालों को जैसे इसकी भनक लगी सभी ने कस्बे के विभिन्न स्थानों पर डेढ़ दर्जन से अधिक साइकिलें रख कर फरार हो गए जो बुधवार की सुबह लावारिश हालत में बरामद की गई। इस संबंध में एसएचओ दिनेश पाठक ने बताया कि सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की सक्रियता देख चोर 19 साइकिल छोड़ कर भाग निकले थे। जल्द ही और साइकिलों को बरामद कर लिया जाएगा।


बरामद की गयी चोरी हुई साइकिलें।

### इन स्थानों से बरामद हुई साइकिलें

कस्बा के वार्ड नंबर 13 में 7 तथा नगरा मोड़ स्थित मिडिल स्कूल के पास 3 के अलावा बीच कस्बे में भी चार साईकिलें बुधवार की सुबह लावारिश हालत में मिली तो लोगों के कान खड़े हो गए। आस पास पता करने पर जब इन साइकिलों का कोई दावेदार नजर नहीं आया तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी साइकिलों को लेकर थाने चली आई।

# मोटे अनाज के सेवन से ब्लड शुगर रहता है नियंत्रित

**बैरिया (बलिया)।** शुगर धीरे-धीरे इतना पावं पसार चुका है कि लोग इससे ज्यादा संख्या में मौत का शिकार हो रहे है। ऐसे मे पांच मोटे अनाज शरीर में बढ़े हुए शुगर को पूरी तरह से नियन्त्रित करते है। पांच मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, जौ, मडुआ व कोदो शामिल है। अगर डाइट में इसे शामिल किया जाए तो इसका असर एक सप्ताह में दिखने लगता है।

उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ट चिकित्सक डॉक्टर नवीन कुमार सिंह ने बताया कि यह तथ्य अमेरिका में हुए शोध के बाद सामने आया है। डॉक्टर नवीन सिंह के अनुसार उक्त मोटे अनाजों का बाहरी लेयर चोकर होता है। और इसके बाद अंदर की लेयर मे जर्म यानि रोगाणु होते हैं। जो किसी भी बाहरी परजीवी से सुरक्षा के लिए बने होते हैं। वही चोकर में बहुत ज्यादा फाइबर होता है। जो आसानी से नहीं पचता है। मोटे अनाज में ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है। यही कारण है कि मोटे अनाज का सेवन करने पर ब्लड शुगर नहीं बढ़ता है। साथ ही शरीर के वजन पर भी नियंत्रण रहता है। कुछ लोग मोटे अनाज के सेवन करने के लिए कहा गया तो कुछ ही दिन में उनमें इंसुलिन का लेवल बढ़ गया। वही कोलेस्ट्राल का लेवल घटने लगा। जौ के चोकर में सालबियूल फाइबर होता है। इसके अलावा इसमें मौजूद मैग्नीशियम प्रोटीन ब्लड शुगर को अवशोषित करता है।

मडुआ पोषक तत्वों से भरा होता है। यह ब्लड शुगर में कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है। इसी तरह की स्थिति कोदो की भी है। डॉ सिंह ने कहा कि हमारे पूर्वज मोटे अनाज का सेवन करते थे। उनको शुगर की बीमारी नहीं होती थी। जैसे-जैसे हम भोजन के प्रति शौकीन होते जा रहे हैं। हमें बीमारियां ग्रसित करती जा रही हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि शुगर से बचने के लिए मोटे अनाजों का उपयोग करें।

**बोले डॉ. नवीन सिंह**

### ज्वार, बाजरा, जौ, मडुआ व कोदो के सेवन से मिलता फायदा

### शुगर से हर साल लाखों लोगों की होती मौत

डॉक्टर नवीन सिंह के अनुसार भारत में 8 करोड़ से ज्यादा लोगों को शुगर की बीमारी है, और हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण शुगर बनता है। वही अध्ययन में पाया गया है कि चावल के जगह मोटा अनाज खाने वालों का ब्लड शुगर का स्तर कम हो गया। सफेद अनाज की तुलना में मोटे अनाजों से ब्लड शुगर नहीं बढ़ता है। सुझाव दिया गया है कि ब्रेड, पास्ता, चावल के बजाय बाजरा आधारित खाद्य पदार्थ खाएं तो ब्लड शुगर को बेहतर ढंग से नियंत्रित करता है। वही ज्वार में प्रचुर मात्रा में फाइबर के साथ विटामिन के 1 होता है। यह ब्लड क्लॉटिंग और हड्डियों की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके सेवन से शुगर पर पूरी तरह से लगाम लग सकता है।

### अनुदान पर सोलर पम्प पाने के लिये करें ऑनलाइन बुकिंग

**बलिया।** जनपद के समस्त कृषको को सूचित करते हुए उप कृषि निदेशक इन्द्राज ने बताया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना वित्तीय वर्ष के अंतर्गत सोलर पम्पों का अतिरिक्त आवंटन किया गया है, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत द्वितीय चरण हेतु अनुदान पर सोलर पम्प पाने हेतु विभागीय बेबसाइट पर 20 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से लक्ष्य पूरा होने तक ऑनलाइन बुकिंग की जायेगी। इस योजना का लाभ उठाने हेतु कृषकों का विभागीय बेबसाईट पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों की बुकिंग जनपद के लक्ष्य की सीमा से 110 प्रतिशत तक पहले आओ-पहले पाओ के सिद्धान्त पर की जायेगी। कृषकों को ऑनलाईन बुकिंग के साथ 5000 रुपए टोकन मनी के रूप में आनलाईन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म करने के एक सप्ताह के अन्दर कृषकों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि का आनलाईन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में आफलाईन अथवा आनलाईन जमा करनी होगी अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा एवं टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

# यूपी आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में दिव्यांशु ने लहराया परचम


दिव्यांशु मौर्य को सम्मानित करते चेयरमैन प्रतिनिधि शिवकुमार वर्मा मंटन व अन्य।

**बैरिया (बलिया)।** यूपी आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बैरिया नगर पंचायत का बेटा दिव्याशु मौर्य को नगर पंचायत बैरिया के अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार वर्मा मन्टन ने मंगलवार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि शिवकुमार वर्मा ने कहा कि गांवो में प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं। गांव के युवाओं को अगर सही प्रशिक्षण व अवसर मिले तो वे खुद को साबित कर सकते है। इसका जीता जागता मिसाल दिव्याशु हैं। दिव्याशु ने प्रयागराज में सम्पन्न हुए यूपी आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप 2023 के 70 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब ये जुलाई अगस्त में होने वाले नेशनल आर्म्स रेसलिंग चैंपियनशिप में यूपी का नेतृत्व करेंगे। दिव्याशु ने बताया कि इसके पहले 8 मई को गढ़वाल बलिया में डिस्टिक आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें उन्हें पहला स्थान प्राप्त हुआ था। दिव्याशु का सपना है कि वे अंतर्राष्ट्रीय चौंपियनशिप में भाग ले तथा भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लावे।

# कर्पूरी ठाकुर जनचेतना रथ यात्रा का स्वागत

**बलिया।** जननायक कर्पूरी ठाकुर जन चेतना रथ यात्रा राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध प्रसाद नन्दवंशी के नेतृत्व में भीमपुरा नं.-1 से निकाली गयी, जो नौ दिन पूरे बलिया जिले के 17 ब्लाक नगर बलिया का भ्रमण कर 24 जनवरी को जनता इण्टर कालेज नगरा में जननायक कर्पूरी ठाकुर जयन्ती समारोह के साथ सम्पन्न किया जायेगा। रथ यात्रा का स्वागत बलिया नगर में सौरभ ठाकुर नगर अध्यक्ष, शंकर ठाकुर कोषाध्यक्ष, सुनील ठाकुर, विनोद ठाकुर प्रदेश सचिव, रविन्द्र ठाकुर, रामाकान्त ठाकुर, महेश ठाकुर, बब्बन ठाकुर, विरेन्द्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, नित्यानन्द ठाकुर, उदय ठाकुर, नथुनी ठाकुर, सौरभ ठाकुर, शंकर ठाकुर, पुनीत ठाकुर, सर्वेश ठाकुर, बेचन राम, सत्यनारायन, महेश ठाकुर, छेदी ठाकुर, दिनेश ठाकुर, राजेश, राजकुमार ठाकुर आदि द्वारा स्वागत किया गया।




### धूप से गलन भरी ठंड से लोगों को मिली राहत

**बलिया।** गलनभरी ठंड से धूप ने काफी हद तक राहत दिलायी है, लेकिन पछुआ हवा से सुबह शाम गलन और ठंड से लोग कांप जा रहे है। बुधवार को पूरे दिन पछुआ हवा चलती रही, लेकिन तेज धूप से लोगों को राहत मिली। पुनः दिन ढलने के साथ मौसम एक बार फिर से सर्द होने लगा। नगर समेत ग्रामीण अंचलों में ठंड अभी निजात नहीं मिल पा रहा है। हालांकि बुधवार को सुबह में खिली धूप से लोगों को ठंड से राहत मिलता नजर आया। नगर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों रेलवे स्टेशन, रोडवेज, चित्तू पांडेय चौराहा आदि स्थानों पर लोग धूप सेंकते दिखे। दिन ढलने के साथ ही आसमान में कोहरा बढ़ने से सड़क पर वाहन धीमी गति से चलती नजर आयी। इन सबके बीच कृषि विशेषज्ञ आसमान साफ होने को फसलों के लिए लाभकारी बता रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया मौसम इसी प्रकार बना रहेगा तो रबी की फसलों को फायदा होगा। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार का मौसम बच्चों के लिए अधिक खतरनाक माना जाता है।

# मैरीटार में सुरहाताल पिकनिक स्पॉट बनाने की कवायद तेज

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद अब तेज हो गई है। बड़े भूभाग में फैले सुरहा ताल अब पर्यटन का बड़ा केंद्र होगा। इस ताल को लेकर मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करने का निर्देश है। एक माह पहले सुरहा ताल में बोट क्लब स्थापित किया गया। अब सुरहा ताल क्षेत्र के ही मैरीटार गांव के पास पिकनिक स्पॉट बनाने की कवायद चल रही है।

जिले में सुरहा ताल के किनारे मैरीटार में पिकनिक स्पॉट बनाने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने मैरीटार में सुरहाताल किनारे साफ-सफाई शुरू करा दी है। जल्द ही झूले और मनोरंजन के अन्य साधनों का भी इंतजाम होगा। नावें सजकर तैयार हो गई हैं। नौकायन के लिए नावें भी सजने लगी हैं। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाने के लिए एजेंसी से वार्ता चल रही है। सुरहा ताल पक्षी विहार की तर्ज पर ही जिला प्रशासन की ओर से यहां भी जल्द ही एक मेला भी आयोजन किया जाएगा और इसी दिन पिकनिक स्पॉट की शुरूआत भी हो जाएगी। मैरीटार के पास सुरहाताल क्षेत्र में पूर्व से बने पिकनिक स्पॉट स्थल की साफ-सफाई शुरू हो गई है।

सीढ़ियों के साथ ही अन्य टूटे-फूटे स्थलों की मरम्मत कराई जा रही है। लोगों के बैठने के लिए जगह-जगह कुर्सियां और बेंच भी लगाने का कार्य चल रहा है। सुरहाताल कटहल नाले के साथ गंगा से जुड़ा हुआ है। प्राकृतिक रूप से गंगा नदी में बाढ़ आने पर गंगा नदी का पानी सुरहा ताल में जाकर गिरता है और बाढ़ का पानी उतर जाने पर पुनः सुरहा ताल का पानी गंगा में गिरता है। सुरहाताल में मैरीटार पंप कैनाल स्थापित है। गर्मियों में भी यहां का पानी समृद्ध रहता है।

**पर्यटन केंद्र**

### जिलाधिकारी के निर्देश पर मैरीटार में साफ-सफाई तेज

### अच्छा पर्यटन केंद्र बनेगा सुरहाताल

इस संबंध में डीडीओ राजित राम मिश्र ने बताया कि मैरीटार गांव के पास सुरहाताल किनारे पिकनिक स्पॉट के रुप में विकसित करने का प्रयास चल रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई चल रही है। आने वाले दिनों में यह अच्छा पर्यटन केंद्र बन सकेगा। सुरहा ताल में जैव विविधता का भंडार है। ताल में जलीय जीवों एवं वनस्पतियों की भरमार है। उत्तम किस्म की मछलियों की उपलब्धता भी ताल की विशेषता है।




रिटेल डायरेक्ट्री



# मांगों को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा पत्रक

जनसंदेश न्यूज


बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

बलिया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के सदस्यों ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक बीएसए को सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र के माध्यम से तथा इसके पूर्व जारी किए गए पत्रों के माध्यम से नई पेंशन योजना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है तथा न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है।

जिलाध्यक्ष अजीत प्रताप ने कहा कि यह योजना 1 अप्रैल 2005 में में लागू की गई थी। जो कि स्वैच्छिक है। 17 वर्षों बाद इस प्रकार की जबरदस्ती किया जाना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ अन्याय है। महामंत्री रफीउल्लाह ने कहा कि वित्त नियंत्रक के इन तानाशाही पूर्ण आदेशों से प्रदेश का बेसिक शिक्षक आक्रोशित है तथा शांतिपूर्ण आंदोलन को बाध्य हो रहा है। उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि जबरन नई पेंशन योजना स्वीकार करने तथा वेतन से जबरन कटौती करने व वेतन रोकने सम्बन्धी तानाशाही पूर्ण आदेशों को निरस्त करने का कष्ट करें। साथ ही प्रदेश के शिक्षको कर्मचारियों के अभिभावक होने के नाते सभी को 1 अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन का लाभ देने का कष्ट करें।


अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो यह आंदोलन जारी रहेगा। पत्रक सौंपने वालों में अमरनाथ यादव, नंदलाल, लव कुमार, अरूण कुमार तिवारी, रामनाथ पासवान, नागेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, लालजी प्रसाद चौरसिया, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक दहताल के पानी से बरामद

बांसडीह। कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को आश्चर्य जनक स्थिति सामने देखने को मिली। क्षेत्र के दुहिमुसी मोतीझील दह ताल के पानी में डूबते हुए कोई मनुष्य या जानवर नहीं बल्कि चोरी हुई बाइक थी, जिसे स्कूली बच्चों ने सुबह स्कूल जाते हुए पानी में उतराया हुआ देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार केवटलिया कला से पिछले नौ जनवरी को घर से बाईक चोरी हुई थी, जिसका नम्बर यूपी 60 एफ 9806 है। बाइक को ठीक नौ दिन बाद मोतीझील से बरामद होने पर पुलिस तहकीकात में जुट गई। कोतवाल बाँसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि राहुल कुमार पुत्र नाथा प्रसाद निवासी केवटलिया कला की बाईक बीते 9 जनवरी को रात्रि में घर से चोरी हुई थी। उस समय राहुल कुमार अपनी नौकरी आइटीबीपी में थे, बाइक चोरी की सूचना पर वह छुट्टी पर घर आए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे स्व. बद्रीनाथ



जनसंदेश न्यूज

सहतवार। स्व. बद्रीनाथ सिंह सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे। इनका जन्म 10 मई सन 1948 को सहतवार के प्रतिष्ठित परिवार में माता स्व. सुमित्रा देवी तथा पिता स्व. हीराजी सिंह के तृतीय पुत्र के रुप में हुआ था। इनके धर्म पिता स्व. प्रभु सिंह थे। स्व. हीराजी सिंह के सनिध्य में पले बढ़े तीव्र मष्तिष्क के धनी स्व. बद्रीनाथ सिंह हाईस्कूल एवं इण्टमिडिएट की परीक्षा यूपी कालेज वाराणसी से तथा स्नातक व परास्नातक की परीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण किये। इनका विवाह 30 जून 1968 को रेवती के प्रतिष्ठित परिवार की पुत्री स्वर्णप्रभा सिंह से हुआ।

## 1967-68 में चुने गये थे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष

स्व. बद्रीनाथ सिंह का राजनैतिक जीवन 1967-68 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के उपाध्यक्ष पद चुने जाने के बाद शुरू हुआ। इन्हीं दिनों लोकबन्धु राजनारायण छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के सम्पर्क में आये तथा समाजवादी आन्दोलन को नई दिशा दिया। सन 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रान्ति में अग्रिम पंक्ति में रहे। आपातकाल में जेल में बन्द के दौरान ही पूर्व प्रधानमन्त्री स्व. चन्द्रशेखर जी के सानिध्य में आये। यह अटूट सम्बन्ध जीवन भर बना रहा। सन 1990 से 1994 तक नगर पंचायत सहतवार के चेयरमैन रहे। पुनः सन 2000 के चुनाव में फिर स्व. सिंह नगर पंचायत के चेयरमैन चुने गये। चेयरमैन पद पर रहते हुए लम्बी बीमारी के दौरान उनका निधन 19 जनवरी 2002 को हो गया। मध्यावधि चुनाव में स्व. सिंह की पत्नी स्वर्णप्रभा सिंह को सहतवार की जनता सर आँखों पर बैठाकर सहतवार के नेतृत्व का जिम्मा सौंपा। तब से लगातार सहतवार का चेयरमैन का पद इन्हीं के परिवार के पास रहा। वर्तमान में सहतवार की चेयरमैन इनकी पुत्र बधु सरिता सिंह है। स्व. सिंह की राजनीतिक विरासत को इनके पुत्र नीरज सिंह जनसेवा के लक्ष्य के साथ निर्वहन कर रहे है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग हजारों का सामान राख

सिकंदरपुर (बलिया)। चेतन किशोर गांव में मंगलवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में गुमटी में रखी हजारों का समान जलकर राख हो गया। चेतन किशोर गांव निवासी विद्यावती देवी पत्नी रामानंद राजभर अपने घर के पास ही गुमटी में दुकान कर अपनी जीविका चलाती थी। वह रोजाना की तरह मंगलवार की देर शाम दुकान बंद कर अपने घर चली गई। मंगलवार की रात्रि ही गुमटी में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगो द्वारा दी गयी। सूचना पर जब हम पहुंची तो गुमटी में आग पूरी तरह से पकड़ चुकी थी। गांव वालों के अथक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक गुमटी में रखा बेचने वाला सभी सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि मेरे द्वारा आगलगी की सूचना पुलिस और क्षेत्र के लेखपाल को लिखित सूचना दे दी है।


जले सामानों को दिखाती पीड़िता।

# अलौकिक प्रतिभा के धनी थे प्रजापिता ब्रह्मा बाबा

बोलीं उमा दीदी

## विश्व शांति दिवस के रूप में मनायी गयी पुण्यतिथि

जनसंदेश न्यूज



**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर बीके सुमन बहन, बीके पूजा बहन, बीके सुरेश भाई, कमलाकर पाण्डेय, राधेश्याम भाई. कलक्टर गिरी, रामेश्वर भाई, शंकर दयाल, उमेश, सुरेन्द्र, कपिलदेव उपाध्याय सहित सैकड़ों ब्रह्माकुमार भाई एवं ह्माकुमारी बहनें उपस्थित रहीं। सब लोगों ने 2 घण्टें तक योग करके विश्व में शांति व्यवस्था कायम रखने की प्रार्थना की।

बलिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 53वीं पुन्यतिथि विश्व शान्ति दिवस के रूप में शहर के हरपुर, सेठ कालोनी में स्थित स्थानीय सेवाकेन्द्र पर श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजली दी। सेवाकेन्द्र की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने बतायीं की ईश्वर से मिलन की चाहत तो अनेको को होती है, परमात्मा का गुणगान सभी करते हैं। परमात्मा की रचना को देख उसकी विस्मयकारी कारीगरी की प्रशंसा भी बहुत करते हैं। किन्तु विश्व में कुछ ऐसी अद्वितीय व्यक्तित्व की धनी विशेष आत्मायें होती हैं जिनकी परमात्मा से गहन प्रीत होती है। वे परमात्मा के प्रेम में इतने तन्मय हो जाते हैं कि वे परम-सत्ता परमात्मा से अपने अस्तित्व की अनुभूति में एकाकार हो जाते हैं। ऐसे ही अलौकिक प्रतिभा के धनी प्रजापिता ब्रह्मा बाबा एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने त्याग-तपस्या-सेवा के बल से आत्मा की सर्वश्रेष्ठ मंजिल सम्पूर्णता को प्राप्त किया। कहा कि हीरे जवाहरात का व्यापारी दादा लेखराज के नाम से प्रचलित ब्रह्मा बाबा जब इनके तन में 1937 में निराकार ज्योतिर्बिन्दु शिव परमात्मा का अवतरण हुआ तो यह अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति माताओं-बहनों की एक कमेटी बनाकर सौंप दिया। फिर जीवन में कभी भी पैसे को हाथ नहीं लगाया।

# तहसील बैरिया के कुल 16 ग्रामों में बैनामे की प्रक्रिया तेजी से शुरू



बैरिया। बलिया का ड्रीम प्रोजेक्ट गाजीपुर से बलिया मांझी घाट ग्रीन फील्ड परियोजना के निर्माण हेतु क्रय किए जाने वाले तहसील बैरिया के कुल 16 ग्रामों में बैनामे की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो चुकी है। तहसील प्रशासन द्वारा काश्तकारों को बैनामा कराने हेतु ई-रिक्शा, बोलेरो आदि वाहनों से लेकर बुलवाया जा रहा है। वहीं कुल 16 ग्रामों के काश्तकारों को यदि बैनामे से संबंधित कोई भी समस्या होने पर उपजिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र तहसीलदार बैरिया सुर्दशन कुमार, नायब तहसीलदार बैरिया अजय सिह से संपर्क करने पर समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा क्षेत्र में जाकर काश्तकारों से वार्ता कर उनको बैनामा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। तहसील बैरिया अंतर्गत कुल रकबा 124 हेक्टेयर भूमि क्रय की जानी है, जिसमें लगभग 16.5 हेक्टेयर सरकारी भूमि का पुनर ग्रहण व प्रस्ताव भेजा जा चुका है तथा 15.5 हेक्टेयर भूमि काश्तकारों से क्रय करके बैनामा कराया जा चुका है। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि अब तक 350 काश्तकारों से भूमि क्रय की जा चुकी है, जिसमें से अब तक 300 काश्तकारों की जमीन के एवज में धनराशि का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष काश्तकारों का भुगतान भी यथाशीघ्र कर दिया जाएगा। सभी 16 गाँवों में बैनामे की प्रक्रिया तीव्र गति से जारी है।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्री-ट्रायल बैठक संपन्न



मऊ। जनपद न्यायाधीश रामेश्वर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी में राजस्व सम्बन्धी मामलों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व सम्बन्धी मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण किये जाने हेतु उपस्थित प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ विचार विमर्श किया गया एवं कलेक्ट्रेट तथा तहसील स्तर पर लंबित मामलों के निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिये गए। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मऊ अशोक सिंह ने उपस्थित प्रशासनिक अधिकारीगण को वादकारियों हेतु अपने स्तर से अधिकतम रियायत दिये जाने हेतु निर्देश दिया किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा द्वारा सचिव तहसील विधिक सेवा समिति को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपेक्षित सहयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, नोडल अधिकारी लोक अदालत, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना, उपजिलाधिकारी, घोसी, उपजिलाधिकारी, मधुबन एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। बुधवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना घोसी पुलिस द्वारा जमीन सरहरा से मुअसं 530/22 धारा 143,147, 149,186, 341,353,336,504,506 भादवि. तथा 7 सीएलए एक्ट में वांछित अभियुक्त उमेश राजभर पुत्र निरहू राजभर निवासी जमीन सरहरा थाना घोसी तथा थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा मझौली से मुअसं 272/22 धारा 304,201 भादवि. में वांछित अभियुक्तगण मूखराम यादव पुत्र स्व. जोगी यादव, श्रीमती लता यादव पत्नी अश्वनि यादव निवासीगण मझौली थाना हलधरपुर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### स्वच्छ विरासत का संदेश देगा शीतला माता मंदिर



मऊ। पर्यटक एतिहासिक स्थलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण स्थापित करने, स्थानीय लोग को स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक हों और 'स्वच्छता परमो धर्म' के मूल सिद्धांत को निरंतरता देने के लिए 'स्वच्छ विरासत' अभियान की शुरूआत की गई है। नगर पालिका मऊ द्वारा 14 जनवरी से प्रारंभ किया गया यह अभियान से शुरू हुआ यह अभियान 24 जनवरी चलाया जाएगा। अभियान में नगर पालिका परिषद मऊ में शीतला माता धाम को स्वच्छ विरासत के रूप में चयनित किया गया है। बुधवार को नगर पालिका कर्मियों ने शीतला माता मन्दिर के आस-पास के जीवीपी व रेड स्पॉट अर्थात पान या गुटखा खाकर थूकने के निशान एवं येलो स्पाट अर्थात पेशाब के निशान को हटाते हुए दिखे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में 14 जनवरी से 24 जनवरी तक पूरे प्रदेश में स्वच्छ विरासत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पालिका परिषद मऊ में शीतला माता धाम को स्वच्छ विरासत के रूप में चयनित किया गया है। जहां योजनाबद्ध तरीके से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक, प्रतिबंधित पॉलीथिन, नीला-हरा डस्टबिन की उपलब्ध बनाए रखने के प्रति जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। पालिका कर्मी स्थल की साफ-सफाई के साथ स्थल पर आने-वाले आगन्तुकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर रहें है तथा आस-पास के दुकानदारों को डस्टबिन रखने तथा गन्दगी न करने की चेतावनी दी जा रही है। ताकि हमारी विरासत स्वच्छ व सुन्दर बनी रहे। इस अभियान को सफल बनाने में पालिका के सफाई एवं खाद्य् निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेन्द्र कुमार व स्वच्छ भारत मिशन के डीसी मनीष सिंह व डीपीएम पियूष सिंह सहित पालिका के सफाई कर्मी पूरी लगन से कार्य कर रहें है।

# घटिया सामग्री प्रयोग करने पर डीएम ने अधिशासी अभियंता को लगाई फटकार

सख्ती

## निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



मऊ। बुधवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा तहसील मधुबन के देवरांचल दुबारी में उप्र पुलिस आवास निगम द्वारा अग्निशमन केंद्र के निमार्णाधीन आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 9.1769 करोड़ रुपए है। इसकी स्वीकृति 9 मार्च 2019 को मिल चुकी थी। इस परियोजना के तहत प्रशासनिक भवन के अलावा टाइप ए, एवं टाइप बी के आवासीय भवनों का भी निर्माण कार्य किया जाना है। मुख्य भवन के निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसमें पेंटिंग, कोटा टाइल्स व बिजली सेनेटरी का कार्य अभी प्रगति पर है। बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि प्रशासनिक भवन मार्च तक एवं आवासीय भवनों का निर्माण कार्य जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पूरी परियोजना के पूर्ण होने की तिथि 30 जून 2023 है। आवासीय भवनों के निरीक्षण के दौरान प्लास्टर कार्य की खराब गुणवत्ता पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए इसे ठीक कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रयुक्त होने वाले निर्माण सामग्रियों की स्वयं जांच की। साथ ही अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को एक जांच टीम बनाकर सारे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में शिकायत मिलने पर पेनाल्टी निर्धारित कर कार्यदाई संस्था से रिकवरी कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मंदिर से मां दुर्गा प्रतिमा का मुकुट चोरी, जांच में जुटी पुलिस

कोपागंज, मऊ। कोपागंज के लाडनपुर गांव में मंदिर में से मां दुर्गा की चादी की मुकुट चोरी हो जाने श्रद्धालुओं को गहरा आघात लगा है। लोगों ने चोरी की खबर पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस ने वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ करते हुए बहुत जल्द चोरों का पता लगाने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है। इसी बीच बुधवार को कुछ भक्त पूजा करने पहुंचे। इसी दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा पर लगे चांदी के मुकुट गायब देख हक्का बक्का हो गया। थोड़ी देर बाद वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मामले की सुचना तत्काल पुलिस को दी गई। सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ करते हुए चोरों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।





# पोल पर तार लगाने को लेकर विधायक को सौंपा पत्रक

बांसडीह (बलिया)। बासडीह-बेरुआरबारी सुखपुरा मार्ग स्थित अंबेडकर प्रतिमा से लेकर रामलाल गुप्ता के मकान तक लगभग दो सौ पचास मीटर तक सड़क के दोनों किनारों तक विद्युत खम्भों पर बिजली के तार नही लगाये जाने के कारण स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसको लेकर बुधवार को बांसडीह नगर पचायत के पूर्व सभासद अवनीश पांडेय चिंटू के नेतृत्व में स्थानीय लोगो का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक केतकी सिंह से मिला और उनको समस्याओ से सम्बंधित पत्रक सौपा। स्थानीय लोगो की समस्या की गम्भीरता को देखते हुये विधायक केतकी सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात की और तत्काल विद्युत खम्भो पर तार लगाये जाने का निर्देश दिया।

पूर्व सभासद अवनीश पांडेय ने बताया कि विधुत खम्भो पर तार न होने के कारण स्थानीय लोगो को दूर से केबल का तार लगाना पड़ रहा है और सबसे बड़ा जोखिम यह है कि दोनों सड़क के बीच से तार ले जाने के कारण बराबर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पत्रक सौंपने वालो में प्रधान रंजन पांडेय, श्रवण पांडेय, मनबोध राजभर, सुरेंद्र पांडेय, भुनेश्वर बाबा आदि शामिल रहे।

# 19 को जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन

मऊ। जनपद में जिला प्रशासन की ओर से 'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट' के तहत 19 जनवरी 2023 को एक दिवसीय जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन आरएस पैलेस, पुरानी तहसील में होगा। यह आयोजन सुबह 10 से अपराहन 2:30 बजे तक चलेगा। इस दौरान सरकार द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहन देने हेतु इन्वेस्टर्स को शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देने के साथ ही साथ उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु शासन द्वारा घोषित कई प्रोत्साहन नीतियों से भी अवगत कराया जाएगा।

जनपद मऊ के लिए अब तक 1374 करोड़ रुपए का ऑनलाइन इंटेंट फाइल किया जा चुका है। इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर पिछले 1 माह से तैयारियां की जा रही थी। गत माह हुई उद्योग बंधु की बैठक में भी डीएम ने जनपद के उद्यमियों से इस आयोजन के सफलता हेतु सुझाव लिए थे, जिसके क्रम में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए थे। आयोजन की शुरूआत निवेशकों/ उद्यमियों के पंजीकरण से होगी। इसके अलावा निवेश सार्थी पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022, एमएसएमई पॉलिसी 2022, उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2022, उत्तर प्रदेश टैक्सटाइल एवं गारमेंटिंग नीति 2022, उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति 2022, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना 2022, उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2022, उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022, उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 एवं जैव ऊर्जा नीति 2022,उत्तर प्रदेश डेयरी फार्म विकास एवं डेयरी उत्पाद प्रोत्साहन 2022, उप्र खाद्य प्रसंस्करण नीति 2022 सहित कई अन्य नीतियों के प्रमुख बिंदुओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण भी किया जाएगा।

# पुरानी पेंशन योजना मात्र पेंशन नहीं, बल्कि बुढ़ापे का सम्मान है : डॉ. रामविलास



मऊ। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ उ.प्र. के प्रांतीय आह्वान पर जनपद मऊ द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा 01अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन का लाभ न दिए जाने एवं वित्त नियंत्रक प्रयागराज द्वारा जबरन नई पेंशन योजना लागू करने के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन करते हए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष डॉ. रामविलास भारती की अध्यक्षता में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार सिंह एवं वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) उमाशंकर सिंह को दिया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना (एनपीएस) मात्र पेंशन नहीं है, बल्कि यह बुढ़ापे का सम्मान है। हमें एनपीएस नहीं, बल्कि ओपीएस चाहिए, इसलिए समाज एवं शिक्षक हित में 01 अप्रैल 2005 से पुरानी पेंशन योजना बहाल किया जाना नितांत आवश्यक है। डॉ. भारती ने कहा कि नई पेंशन योजना जबरन शिक्षकों पर लागू न किया जाय। वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा अपने पत्र दिनांक 22 दिसम्बर 2022 के माध्यम से बेसिक शिक्षकों पर जबरदस्ती स्वीकार करने का प्रयास किया जा रहा है। और न स्वीकार करने की स्थिति में जबरन वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं, जो बेसिक शिक्षकों के साथ तानाशाही पूर्ण व्यवहार है। जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद यादव ने कहा कि वित्त नियंत्रक अपना पत्र वापस लें। ओपी चंद्रा ने कहा कि नई पेंशन योजना हेतु 17 वर्षो बाद इस प्रकार की जबरदस्ती किया जाना प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के साथ अन्याय है। ममता पाण्डेय ने कहा कि वित्त नियंत्रक के इस तानाशाही पूर्ण आदेशों से प्रदेश का बेसिक शिक्षक आक्रोशित है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनवारूल हक ने किया।

# 60 पेटी शराब बरामद वाहन सीज

बांसडीह। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को तस्करी कर बिहार प्रदेश जा रहे अवैध शराब को वाहन सहित जब्त कर लिया। वहीं पुलिस को देखकर शराब तस्कर वाहन छोड़ भागने में सफल हो गया। बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के बघौता की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो वाहन पुलिस को देखकर राजपुर-सेरिया मार्ग की तरफ मुड़ गई। पुलिस ने वाहन का पीछा करने पर वाहन चालक सुनसान स्थान पर वाहन छोड़ फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि वाहन की जांच के दौरान तलासी लेने पर 60 पेटी शराब बरामद किया गया, जिसमें 10 पेटी रफलेश रम, 33 पेटी 8 पीएम, 17 पेटी आफिसर्स चॉइस, कुल 60 पेटी शराब बरामद किया गया जो की लगभग 518 लीटर है। शराब की बोतले मोबाइल से स्कैन करने पर अनुज्ञापी अमित कुमार झा, बख्तावरगंज, मऊ रिटेल शाप एव वाहन के रजिस्ट्रेशन के आधार पर कोतवाली क्षेत्र के शिवपुर दियर नंबरी निवासी वाहन स्वामी प्रशांत सिंह पुत्र हरदेव सिंह के खिलाफ मामला पंजीकृत कर पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू, मूर्ति निर्माण में जुटे कलाकार

## 26 जनवरी को होगी विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** आगामी 26 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना को लेकर उनकी प्रतिमा का निर्माण कार्य में जोरशोर से मूर्तिकार लगे हुए हैं। जिला मुख्यालय पर भी कारीगर प्रतिमा निर्माण में जुट गए हैं। ग्रामीण इलाकों में भी प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। इनकी पूजा अर्चना सभी शैक्षणिक संस्थानों के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी धूमधाम से किया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि इनके अराधना मात्र से ही विद्या की प्राप्ति हो जाती है। विद्या के प्राप्ति अन्य सभी मार्गों का द्वार खोल देता है। इसे लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्सुकता देखा जा रहा है।

मूर्तिकार मंटू कुमार बताते हैं, कि इसे लेकर कई लोगों का आर्डर आ चुका है। पांच सौ रुपए से लेकर ढाई हजार रुपए तक की मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है।

हालाकि शैक्षणिक संस्थानों में छोटी मूर्तियां ही ज्यादा पसंद की जाती है। ग्रामीण इलाकों में युवाओं कमेटी गठित कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करते हैं।



### गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू

गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की तैयारी शुरू हो चुकी है। गणतंत्र दिवस को लेकर स्कूलों में तैयारियां आरंभ हो चुका है। वहीं सरस्वती पूजा को लेकर मूर्तिकार माता सरस्वती की प्रतिमा तैयार कर रहे हैं।

### विद्यार्थियों के जीवन में गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजन का अहम स्थान

दोनों महापर्व विद्यार्थियों के जीवन में अहम स्थान रखता है। एक देश प्रति भाग को जागृत करता है तो दूसरे से ज्ञान की प्राप्ति होती है। दोनों पर आपको उत्सव के साथ खासकर विद्यार्थी मनाते हैं। बंसीबाजार राधेनगर के पंडित श्रीनिवास चौबे ने बताया कि देवी भागवत के अनुसार वर्ष में चार नवरात्र हैं। माघ माह में पड़ने वाले नवरात्र को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इस नवरात्रि यानी माघ शुक्ल पंचमी को तीन महादेवियों में प्रधान मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। इनके एक हाथ में पुस्तक तो दूसरे हाथ वीणा है। मां सरस्वती को वीणावादिनी भी कहे जाते है।

### देवी सरस्वती की एक फीट से लेकर बारह फीट तक की बनाई जा रही मिट्टी की प्रतिमाएं

बंसीबाजार के मूर्ति कलाकार ने बताया कि वे यहां करीब एक दशक से मूर्तियां बनाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पहले जहां 100 रुपये में एक मूर्ति बेची जा रही थी, वहीं महंगाई के इस दौर में लागत खर्च इतना ज्यादा आ रहा है कि हजार रुपये से कम पर मूर्ति बेच पाना संभव नहीं है। एक फीट से लेकर बारह फीट तक की प्रतिमा बनायी गयी है। जिसकी कीमत हजार रुपये से सात हजार तक निर्धारित की गयी है।

# अधिशासी अभियंता अनुपस्थित, कटा वेतन

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया उसके उपरान्त जिलाधिकारी ने एक-एक किसानों की समस्याओं को सुना, उसके उपरान्त जिलाधिकारी ने किसानों की कोई भी समस्या पर तत्काल निस्तारण करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिया। किसानों ने सिंचाई हेतु पानी की समस्या बताई जिसपर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग अधिशासी अभियन्ता से पूछने के दौरान देवकली पम्प कैनाल प्रथम व द्वितीय को बैठक में अनुपस्थित बताया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने इन दोनों अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी तथा नहर एवं अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सहित सम्मानित किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### किसानों की मेहनत पर सिंचाई विभाग ने ढाया कहर



**दिलदारनगर।** फुल्ली भरवलिया नवली रजवाहा में सिचाई के लिए जा रहा पानी पचोखरा गांव के पास मंगलवार की रात में रजवाहा की पटरी टूटने से सैकड़ो बीघा गेंहूँ की फसल जलमग्न हो गया। गांव के किसान गांव से निकलकर अपने खेतों की तरफ नजर दौड़ाए तो गेहूं की फसल पूरी तरह से जलमग्न हो गई है चिंतित किसानों ने तत्काल सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराते हुए नहर के पानी की सप्लाई को बंद कराया। पचोखर गांव के पीड़ित किसान राकेश राय, मुन्ना राय, दयाशंकर यादव,महेंद्र,उमाशंकर, रामधनि तिवारी,मोती राजभर किसानों ने बताया की पचोखर मौजा गांव के उत्तर तरफ राजवाड़ा के टूटने से गेंहूँ का फसल जलमग्न होकर नुकसान हो गया।

### कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष सुजीत



**बिरनो।** उत्तर प्रदेश सफाई राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक स्तरीय चुनाव संपन्न विकास खंड बिरनो सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार ,उपमंत्री संजय यादव, संयुक्त मंत्री चंद्रिका, संगठन मंत्री प्रहलाद, लेखाकार उत्तम कुमार, मीडिया प्रभारी रविंद्र मिश्रा चुने गए। अध्यक्ष राजन यादव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कहा कि संगठन में बल होता है। सफाई कर्मचारियों का शोषण अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सफाई कर्मचारियों की हर समस्या को लेकर शासन और प्रशासन से मिलने का भी कार्य किया जाएगा आए दिन कहीं न कहीं यह सुनने को मिलता है कि सफाई कर्मचारियों को लेकर कार्यवाही की जाती है। लेकिन अब बिना किसी जांच के और तथ्यों के आधार पर कार्यवाही नहीं की जाएगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष महिला मोर्चा कौशल्या देवी, ब्लॉक मंत्री मीरा देवी, ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सुमन कुशवाहा मौजूद रही। बिरनो एडीओ पंचायत अवनेन्द्र कुमार ने निर्वाचित सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दिलदारनगर।** कुश स्मारक उच्चत्तर माध्यमिक बालिका विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी, मेहदी व रंगोली बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी बच्चो को पुरस्कृत किया गया।इस प्रदर्शनी-हाइड्रोलीक बीज, ऑटोमेटिक लाइट, पावर फिल्टर, कॉर्बन ब्लाक, पॉवर हाउस, जल का स्तर,ग्रीन सिटी, फीट स्टोन सेतु. चन्द्रयान, जल संग्रहण, पाचन तंत्र, किडनी स्ट्रक्चर, पलाट ऐनीमेन्ट, प्यारा गाँव, जेसीबी, कुश स्मारक पॉथलॉजी, पवन चक्की, प्राणी कोशीका, उत्सर्जन तंत्र, आर्वत सारणी, ज्वालामुखी, मानव नेत्र,रंगोली में अमर जवान ज्योति, महात्मा बुद्ध, आलेखन में प्रदर्शनी का हिस्सा रहा। मेहन्दी प्रतियोगिता में सीता गुप्ता, रिंकू व सहाना खातून रही।

### डीएम की अध्यक्षता में आज होगी बैठक

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) ने बताया है कि गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने एवं उससे सम्बन्धित कार्यक्रम का निर्धारण करने हेतु गुरूवार को अपरान्ह 01:00 बजे राइफल क्लब कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की जायेगी। उक्त बैठक में सभी अधिकारीगण ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सैय्यदवाडा स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान मंगलवार की देर शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण दुकान में रखें समान जलकर राख हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मल्लू नामक व्यक्ति सैय्यदवाडा में इलेक्ट्रॉनिक की अपनी दुकान मंगलवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया था। रात्रि में दुकान से धुआँ निकलता देख पड़ोसियों ने दुकान मालिक सहित फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले मुहल्लेवासियों ने आग पर काबू पा लिया था। दुकानदार का कहना है कि दुकान में लगभग दस लाख का जलकर राख हो गया है। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि दुकान में आग लगने की जानकारी हैं। आग लगने से किसी भी तरह की क्षत्रि नहीं हुई है।

# चोरी की नीयत से घर में घुसे चोर ने की फायरिंग, युवक घायल

**दहशत**

### ग्रामीणों ने भाग रहे चोर को पकड़ा, पुलिस को किया सुपुर्द

जनसंदेश न्यूज

**बाराचवर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के मौरा गांव में मंगलवार की रात्रि में बारह बजे के करीब दो चोरों ने मुज्जमिल खां के घर पर चोरी करने की नियत से धावा बोल दिया। लेकिन मुज्जलिम खां का परिवार मुहम्मदाबाद में रहता है।

मुज्जमिल खां के पटीदार गुडडू खां ने घर में लोगों की सुगबुगाहट को देखकर मुज्जमिल खां के खालू के लड़के राशिद जमाल को मोबाईल फोन से जानकारी दिया। मुज्जमिल खां के घर में चोर प्रवेश कर गये है। इस बात की ज्यो जानकारी राशिद जमाल को हुई वे तुरंत अपने भाई के साथ लाठी लेकर दौड़कर पहुंचा और चोर के ऊपर लाठी से हमला कर दिया। चोर का दूसरा साथी अपने साथी को घिरा देखकर राशिद जमाल के ऊपर कटटे से फायर कर दिया। गोली बाये कंधे में लग गयी राशिद तुरंत चोर को पकड़ लिया। धुकम धुकी करने लगा गोली की आवाज सुनकर और गांव वाले मौके पर पहुंच गये। चोर को पकड़ लिए तथा दुसरा चोर मौका पाकर भागने मे सफल हो गया।

ग्राम प्रधान ने इस बात की सूचना करीमुद्दीनपुर पुलिस को दिया। करीमुद्दीनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की तहकीकात किया। ग्रामीणों ने पकड़े गये चोर को पुलिस को सौंप दिया। तब पुलिस चोर को थाने लेकर आयी तथा सम्बधित धारा मे पावंद कर जेल भेज दिया। बाराचवर सामदायिक केंद्र पर घायल को लेकर परिजन पहुंचे जहां। राशिद को बीएचयू के ट्रामा सेन्टर के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया कि चोरी करने वाले अभियुक्त को ग्रामीणों की मदद से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



करीमुद्दीनपुर पुलिस के गिरफ्त में हमलावर चोर।

# छात्राओं ने निकाली पदयात्रा



राजकीय महिला कालेज पर पदयात्रा को झंडी दिखाती प्राचार्य डा.सविता भारद्वाज।

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय कि विज्ञान संकाय द्वारा बुधवार को गंगा में व्याप्त प्रदूषण व संक्रमण से छात्राओं को परिचित कराने के उद्देश्य से पदयात्रा के रूप में स्थानीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डा. सविता भारद्वाज ने इस पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पदयात्रा में विज्ञान संकाय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान की समस्त छात्राएं विज्ञान संकाय के शिक्षकों के साथ महाविद्यालय गेट महुआबाग से अफीम फैक्ट्री, साईं मंदिर होते हुए गंगा नदी के किनारे व्याप्त प्रदूषण का अवलोकन एवं अध्ययन करते हुए ददरीघाट, कोयला घाट, कलेक्टर घाट तक भ्रमण किया। यह शैक्षिक भ्रमण स्थानीय स्तर पर व्याप्त प्रदूषण, संक्रमण, रासायनिक विषाक्तता संबंधी अध्ययन पर केंद्रित रहा। नई शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम में यह एक अनिवार्य गतिविधि के रूप में विभिन्न कक्षाओं में सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के प्राध्यापक डॉ दिवाकर मिश्र, डा. सर्वेश कुमार सिंह, डा. आनंद कुमार चौधरी, ओम शिवानी, सुमन, शिल्पी राय आदि रहें।

# तहसील बार एसो. के अध्यक्ष रविप्रकाश, महासचिव नीलगगन

**चुनाव**

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**कासिमाबाद।** तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को तहसील परिसर में आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ अध्यक्ष रमेश कुमार, कनिष्ठ अध्यक्ष आलोक दुबे ,महासचिव नीलगगन ,सह सचिव अर्चिता कुमारी, संगठन मंत्री प्रेमसागर ,कोषाध्यक्ष शेषनाथ सिंह आदि ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली ।इस मौके पर कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने कहा कि अधिवक्ता, तहसील प्रशासन, पुलिस प्रशासन सभी लोगों ने इशारा किया है कि अधिवक्ता और अधिकारीगण एक सिक्के के दो पहलू हैं दोनों लोगों में सामंजस्य होना चाहिए अगर दोनों लोगों में सामंजस्य बना रहेगा जो न्याय की परिकल्पना की गई है संविधान में वह गरीब शोषित वंचित लोगों को न्याय मिलना था वह तत्काल मिलेगा। यदि न्याय विलंब से मिलता है तो वह अन्याय के समान होता है। नायब तहसीलदार अनुराग यादव ने कहा कि नव निर्वाचित पदाधिकारियों में नारी सम्मान के तहत महिला पदाधिकारी बनाया गया है यह कार्य सराहनीय है। इस मौके पर सब रजिस्टार सौरभ कुमार राय, विनोद सिंह,अजय कुमार ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सुभाष तिवारी जयप्रकाश यादव, कन्हैया यादव, आनंद शंकर सिंह, अनुज पांडेय, चंद्र शेखर पांडे, नागेंद्र ,अफजल सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।



कासिमाबाद तहसील परिसर में पदाधिकारियों को शपथ दिलाते एसडीएम वीर बहादुर यादव।

# सर्द हवा और गलन से लुढ़का पारा

## चिकित्सक बच्चों और वृद्धों को सावधानी बरतने की दे रहे सलाह

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** मकर संक्रांति के बाद आमतौर पर सूरज की तपिश महसूस होने लगती है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण चलने वाली बफीर्ली हवाएं ठंड का कहर बरपा रही हैं। बुधवार की सुबह छह डिग्री के आसपास न्यूनतम एवं अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। अभी तीन-चार दिन और गलन से जनपदवासियों को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। ठंड बढ़ने से स्कूली बच्चों, रोडवेज व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों, व अस्पतालों में मरीजों को दुश्वारियां का सामना करना पड़ रहा है। रैन बसेरा, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन पर ठंड से बचने की समुचित व्यवस्था न होने से यात्रियों की कठिनाई बढ़ गई है।

उधर धूप निकली जरूर लेकिन इसमें तपिश का अभाव रहा। इससे सुबह व शाम के वक्त जनजीवन ठिठुरता नजर आया। दो-तीन दिन से मौसम साफ होने के चलते खिली चटख धूप भी लोगों को ठंड से राहत नहीं दिला पा रही है, क्योंकि सुबह से शाम तक चल रही बफीर्ली हवाएं तन को झकझोर रही हैं। आलम यह है कि धूप में भी लोगों की कंपकपी छूट रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी कुछ दिन और ठंड से राहत मिलने वाली नहीं हैं, क्योंकि पारा अभी और गिरेगा। 23-24 जनवरी को बारिश होने की भी संभावना है।

उन्होंने कड़ाके की ठंड को गेहूं की फसल के लिए मुफीद बताया है। भले ही दो तीन दिन से चटख धूप खिल रही है लेकिन उससे भी लोगों को सर्दी से निजात नहीं मिल रही है। पहाड़ों पर भारी बर्फबारी होने से शीतलहर का प्रकोप बढ़ रहा है। सुबह के समय खेतों में फसलों पर पाला की परत जम जाती है। इससे सुबह व शाम के समय लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। ठंड का असर साफ तौर पर जनजीवन पर भी पड़ रहा है। दोपहर बारह बजे से तीन बजे के आसपास सड़कों पर लोगों की आवाजाही रहती है जबकि शाम होते ही यातायात कम हो रहा है।

### सर्दी में हरी सब्जियों के दाम हुए आधे, मिली राहत



**गाजीपुर।** सर्दियों में पैदावार बढ़ने से सब्जियों के दामों में नरमी देखने को मिल रही है। बाजार में सीजन की सब्जियों की आवक अधिक हो रही है, जबकि इनकी खपत कम है। इस कारण सब्जियों के दाम आधे हो गए हैं। हालांकि सहालग में दुकानदार रेट बढ़ने की उम्मीद जता रहे हैं।उल्लेखनीय है कि बेमौसम हुई बारिश से सब्जियों की फसल काफी प्रभावित हुई थी। इस कारण सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंच गए थे। इस कारण सब्जियां खरीदने में आमजन को अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही थी। अब सर्दी के सीजन में बाजार में आई हरी सब्जियों के दाम 50 प्रतिशत तक गिर गए हैं। इस कारण लोगों को सब्जी खरीदने में आसानी हो रही है। स्टेशन रोड के सब्जी विक्रेता विनोद कुमार ने बताया कि इन दिनों सीजन की हरी सब्जियों की आवक अधिक हो रही है। इस कारण सब्जियों के रेट आधे हो गए हैं। सहालग में खपत बढ़ने से दामों में उछाल आ सकता है। वही ग्राहकों का कहना है कि हरी सब्जियों के दाम में गिरावट आने से काफी राहत मिल रही है। मटर, टमाटर और गाजर आदि सब्जियों के दाम गिरने से खरीदने में आसानी हो रही है।

### ये हैं हरी सब्जियों के प्रति किलो दाम

टमाटर 15 रुपये, अरदक 80, गाजर 20, मूली 20, प्याज 25, गोभी 20 रुपये, बैंगन 30 रुपये, मैथी 30 रुपये, आलू 12 रुपये, मिर्च 40, धनिया 25, लहसुन 40, शिमला मिर्च 40, लौकी प्रति किलो बिक 20 रुपये, बंदगोभी 15 रुपये, बथुआ 15 रहा है।

# नेपाल हादसा: डीएनए सैंपल से होगी शवों की पहचान

## जनपद में शव आने में चार दिन तक का लगेगा समय

**कासिमाबाद।** नेपाल विमान हादसे में मरने वाले चार भारतीयों के परिवार काठमांडू पहुंच चुके हैं। परिवार के लोग बुधवार को अपनों के शवों की पहचान करने की कोशिश करेंगे। पहचान नहीं होने पर परिवार के लोगों से डीएनए मैच करवाया जाएगा। उसके बाद परिवार के लोग शव लेकर भारत वापस आएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में 3-4 दिन का समय लग सकता है।

कासिमाबाद से काठमांडू गए मृतक के परिजनों ने नेपाल सरकार पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है। बतादें कासिमाबाद से परिवार के लोग सोमवार रात आठ बजे नेपाल जाने के लिए इंटरनेशनल बॉर्डर पहुंचे थे। लेकिन तब तक बॉर्डर सील हो चुका था। इसके चलते परिवार को बॉर्डर पर 13 घंटे तक रुकना पड़ा था। मंगलवार सुबह 9:30 बजे बॉर्डर खुला। इसके बाद परिवार के लोग नेपाल की स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जांच के लिए रवाना हुए। बुधवार को मृतक के परिजन पोस्टमार्टम हाउस जाने के लिए निकल गए हैं। अभिषेक कुशवाहा के भाई अरुनेस ने बताया कि नेपाल बार्डर पार करने के बाद हम लोग थोड़ी देर गाड़ी में रुकने के बाद काठमांडू के लिए निकल गए थे लेकिन रास्ते में हम लोगों को बहुत परेशानी हुई। हमारे साथ आए सिपाहियों को यही नहीं पता था कि हमें जाना कहां है। करीब 4 घंटे उधर से इधर हम लोगों को घुमाया गया है। उसके बाद एंबेसी पर छोड़ा गया है। जहां पर रात काटने के बाद सुबह हम लोग पोस्टमार्टम हाउस जा रहे हैं। सोनू के पिता रविंद्र ने बताया कि घर से बार-बार फोन आ रहा है बार-बार हम लोगों से फोटो मांग रहे हैं।

# शिक्षक-कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी छीनना गलत

**बोले अजय**

### विकास भवन परिसर में सरकार के खिलाफ दहाड़े शिक्षक

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू.मा) शिक्षक संघ शाखा के तत्वावधान में विकास भवन के प्रांगण में बुधवार को पुरानी पेंशन बहाल करने और नयी पेंशन व्यवस्था को जबरदस्ती लागू कराये जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) के माध्यम से प्रेषित किया गया।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघ के जिला महामंत्री अजय कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन शिक्षक-कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है जिसको छीनना सर्वथा गलत है। पुरानी पेंशन कर्मचारी एवं शिक्षकों का सम्मान है जो एक लम्बी सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के परिणाम स्वरूप प्राप्त होती है। हमसे पुरानी पेंशन छीनना हमारे साथ बहुत बड़ा अन्याय है। मण्डलीय कोषाध्यक्ष हेमनाथ राय ने नयी पेंशन को एक छलावा बताया और कहा कि यदि नयी पेंशन बहुत अच्छी है। सांसद विधायक भी नयी पेंशन लेते। बिरनो ब्लाक अध्यक्ष रामजी विश्वकर्मा ने कहा कि नयी पेंशन स्कीम पूर्ण रूप से शिक्षक-कर्मचारियों के हित में नहीं है। क्योंकि सेवानिवृत शिक्षकों को नयी पेंशन स्कीम के तहत जो पेंशन मिल रही वह बहुत कम है।

जिला कोषाध्यक्ष मु. तारिक ने कहा कि पुरानी पेंशन तो बहाल करना ही पड़ेगा क्योंकि देश के कई राज्य शुरूआत कर दिये है और अन्दर खाने उत्तर प्रदेश सरकार भी शिक्षकों व कर्मचारियों को तौल रही है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम सिंह यादव ने कहा कि रिटायर्ड हो रहे शिक्षकों कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए सरकार के पास पैसे नहीं है। यदि यह स्थिति स्पष्ट हुई तो संगठन इसके लिए भी कड़ा संघर्ष करेगा और आन्दोलन करेगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन तो हम लेकर ही रहेंगे चाहे संगठन को जो करना पड़े।

धरना में राजेन्द्र राम, दिलीप कुमार,अभय नारायण पाण्डेय, विपिन सिंह, ज्ञानेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, संजय सिंह,चन्द्रिका राम, वेद प्रकाश पाण्डेय, परमानन्द चौहान, संजय कश्यप, विवेक सिंह, महेंद्र प्रताप यादव, डा. रवीन्द्रनाथ यादव, रामाशीष यादव, अनिल सिंह यादव, मानवेन्द्र सिंह, पियूष कान्त यादव, राहुल अग्रवाल, प्रमोद तिवारी, मनोज कुमार, शहनाज बेगम व दौलत ने विचार रखे। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राधेश्याम सिंह यादव व संचालन जिला महामंत्री अजय कुमार ने किया।



विकास भवन परिसर में धरना देते शिक्षक।

### 21 को आयोजित होगा रोजगार मेला

**गाजीपुर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया है कि 21 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तुलसीपुर में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण, संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में प्लेसमेंट डे/रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा।इस मेले में विभिन्न कम्पनियॉ/नियोजक प्रतिभाग करेंगे।

### अब गूंजेगी शहनाई, 64 दिनों तक शुभ मुहूर्त

**गाजीपुर।** मकर संक्रांति के साथ ही शादी का साया एक बार फिर शुरू हो गया है। बीते रविवार को सीजन का पहला विवाह मुहूर्त रहा। पंडित श्रीनिवास चौबे की मानें, तो 14 फरवरी को वैलेंटाइन-डे का दिन भी इस बार शादी के लिए शुभ है। नए साल में 64 दिन शहनाई गूंजेगी। जनवरी से मार्च तक ही 28 शुभ मुहूर्त रहेंगे। शादी सीजन शुरू होते ही बाजारों में चहल-पहल लौटने लगी है। बैंक्वेट हॉल से लेकर बैंड बाजा, घोड़ी बग्गी, फूल वाले, हलवाई टेंट आदि के कारोबार पर रौनक लौट आई है। गत 14 दिसंबर से शहनाई की गूंज शांत थी। सोमवार से विवाह के शुभ मुहूर्त प्रारंभ हो गए। रविवार को साल का पहला विवाह मुहूर्त रहा। श्री चौबे ने बताया कि इस साल जनवरी, फरवरी और मार्च में ही विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। अप्रैल में शादी के लिए कोई शुभ दिन नहीं है। फिर मई और जून में विवाह के मुहूर्त मिलेंगे। उसके बाद चार माह के लिए शादी विवाह पर रोक लग जाएगी फिर नवंबर और दिसंबर में विवाह के मुहूर्त हैं। इस तरह से देखा जाए तो इस साल शादी के तीन सहालग होंगे। पहला जनवरी से मार्च तक, दूसरा मई और जून, उसके बाद तीसरा होगी नवंबर और दिसंबर का सहालग रहेगा।

# सरकार संविधान की कल्याणकारी अवधारणा को समाप्त करने पर तुली : अमेरिका सिंह

**नाराजगी**

### भाजपा सरकार के खिलाफ सरजू पाण्डेय पार्क में दिया धरना

**गाजीपुर।** आरक्षण बचाओ, रोजगार बचाओ, महंगाई हटाओ, भाजपा सरकार हटाओ प्रांतीय अभियान को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित सरजू पाण्डेय पार्क में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने धरना दिया। पार्टी के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम पत्रक सौंपा गया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान की कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को समाप्त करने पर तुली हुई है। संविधान में सामाजिक आर्थिक,रूप से विकास में पीछे रह गये लोगों को आगे बढ़ाने हेतु आरक्षण करने,आर्थिक असमानता कम करने का प्रावधान है। परन्तु यह सरकार अपनी अघोषित नीतियों के तहत उक्त प्रावधानों को खत्म करना चाहती है। इसका सबूत स्थानीय निकाय चुनाव में जानकारी होने के बावजूद भी मनमाने ढंग से सीटें आरक्षित कि गई। फलस्वरूप उच्च न्यायालय ने आरक्षण ही खत्म कर दिया। इसी प्रकार सर्वजनिक प्रतिष्ठानों का निजीकरण करके रोजगार के अवसर को भी समाप्त करते जा रहें है। युवाओं का भविष्य अंधकार की ओर जारहा है। महंगाई ने लोगो की कमर तोड़ दिया है। सरकार जानता की समस्याओं को हल न कर सके उसको सत्ता में रहने का हक नहीं है। किसान सभा के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि सरकार में बने रहने के लिए भाजपा सरकार जातीय और विभाजनकारी नीतियों का अनुसरण कर रही है। किसान मजदूर तबाह और बर्बाद हो रहा है। जिला सचिव जनार्दन राम ने जनविरोधी नीतिओं की आलोचना करते हुए कहा कि संविधान, आरक्षण, राष्ट्र बचाने हेतु भा ज पा सरकार को हटाना होगा। इसके लियेलगातार संघर्ष चलाना होगा।धरना को सहसचिव ईश्वर लाल, रामावध, डॉक्टर रामबादन सिंह, फूल मैन, श्यामा प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, बटोर गुप्ता, रामजन्म,रामकेर यादव, रम्शुक्ला अंगद यादव,चतुरी बिंद, मनीराम, आदि ने सम्बोधित किया।



सरजू पाण्डेय पार्क में धरना देते भाकपा के कार्यर्त्ता।

## जनसंपादकीय

# क्या उत्तर-पूर्व में और बढ़ेगी चीनी आक्रामकता?



**दिनकर कुमार**

चीनी आक्रामकता के प्रति भारतीय दृष्टिकोण, जो इस उम्मीद में उनके पिछले अपराधों को क्षमा कर देता है कि वे भविष्य में बेहतर व्यवहार करेंगे, विफल हो गया है। हमारे भोलेपन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमने चीनी व्यापार अधिशेष को उस स्तर तक बढ़ने दिया है कि यह भारत के रक्षा बजट से अधिक हो गया है, जबकि हम प्रभावी रूप से चीनी आक्रामकता को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने की नहीं बल्कि दृढ़ कार्रवाई की आवश्यकता है।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को एकतरफा बदलने की चीनी पीएलए की कोशिश को इस साल की शुरूआत में लागू हुए बीजिंग के नए सीमा कानून से जोड़ा जा सकता है। कानून घुसपैठियों के खिलाफ नाकाबंदी और ‍पुलिस तंत्र और हथियारों‍ के उपयोग की अनुमति देता है।

गौरतलब है कि इस कानून को लागू करने का चीन का फैसला पूर्वी लद्दाख में पीएलए और भारतीय सेना के बीच एक लंबे समय तक सीमा गतिरोध के बीच आया, जहां जून 2020 में दोनों पड़ोसियों के बीच हिंसक टकराव हुआ था।

चीन भारत के साथ 3,488 किलोमीटर की विवादित सीमा या एलएसी साझा करता है, जो पूर्व में अरुणाचल प्रदेश राज्य से पश्चिम में केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तक चलती है।

एलएसी के पूर्वी क्षेत्र में आठ मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र हैं - दिबांग घाटी में यांग्त्से, नमका चू, सुमदोरोंग चू, असाफिला, लोंगजू, दिचू, लमांग और फिश टेल -एक और दो। पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता ने संवाददाताओं से कहा, 'पीएलए के एक गश्ती दल ने उन स्थानों में से एक के माध्यम से (भारतीय क्षेत्र में) घुसपैठ की, जिस पर हमारे बलों ने हमला किया था।'

तवांग सेक्टर में यांग्त्से, जहां 9 दिसंबर की झड़प हुई थी, वहां पिछले साल अक्टूबर में दोनों सेनाओं के बीच एक संक्षिप्त टकराव हुआ था और दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों के बीच बातचीत के बाद इसे सुलझा लिया गया था।

विश्लेषकों का मानना है कि चीनी पीएलए के बार-बार उल्लंघन का मूल कारण नया सीमा कानून है। चीन की संसद की विदेश मामलों की समिति ने कानून बनाया था। हालांकि यह मुख्य रूप से एक घरेलू कानून माना जाता है, तथ्य यह है कि इस समिति से आया प्रस्ताव इस कानूनी तंत्र के संभावित सीमा-पार प्रभाव को इंगित करता है।

चीनी कानून के लागू होने से कुछ दिन पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने चिंता जताई थी। मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अक्टूबर 2021 के अंतिम सप्ताह में कहा, 'चीन का एकतरफा निर्णय एक ऐसा कानून लाने का है, जो सीमा प्रबंधन पर हमारी मौजूदा द्विपक्षीय व्यवस्था के साथ-साथ सीमा मसले पर भी प्रभाव डाल सकता है।'

उन्होंने कहा, 'हम यह भी उम्मीद करते हैं कि चीन इस कानून के बहाने कार्रवाई करने से बचेगा, जो एकतरफा रूप से भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति को बदल सकता है।'

चीन भारत और भूटान सहित 14 देशों के साथ कुल 22,000 किमी की भूमि सीमा साझा करता है। 14 अक्टूबर, 2021 को बीजिंग और थिम्फू ने अपने सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इसका मतलब है कि 14 पड़ोसियों में से केवल भारत के पास ही चीन के पास उचित क्षेत्रीय विवाद समाधान तंत्र नहीं है।

एनपीसी ऑब्जर्वर के अनुसार, 'सात अध्यायों में 62 लेख, भूमि सीमाओं के परिसीमन और सर्वेक्षण, भूमि सीमाओं और सीमा क्षेत्रों की रक्षा, उनके प्रबंधन और सीमा से संबंधित मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नियंत्रित करने वाला चीन का पहला राष्ट्रीय कानून है। जिसमें चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस और इसकी स्थायी समिति शामिल है।'

अनुच्छेद 4 में चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को 'पवित्र और अनुल्लंघनीय' के रूप में वर्णित किया गया है, जो भारत के लिए चिंतित होने का एक कारण है। भारत-चीन सीमा पर विवाद अभी भी अनसुलझा है और अब बीजिंग विवादित क्षेत्रों में संप्रभुता का दावा करता दिख रहा है।

चीन अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर तवांग को अपने क्षेत्र का हिस्सा बताता है। दरअसल बीजिंग इसे दक्षिणी तिब्बत बताकर पूरे राज्य पर दावा करता है। कभी तिब्बत का हिस्सा रहे तवांग को 1914 के शिमला समझौते के जरिए ब्रिटिश भारत के अधीन लाया गया था। औपनिवेशिक प्रशासक सर हेनरी मैकमोहन द्वारा खींची गई मैकमोहन रेखा को तिब्बत और भारत के बीच की सीमा के रूप में समझौते ने निर्धारित किया।

'द ड्रैगन इन द लैंड ऑफ स्नो' के लेखक त्सेरिंग शाक्य के अनुसार, हालांकि चीन ने कभी भी इस सीमा को मान्यता नहीं दी, लेकिन कहा जाता है कि तिब्बत ने तवांग सहित अपने क्षेत्र के कई सौ वर्ग मील को ब्रिटिश भारत को खो दिया है। यह बताता है कि चीन सीमा के अपने संस्करण को आगे क्यों बढ़ाता रहता है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय क्षेत्र का अतिक्रमण होता है।

अरुणाचल प्रदेश में चीन की जमीन हड़पने की कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, तीन प्रमुख क्षेत्र हैं जिनमें चीन ने पिछले कई दशकों में बड़े पैमाने पर निर्माण गतिविधि की है - अंजॉ, जो म्यांमार, दिबांग घाटी और ऊपरी सुबनसिरी जिले की सीमा भी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पीएलए ऊपरी सुबनसिरी में भारतीय क्षेत्र में लगभग 50-60 किलोमीटर अंदर चली गई है, एक ऐसा दावा जिसे सत्यापित करना मुश्किल है, यह एक पहाड़ी, ऊबड़-खाबड़ और कठिन इलाका है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क: 9476844365 )**

# पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं देश में

## सामयिकी



**अरुण तिवारी**

दिलचस्प है कि हमारा घूमना-घुमाना, आज दुनिया के देशों को सबसे अधिक विदेशी मुद्रा कमाकर देने वाला उद्योग बन गया है। विश्व आर्थिक फोरम का निष्कर्ष है कि भारतीय पर्यटन उद्योग में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 25 फीसदी तक योगदान करने की क्षमता है; वह भी गांवों के भरोसे। फोरम मानता है कि भारत के गांव विरासत, संस्कृति और अनुभवों के ऐसे महासागर है, जिन तक पर्यटकों की पहुंच अभी शेष है। गांव आधारित प्रभावी पर्यटन को गति देकर, भारत वर्ष 2027 तक प्रति वर्ष 150 लाख अतिरिक्त पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता हासिल कर सकता है। इस तरह वह 25 अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। इसके लिए भारत को अपने 60 हजार गांवों में कम से कम एक लाख उद्यमों को गतिशीलता प्रदान करनी होगी। यह भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास की पूर्णतया वाणिज्यिक दृष्टि है। भारतीय दृष्टि भिन्न है।

पर्यटन की अंतर्राष्ट्रीय दृष्टि, सिद्धान्त रूप से अपने मूल स्थान से निकलकर किसी भी अन्य देश अथवा स्थान पर 24 घंटे से अधिक ठहरने वाले को पर्यटक कहती है। यह दृष्टि रक्त-सम्बन्ध, ज्ञान-सांस्कृतिक विनिमेय, साहसिक उद्देश्य, मनोविनोद, चिकित्सा, खोज, समुद्र-दर्शन आदि जैसे उद्देश्यों से की गई यात्रा को पर्यटन की श्रेणी में रखती है। अपने मूल स्थान से दूसरे स्थान पर नौकरी करने, किसी आवासीय विद्यालय में पढ़ने अथवा कहीं स्थायी आवास के लिए की गई यात्रा की श्रेणी में नहीं रखा जाता। पर्यटन की यह दृष्टि व्यापार, वाणिज्य, राजनीतिक परिस्थितियां और धार्मिक आस्था को तीन ऐसी मूल शक्तियां मानती है, जो किसी को पर्यटन हेतु प्रेरित करती है। दुनिया में पर्यटन का विकास एकल अथवा पारिवारिक न होकर, सामूहिक क्रिया के रूप में हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध से पूर्व पर्यटन के परिणाम चाहे जो रहे हों, लेकिन उसके पश्चात पर्यटन अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में क्रांति का वाहक सिद्ध हुआ। हालांकि पर्यटन में संस्थागत प्रवेश के लक्षण अब सामने आने लगे हैं, लेकिन वास्तव में पर्यटन आज भी एक पारिवारिक-सामाजिक-आर्थिक क्रिया ही अधिक है। पर्यटन, अज्ञान को दूर कर, ज्ञान की नई विधाओं की खिड़कियां खोलता है। पर्यटन, अध्यात्मिक विकास के अवसर देता है। पर्यटन, सामाजिक सद्भाव तथा आर्थिक विकास की परिस्थितियां निर्मित करता है। पर्यटन, सांस्कृतिक, शैक्षिक, भौतिक और आर्थिक विनिमेय को सुलभ बनाता है। यह सुलभता रुढ़ियों से मुक्त होने की प्रेरणा देती है; धर्म, जाति, रंग, वर्ग और वर्ण विभेद की लकीरों को धुंधला करती है। यह सुलभता, कालखण्ड विशेष की समस्याओं के समाधान सुझाने में भी सहायक सिद्ध

मानव ने अपने भ्रमण का उपयोग अपने अंतर्मन और अपने बाह्य जगत का विकास के लिए किया। बाह्य जगत का विकास यानी सभ्यता का विकास और अंतर्मन का विकास यानी सांस्कृतिक विकास। इसीलिए मानव अन्य जीवों की तुलना में, अधिक जिज्ञासु, अधिक सांस्कृतिक, अधिक हुनरमंद और अधिक विचारवान हो सका; अपनी रचनाओं का विशाल संसार गढ़ सका। स्पष्ट है कि भ्रमण, मनुष्य के लिए मूल रूप से सभ्यता और संस्कृति.. दोनो को पुष्ट करने का माध्यम रहा है। भ्रमण की भारतीय दृष्टि का मूल यही है। इसी दृष्टि को सामने रखकर भारतीय मनीषियों ने भिन्न उद्देश्यों के आधार पर भ्रमण को पर्यटन, तीर्थाटन और देशाटन के रूप में वर्गीकृत किया है और तीनों को अलग-अलग वर्गों के लिए सीमित किया है। भ्रमण के इस वर्गीकरण तथा दृष्टि को यदि हम बचाकर रख सकें तो बेहतर होगा; वरना हमारे गांवों के भ्रमण में जैसे ही पूर्णतया नई वाणिज्यिक दृष्टि का प्रवेश होगा, हमारा भ्रमण तात्कालिक आर्थिक लाभ का माध्यम तो बन जाएगा, किंतु भारतीय गांवों को लम्बे समय तक गांवों के रूप-स्वरूप में बचा रखना असंभव हो जायेगा। भारतीय गांवों के बचे-खुचे रूप-स्वरूप के पूरी तरह लोप का मतलब होगा, भारत की सांस्कृतिक इकाइयों का लोप हो जाना। सोचिए कि क्या यह उचित होगा ?

हमें नहीं भूलना चाहिए कि भारत के गांव महज सामाजिक इकाइयां न होकर, पूर्णतया सांस्कृतिक इकाइयां हैं। हमारे गांवों की बुनियाद सुविधा नहीं, रिश्तों की नींव पर रखी गई है। भारतीय गांवों में मौजूद कला, शिल्प, मेले, पर्व आदि कोई उद्यम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली हैं। बहुमत भारत आज भी गांवों में ही बसता है। इसीलिए आज भी कहा जाता है कि यदि भारत को जानना हो तो भारत के गांवों को जानना चाहिए। रिश्ते-नाते, संस्कृति, विरासत और अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संजोकर रखने के कारण भारत के 60 हजार गांव अभी भी तीर्थ ही हैं। तीर्थाटन - तीर्थयात्रियों से सादगी, संयम, श्रद्धा और अनुशासन की मांग करता है। तीर्थयात्री से लोभ-लालच, छल-कपट की अपेक्षा नहीं की जाती। भारतीय गांवों में पर्यटन और पर्यटकों के रुझान का विकास इसी भाव और अपेक्षा के साथ करना चाहिए। नदियां, इस भाव को पुष्ट करने का सर्वाधिक सुलभ, सुगम्य और प्रेरक माध्यम हैं और आगे भी बनी रह सकती हैं। क्यों ? क्योंकि भारत की नदियां आज भी अपनी यात्रा की ज्यादातर दूरी ग्रामीण इलाकों से गुजरते हुए तय करती हैं; क्योंकि नदियां आज भी भारतीय संस्कृति व सभ्यता की सर्वप्रिय प्रवाह हैं।

भारत, नदियों का देश है। सिंधु, झेलम, चेनाब, रावी, सतलुज, ब्यास, मेघना, गंगा, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी ..नर्मदा, ब्रह्मपुत्र, तुंगभद्रा, वैगई, महानदी, पेन्नर, पेरियार, कूवम, अडयार, माण्डवी, मूसी, मीठी, माही, वेदवती और सुवर्णमुखी...गिनती गिनते जाइए. कि भारत में नदियां ही नदियां हैं। मरुभूमि होने के बावजूद, राजस्थान 50 से अधिक नदियों का प्रदेश है। राजस्थान के चुरु और बीकानेर को छोड़कर, भारत में शायद ही कोई जिला ऐसा हो, जहां नदी न हो। भारत के हर प्रखण्ड के रिकॉर्ड में आपको कोई न कोई छोटी-बड़ी नदी लिखी मिल जायेगी। भारत में शायद ही कोई गांव हो, जिसका किसी न किसी नदी से सांस्कृतिक रिश्ता न हो। मुण्डन से लेकर मृत्यु तक; स्नान से लेकर पूजन, पान, दान तक; पर्व, परिक्रमा से लेकर मेले तक, सन्यास, शिष्यत्व से लेकर कल्पवास तक; सभी कुछ नदी के किनारे। हर नदी के अपने कथानक हैं; गीत-संगीत हैं; लोकोत्सव हैं। भैया दूज, गंगा दशहरा, छठ पूजा, मकर सक्रान्ति पूरी तरह नदी पर्व हैं। गंगा के किनारे वर्ष में 21 बार स्नान पर्व होता है। गंगा, शिप्रा और गोदावरी के किनारे लगने वाले कुंभ में बिना बुलाए करोड़ों जुटते आपने देखे ही होंगे। 14 देवताओं को सैयद नदी में स्नान कराने के कारण खारची पूजा (त्रिपुरा) तथा मूर्ति विसर्जन के कारण गणेश चतुर्थी, दूर्गा पूजा, विश्वकर्मा पूजा आदि पर्वों का नदियों से रिश्ता है। नदियां योग, ध्यान, तप, पूजन, चिंतन, मनन और आनंद की अनुभूति की केन्द्र हैं ही। नदी में डुबकी लगाते, राफ्टिंग-नौका विहार करते, मछलियों को अठखेलियां लेते हुए घंटों निहारते हमें जो अनुभूति होती है, वह एक ऐसा सहायक कारक है, जो किसी को भी नदियों की ओर आकर्षित करने के लिए पर्याप्त है। किंतु इस पूरे आकर्षण को नदी, गांव और नगर के बीच के सम्मानजनक रिश्ते की पर्यटक गतिविधि के रूप में विकसित करने के लिए कुछ कदम उठाने जरूरी होंगे।

नदी केन्द्रित ग्राम्य पर्यटन को विकसित करने के लिए नदियों को अविरल-निर्मल तथा गांवों को स्वच्छ-सुन्दर बनाना सबसे पहली जरूरत होगी। एशिया का सबसे स्वच्छ गांव का दर्जा प्राप्त होने के कारण ही मेघालय का गांव मावलिन्नांग, आज पर्यटन का नया केन्द्र बन गया है। नदी-ग्राम्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नदियों को उनकी विशेषताओं के साथ प्रस्तुत करना शुरू करना होगा; जैसे सबसे छोटा आबाद नदी द्वीप - उमानंद, भारत का सबसे पहला नदी द्वीप जिला - माजुली, स्वच्छ नदी - चम्बल, भारत का सबसे वेगवान प्रवाह - ब्रह्मपुत्र, सबसे पवित्र प्रवाह - गंगा, एक ऐसी नदी जिसकी परिक्रमा की जाती है - नर्मदा, ऐसी नदी घाटी जिसके नाम पर सभ्यता का नाम पड़ा - सिंधु नदी घाटी, नदियां जिन्हे स्थानीय समुदायों ने पुनर्जीवित किया - अरवरी, कालीबेंई, गाड गंगा। भारत की प्रत्येक नदी की अपनी भू-सांस्कृतिक विविधता, भूमिका और उससे जुड़े लोक कथानक, आयोजन व उत्सव हैं। नुक्कड़ नाटक, नृत्य-नाट्य प्रस्तुति, नदी सम्वाद, नदी यात्राओं आदि के जरिए आगुन्तकों को इन सभी से परिचित कराना चाहिए। गंगा, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी, नर्मदा.. छह मुख्य नदियों को लेकर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र ने यह शुरूआत की है। इससे न सिर्फ नदियों के प्रति चेतना, जन-जुड़ाव व दायित्वबोध बढेगा, बल्कि नदी आधारित ग्रामीण पर्यटन को अधिक रुचिकर बनाने में भी मदद मिलेगी।

कुम्भ भी पर्यटन का ही एक रूप है। यह अपने मौलिक स्वरूप में सिर्फ स्नान पर्व न होकर, एक मंथन पर्व था। कुम्भ एक ऐसा अवसर होता था, जब ऋषि, अपने शोध, सिद्धांत व अविष्कारों को धर्म समाज के समक्ष प्रस्तुत करते थे। धर्म समाज उन पर मंथन करता था। समाज हितैषी शोध, सिद्धांत व अविष्कारों को अपनाने के लिए समाज को प्रेरित व शिक्षित करने का काम धर्मगुरुओं का था। राजसत्ता तथा कल्पवासियों के माध्यम से यह ज्ञान, समाज तक पहुंचता था। समाज अपनी पारिवारिक-सामुदायिक समस्याओं के हल भी कल्पवास के दौरान पाता था। एक कालखण्ड ऐसा भी आया कि जब कुम्भ, समाज की अपनी कलात्मक विधाओं तथा कारीगरी के उत्कर्ष उत्पादों की प्रदर्शनी का अवसर बन गया। कुम्भ को पुनः सामयिक मसलों पर राज-समाज-संतों के साझे मंथन तथा वैज्ञानिक खोजों, उत्कर्ष कारीगरी व पारम्परिक कलात्मक विधाओं के प्रदर्शन का अवसर बनाना चाहिए। इससे गांव-नदी पर्यटन के नजरिए को ज्यादा संजीदा पर्यटक मिलने तो सुनिश्चित होंगे ही कुम्भ, देश-दुनिया को दिशा देने वाला एक ऐसा आयोजन बन जायेगा, जिसमें हर कोई आना चाहे।

कहना न होगा कि चाहत चाहे तीर्थाटन की अथवा पर्यटन की; भारत की नदियों और गांवों में इनके उद्देश्यों की पूर्ति की संभावना अकूत है। इस संभावना के विकास का सबसे बड़ा लाभ गांवों के गांव तथा नदियों के नदियां बने रहने के रूप में सामने आयेगा। लोग जमीनी हकीकत से रुबरु हो सकेंगे। अपनी जड़ों को जानने की चाहत का विकास होगा। ग्रामीण भारत के प्रति सबसे पहले स्वयं हम भारतवासियों की समझ बेहतर होगी। इससे दूसरे देशों की तुलना में अपने देश को देखने का हमारा नजरिया बदलेगा। दुनिया भी जान सकेगी कि भारत, एक बेहतर सभ्यता और संस्कृति से युक्त देश है। इसी से भारत की विकास नीतियों में गांव और प्रकृति को बेहतर स्थान दे सकने वाली गलियां कुछ और खुल जाएंगी। नदियों के सुख-दुख के साथ जन-जुड़ाव का चुम्बक कुछ और प्रभावी होकर सामने आयेगा। भारत के अलग-अलग भू-सांस्कृतिक इलाकों के लिए स्थानीय विकास के अलग-अलग मॉडल विकसित करने की सूत्रमाला भी इसी रास्ते से हाथ में लगेगी।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

**भारतीय गांवों में मौजूद कला, शिल्प, मेले, पर्व आदि कोई उद्यम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली हैं। बहुमत भारत आज भी गांवों में ही बसता है। इसीलिए आज भी कहा जाता है कि यदि भारत को जानना हो तो भारत के गांवों को जानना चाहिए। रिश्ते-नाते, संस्कृति, विरासत और अपनी प्राकृतिक धरोहरों को संजोकर रखने के कारण भारत के 60 हजार गांव अभी भी तीर्थ ही हैं। तीर्थाटन - तीर्थयात्रियों से सादगी, संयम, श्रद्धा और अनुशासन की मांग करता है। तीर्थयात्री से लोभ-लालच, छल-कपट की अपेक्षा नहीं की जाती। भारतीय गांवों में पर्यटन और पर्यटकों के रुझान का विकास इसी भाव और अपेक्षा के साथ करना चाहिए।**

# खतरे में दुनिया भर की देशज भाषाएं

## प्रसंगवश



**अरविंद जयतिलक**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया भर की ऐसी देशज भाषाओं को विलुप्ति से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय देशज भाषा दशक की शुरूआत एक स्वागतयोग्य कदम है। यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है कि देशज भाषाओं के संरक्षण से उनसे जुड़ी संस्कृति, परंपरा और ज्ञान का भी संरक्षण हो सकेगा। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक व सामाजिक मामलों से जुड़े संस्था की मानें तो लगभग 6700 देशज भाषाओं का इस्तेमाल होता है। अगर इन्हें बचाने का ठोस पहल नहीं हुआ तो इन भाषाओं में से आधे से अधिक इस शताब्दी के अंत तक विलुप्त हो जाएंगी। इसका असर जैव विविधता पर भी पड़ेगा। भाषा विद्वानों की मानें तो अगर हम प्रकृति को बचाना चाहते हैं तो इसके लिए देशज लोगों की भाषा का समझना-जानना होगा। इसलिए कि दुनिया में जो भी जैव विविधता बची है उसका लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं लोगों ने बचाकर रखा है। इसके बावजूद हर दो सप्ताह में एक देशज भाषा का अस्तित्व मिट रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले मैक्सिकों की पुरानतम देशज भाषाओं में से एक अयापनेको के विलुप्त होने की खबरें अच्छी खासी चर्चा में थी। अयापनेको भाषा को जानने और बोलने वाले लोगों की संख्या विश्व में महज दो रह गयी है। इन शेष दो लोगों ने भी ठान लिया है कि वे आपस में इस भाषा के जरिए वातार्लाप नहीं करेंगे। मतलब साफ है कि अयापनेको भाषा का अस्तित्व मिटने जा रहा है। विश्व के तमाम देशों में बोली जाने वाली अन्य देशज भाषाएं भी दम तोड़ रही हैं। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर में तकरीबन 6900 देशज भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 से अधिक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट है। इन्हें ह्यभाषाओं की चिंताजनक स्थिति वाली भाषाओं की सूचीह्न में रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। त्रासदी यह है कि विलुप्त हो रही देशज भाषाओं को बचाने के प्रयास के बावजूद भी इन्हें बोलने और लिखने-पढ़ने वाले लोगों की संख्या कम हो रही है। गत वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कराए गए एक तुलनात्मक अध्ययन से खुलासा हुआ कि 2001 में विलुप्तप्रायः देशज भाषाओं की संख्या जो 900 के आसपास थी वह बढ़कर तीन गुने से पार जा पहुंची है। एक आंकड़े के मुताबिक दुनियाभर में 199 भाषाएं ऐसी हैं जिनके बोलने-लिखने वाले लोगों की संख्या एक दर्जन से भी कम है। उदाहरण के लिए उक्रेन में बोली जाने वाली कैरेम भी इन्हीं भाषाओं में से एक है जिसे बोलने वालों की संख्या महज 6 है। इसी तरह ओकलाहामा में विचिता भाषा बोलने वालों की संख्या 10 और इंडोनेशिया में लेंगिलू बोलने वालों की संख्या सिर्फ 4 है। विश्व में 178 देशज भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले लोगों की संख्या डेढ़ सैकड़ा तक है। किंतु दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन देशज भाषाओं को बचाने का अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुआ है। या यों कहें कि विलुप्त हो रही देशज भाषाओं को बचाने की दिशा में जितना सार्थक प्रयास होना चाहिए उतन नहीं हुआ है। भाषायी वैज्ञानिकों की मानें तो इन देशज भाषाओं को बचाकर ही उनसे जुड़ी संस्कृति और उनकी ज्ञान परंपरा की रक्षा हो सकती है। भारत की बात करें तो यहां भी देशज भाषाओं के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष पहले पीपल्स लिविंग्वस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (पीएलएसआइ) के जरिए यह खुलासा हुआ कि देश में बोली जाने वाली आठ सैकड़ा भाषाओं में आधी भाषाएं आगामी 50 वर्ष बाद सुनाई नहीं देंगी। देश में तकरीबन 780 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 400 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा है। पिछले पांच दशकों में 250 भाषाएं विलुप्त हुई हैं। इनमें से 22 आधिकारिक मान्यता प्राप्त भाषाएं भी हैं। गत वर्ष पहले ह्यभाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटरह्न द्वारा प्रकाशित अपने सर्वेक्षण में कहा गया कि देश में बोली जाने वाली 250 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं। 130 से अधिक भाषाएं विलुप्ति की कगार पर हैं। इस शोध की मानें तो असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17, और त्रिपुरा की 10 भाषाओं पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा हैं। इन्हें बोलने वालों की संख्या लगातार तेजी से घट रही है। उदाहरण के तौर पर सिक्किम में माझी बोलने वालों की संख्या सिर्फ 4 रह गयी है। कमोवेश ऐसी ही स्थिति देश के अन्य देशज भाषाओं की भी है। जिन देशज भाषाओं के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है उनमें ज्यादतर आदिवासी समुदायों की भाषाएं हैं। उदाहरण के तौर पर भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल में ही 90 से अधिक देशज भाषाएं बोली जाती है। इनमें से कई देशज भाषाओं को बोलने वालों की तादाद ऊंगलियों पर है। ओडिसा में 47 और महाराष्ट्र एवं गुजरात में 50 से अधिक देशज भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन इनमें से कई देशज भाषाएं अब नाम भर की हैं। दरअसल इसका मूल कारण यह है कि आदिवासी समुदायों की बच्चों को अपनी भाषा में शिक्षा नहीं मिल रही है। वे स्कूल जाते हैं तो इन्हें 22 आधिकारिक भाषाओं में ही शिक्षा लेनी पड़ती है। उचित होगा कि इन बच्चों को उनकी देशज भाषाओं में भी शिक्षा की व्यवस्था हो। अगर ऐसा नहीं हुआ तो न सिर्फ दुनिया की बल्कि भारत की भी देशज भाषाएं खत्म हो जाएंगी। ध्यान देना होगा कि जिन भाषाओं के अस्तित्व पर सबसे ज्यादा संकट मंडरा रहा है वह सर्वाधिक रुप से उन जनजाति समूहों के बीच बोली जाती हैं जो आज की तारीख में कई तरह के संकट से गुजर रहे हैं। सबसे बड़ा संकट इनके जीवन की सुरक्षा को लेकर है। अमेरिका हो या भारत हर जगह विकास के नाम पर जंगलों का उजाड़ा जा. रहा है। अपनी सुरक्षा और रोजी-रोजगार के लिए जनजातिय समूह के लोग अपने मूलस्थान से पलायन कर रहे हैं। दूसरे समूहों में जाने और रहने के कारण उनकी भाषा प्रभावित हो रही है। यही नहीं उन्हें मजबूरन दूसरी भाषाओं को अपनाना पड़ रहा है। इसके अलावा रोजी-रोजगार का संकट, बाहरी हस्तक्षेप और धर्म परिवर्तन इत्यादि भी कई ऐसे कारण है जिनकी वजह से इनकी कालजयी संस्कृति और भाषा समाप्त हो रही है। सत्य यह भी है कि दुनिया भर में अंग्रेजी भाषा के पसरते पांव और मिल रहे संरक्षण ने विश्व में बोली जाने वाली उन सैकड़ों लोक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा किया है। लेकिन इसके लिए अंग्रेजी भाषा को दोष नहीं दिया जा सकता। यह सही है कि विश्व में अंग्रेजी भाषा का बढ़ता प्रभाव और उसका रोजगार से जुड़ा होना अन्य लोकभाषाओं के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती है। लेकिन यह अस्वाभाविक इसलिए नहीं है कि जब भी कोई भाषा रोजगार देने में सहायक सिद्ध होती तो उसे बोलने वाले लोगों की संख्या बढ़ती ही है। और जो भाषाएं रोजगार देने में नाकाम सिद्ध होती हैं वे उसकी कीमत विलुप्त होकर चुकाती हैं। अगर अंग्रेजी भाषा अन्य स्थानीय भाषाओं के विलुप्ती का कारण बन रही है तो इस बात पर विचार होना ही चाहिए कि क्यों न क्षेत्रीय भाषाओं को अंग्रेजी भाषा की तरह ही रोजगार परक बनाया जाए। यह एक तथ्य है कि विश्व के अधिकाश हिस्सों में बोली जाने वाली अंग्रेजी भाषा न सिर्फ अंतरर्राष्ट्रीय भाषा का रुप धारण कर चुकी है बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। इन परिस्थितियों के बीच अगर अंग्रेजी भाषा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ता है और स्थानीय भाषाएं दम तोडेंगी ही। क्षेत्रीय भाषाओं के विलुप्त होने के और भी बहुतेरे कारण हो सकते हैं जिनकी पड़ताल होनी चाहिए। यहां ध्यान रखना होगा कि विलुप्त हो रही भाषाओं को बचाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है। स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आना होगा। ये भाषाएं तभी बचेंगी जब उन्हें संवैधानिक संरक्षण के साथ-साथ इन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। अगर इन भाषाओं को सिर्फ शब्दकोषों तक सीमित रखने का प्रयास हुआ तो फिर इन्हें इतिहास के गर्त में जाने से कोई बचा नहीं पाएगा। अच्छी बात यह है कि पीपल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया दुनिया भर में बोली जाने वाली छः हजार से अधिक भाषाओं पर अध्ययन करने जा रही है जिसकी रिपोर्ट 2025 में प्रकाशित होगी।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## एक प्रतिक्रिया कविता

अँधेरा है, है बहुत अँधेरा हर ओर /हर ओर है/अँधेरे का निमार्ता/ लिए तलवार डरावनी/किए सुरक्षित अँधेरे को /किसी भी रोशनी से।
पर क्या यही सत्य है मेरे समय का /और उससे भी बढ़कर /मेरा?
न सही बाकी /तेल या बाती /मेरी लालटेन में
रहे /ब्लैक आउट /घेरे मेरे पड़ोस को
कर दिए गये हो मजबूर/हजारों हजार पेड़/दियासलाई /न बनाने को
पर कैसे भूल जाऊँ/बल्कि क्यों भूल जाऊँ /उस भीतर की रोशन चिंगारी को /जो सुरक्षित है /लिपटी /सदा की तरह /उम्मीद की चादर में!
भले ही प्रचारित हो /प्रचण्ड जीत-सा बहुरूपिया की/ कि अँधेरा शाश्वत है, अजेय है,/ पर कैसे भूल जाऊँ /बल्कि क्यों भूल जाऊँ/ कि अँधेरा /चुनौती भी होता है /और प्रेरणा भी /लड़ने-मरने की।
अजगर के पेट को फाड़ /बाहर आती /मनुष्य की/ मनुष्यता भी होता है अँधेरा पहाड़ से फूट / बहता झरना भी होता है अँधेरा /चमकता।
है अँधेरा, है बहुत अँधेरा हर ओर /पर कैसे भूल जाऊँ /बल्कि क्यों भूल जाऊँ /हर अँधेरा बस चुनौती भर होता है अंततः /आदमी के भीतर छिपी / चिंगारी-सी /उम्मीद के लिए।



**दिविक रमेश**
**एल-1202, ग्रेंड अजनारा हेरीटेज, सेक्टर-74, नोएडा-201301**

## व्यंग्य



# समाज सेवा की मॉडल शॉप

**अरविंद तिवारी**

वर्षों से सूबे में शराब की मॉडल शॉप्स खुली हुई हैं।हमारी समझ में आज तक यह नहीं आया कि शराब की मॉडलिंग कैसे होती है?अन्य क्षेत्रों में भी मॉडल शॉप्स हैं।बहरहाल,अब यह मॉडलिंग समाज सेवा में भी घुसपैठ करती जा रही है।हमारे मित्रों की समाज सेवा हमेशा दो डिग्री तापमान के आसपास जागती है।रजाई और कम्बल में धंसे हुए हम,उस समय सन्निपात की अवस्था में आ जाते हैं,जब रात के बारह बजे हमारे मित्र समाज सेवा के लिए फोन पर ललकारते हैं।सबसे पहले हम ब्लोअर को बंद करते हैं।फिर आहिस्ता रजाई को हटाते हैं।पर रजाई किसी सियासी हस्ती के पुत्र मोह की तरह चिपटी ही रहती है!

सस्ती,सुंदर और सुगम समाज सेवा नगर परिषद के रैन बसेरों में ठिठुरते हुए लोगों को चाय पिलाना है।चाय पत्ती,दूध से निर्मित चाय के लिए दानदाताओं की कोई कमी नहीं है।हम खुद भी इसे अफोर्ड कर सकते हैं।पर रात में जरूरतमंदों को जाकर चाय पिलाना,सर्दी में एवरेस्ट पर फतह करने से कम नहीं होता।चाय लेकर जाते हुए लगता है,गर्म चाय की सबसे ज्यादा जरूरत तो हमें खुद को है।जिस दिन संस्था द्वारा रेलवे स्टेशन पर जाकर मुसाफिरों को चाय पिलाने का निर्णय होता है,उस दिन लगता है जैसे हमें बर्फीले तूफान में झौंक दिया गया है।रेलवे स्टेशन हमारे घर से दूर है,पर इतना भी नहीं कि पहुंचना मुश्किल हो।समस्या रजाई छोड़ने को लेकर रहती है।

सेठ किरोड़ी हमें हमेशा समाज सेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं।वह कहते हैं,तुम धन की चिंता मत करो।चाय बांटने के स्थान पर अगर गरमागरम सूप बांटना चाहो,तो उसके लिए मैं अपना पर्स खोल दूंगा।पर करना तुम सबको ही है।ठिठुरते उत्तर भारत में सबसे बड़ी समस्या रजाई से बाहर हाथ निकालने की नहीं,पूरा शरीर बाहर करने की है,ताकि जरूरतमंदों को चाय से गर्म रखा जा सके।नए लड़के निकलते नहीं और हम जैसे बुजुर्गों को ब्लड प्रेशर की समस्या है।मैं संस्था के सेठ किरोड़ी को कहता हूं,पर्स खोल देने से दान का अधूरा पुण्य मिलता है।पूरा पुण्य चाहते हो तो हमारे साथ रात को चाय बांटने निकलो।मारवाड़ी समाज सेवी सेठ

गर्मी में खुद प्याऊ पर बैठ,अपने हाथ से पानी पिलाते हैं।आपकी तरह दूसरों के हाथों पुण्य नहीं बटोरते।हम कुछ भी कहें,सेठ किरोड़ी पर कोई असर नहीं होता।

हमने कवि मित्र घसीटा को भी समाज सेवा में घसीटना चाहा,पर वह हमारे झांसे में नहीं आए।हमने कहा,हमारे साथ अगर चाय बांटने चलोगे तो कविता के प्रतीकों को अच्छी तरह समझ लोगे।पारदर्शी कम्बल से कैसे कोई गरीब,प्रतीक रूप में ठंड को मात देता है या गरम चाय को प्रतीक रूप से कैसे भोजन समझता है।घसीटा ने बताया,ऐसे प्रतीक तो आजादी के बाद से हर हुकूमत हमें उपलब्ध करवाती रही है।आज तक जितनी भी गरीबी दूर हुई है,प्रतीक रूप में ही हुई है।किसानों की आमदनी भी प्रतीक रूप में ही दुगनी हुई है।क्रांति को सदा ओढ़ने बिछाने वाले,आज तक प्रतीक रूप में ही क्रांति करते आए हैं।उनकी क्रांति की जद में कभी प्रेमचंद आ जाते हैं,तो कभी तुलसीदास।

कई बार ठंड से कांपते हुए गरीब,कम्बल की मांग कर बैठते हैं।चार दिन पहले ऐसी मांग आने पर हमने सेठ किरोड़ी को फोन किया,जो कम्बल हमारी संस्था ने गरीबों को बांटने के लिए आपके यहां रखे हैं,उन्हें तुरंत भेजो।यहां कई गरीब ठंड से कांप रहे हैं।सेठ किरोड़ी ने कहा,कम्बल तो दिन में बांटे जाते हैं,रात में नहीं।हमने कहा,ठंड को यह बात समझाओ कि वह रात में न लगे!सेठ किरोड़ी ने बताया,मकर संक्रांति के दिन दोपहर को कम्बल बांटे जाएंगे।मीडिया के साथ बड़े अधिकारी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा,हमारी समाज सेवा मॉडल समाज सेवा है।हमारी संस्था को देखकर लोग समाज सेवा करना सीखते हैं।सेठ किरोड़ी की मॉडल समाज सेवा के चक्कर में,मुझे अपने घर से लाकर तीन कम्बल ठंड से पीड़ितों को देने पड़े।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

## पति समेत तीन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के पुरंदरपुर गांव निवासी शालिनी उर्फ तान्या राय पुत्री ऋषिकेश राय ने अपने पति आनंद राय पुत्र अश्वनी राय ससुर अश्वनी राय सास कुसुम राय पत्नी अश्वनी राय निवासी खरगपुर थाना कंधरापुर के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रार्थना पत्र में लिखा है कि हमारी शादी 2021 में हुई। शादी के बाद से ही हमारे पति सास ससुर द्वारा कार खरीदने के लिए पैसे की मांग की जा रही थी। मेरे पिता देने में असमर्थता जाहिर किए तो मुझे प्रतिदिन मारा-पीटा जाता था। पैसे के लिए 9 जनवरी 2023 को मारपीट कर मुझे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया और मेरे पति द्वारा जबरदस्ती ऑटो में बिठाकर मेरे मायके पुरंदरपुर के पहले छोड़ कर चले गए। जब मैं अकेले जाने से मना की तो वहां मुझे बाल पकड़कर घसीटते हुए बुरी तरह से मारे पीटे जिससे मैं गम्भीर रूप से घायल हो गयी। इस संबंध में सूचना लेकर सरायमीर थाने पर पहुंची तो वहां पर मेरी सुनवाई नहीं हुई। थकहार कर पुलिस अधीक्षक के यहां पहुंची और आपबीती सुनायी। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सरायमीर पुलिस ने 3 लोगों के के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# हानिकारक केमिकल व रंगों का प्रयोग खाद्य सामग्री में न करें : जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

मुख्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल से दिसंबर तक 2158 निरीक्षण, 256 छापे एवं 285 नमूने संग्रहित किए गए हैं। जो प्रकरण मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं, उस प्रकरण से संबंधित मुकदमे एसीजीएम कोर्ट में चल रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि एसीजीएम कोर्ट में जितने प्रकरण चल रहे हैं, उन सभी पर अब तक क्या-क्या कायीवाही की गई, उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराएं, जिससे उसकी मॉनिटरिंग कराई जा सके।


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

जनपद में एफएसएसएआई के अंतर्गत जो रजिस्टर्ड रेस्टोरेंट, होटल, खाद्य कारोबारी हैं, उन सभी पर कितने निरीक्षण, छापे आदि की कार्यवाही की गई, उसकी सूची उपलब्ध कराएं। इसी के साथ ही शहर क्षेत्र में अच्छी मिठाई की दुकानों को चिन्हित करते हुए मिठाइयों पर मिठाई के तैयार करने की तिथि व प्रयोग अवधि प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने मुख्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि सरकारी अस्पतालों के कैंटिनों से मरीजों को खाना दिया जाता है, उसमे खाने की गुणवत्ता की जांच करायें। इसी के साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो मेले लगते हैं, उसमें स्ट्रीट वेंडरों द्वारा दुकानें लगाई जाती हैं, उनके खाद्य सामग्रियों का निरीक्षण कराएं।

जिलाधिकारी ने समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों के हलवाईयों के साथ बैठक करें और उनको हानिकारक केमिकल एवं रंगों के बारे में बताएं और उनको निर्देशित करें कि इसका प्रयोग मिठाई, खाद्य सामग्री में न करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, मुख्य सुरक्षा अधिकारी दीपक श्रीवास्तव, औषधि निरीक्षक सीमा वर्मा, औषधि प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि, रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब के प्रतिनिधि सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्य में शिथिलता क्षम्य नहीं: राजीव मौर्य

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सभागार में बुधवार को खण्ड बिकास अधिकारी फूलपुर बाबूराम पाल की उपस्थिति में समस्त रोजगार सेवकों, पंचायत सहायकों, तकनीकी सहायकों, ग्राम विकास अधिकारियों आदि की बैठक हुई। बैठक में खण्ड बिकास अधिकारी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत अधिकारी रोजगार सेवक पंचायत सहायकों से अब तक हुए बिकास कार्यों सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। अब तक की प्रगति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास के चयन सहित पात्रता चयन में पारदर्शिता पूर्वक निष्पक्ष रूप से कार्य करने की हिदायत दी। नए आवास पर जॉब कार्ड मैपिंग करायें। कार्य में शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजीव मौर्य ने नए पुराने प्रधानमंत्री आवास की वर्क आईडी पर मास्टर रोल निर्गत करें। गांव में ऐसे श्रमिक हैं जिनका नब्बे दिन पूर्ण हो चुका हो उनका श्रम बिभाग में पंजीयन करायें। बिधवा बृद्धा दिब्यांग के पात्र का चयन कर ऑनलाइन आवेदन फार्म की जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी गौरव यादव, एडीओ आईएसवी प्रमोद कुमार, एडीओ पंचायत चन्द्र प्रकाश दुबे, शैलेन्द्र, अखिलेश, अरविंद, अशोक, सुनील, राजेश आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विकास खंड सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय तथा खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पंचायती राज निदेशालय से आये प्रशिक्षकों द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षक रमेश चंद्र सिंह तथा कमला कांत राय व दीपक सिंह द्वारा बुधवार को प्रथम दिन प्रशिक्षित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय ने कहा कि पंचायती राज योजना को समय से धरातल पर उतारकर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोलियो, टीबी की बीमारी की दवा वर्षों में आ पाई लेकिन कोरोना काल के समय मात्र कुछ महीने में दवाओं को बनाकर सरकार ने 135 करोड़ जनता को कोविड-19 का टीका लगवा दिया तथा आम जन मानस सुरक्षित रहा। खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षकों द्वारा बताई गई सारी बातों को ध्यान से सुन कर उससे भविष्य में लाभ उठाया जाय। इस अवसर परएडीओ पंचायत ओम प्रकाश सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम विकास अधिकारी उपेंद्र धर्मेंद्र सरोज लालमन यादव प्रमोद सरोज राजकुमार गुप्ता सुधीर पांडे श्यामलाल बाल गोविंद यादव राकेश यादव अजय सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन ग्राम विकास अधिकारी गौतम श्रीवास्तव ने किया।

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**आजमगढ़।** डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार एसोसिएशन आजमगढ़ में नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सिधारी स्थित एक होटल सभागार में किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीराम सरोज, मुख्य अतिथि अपर आयुक्त ग्रेड-2 (अपील) आजमगढ़ मौजूद रहे। उमाशंकर वरिष्ठ अधिवक्ता एल्डर कंमेटी के चेयरमैन की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरेन्द्र श्रीवास्तव एवं महामंत्री उमेश यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयगोबिन्द सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक राम, कोषाध्यक्ष मनोज यादव, सहमंत्री अनूप कुमार विश्वकर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार श्रीवास्तव, रमेश राम, राम प्रताप राय, आलोक रंजन, रामनाथ यादव, पदेन कार्यकारिणी सदस्य सन्तोष कुमार मिश्र, एल्डर कमेटी ज्ञानचन्द्र यादव, विजय कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव आदि को एल्डर कमेटी के चेयरमैन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

### कार्यकर्ता संगठन की रीढ़: आनन्द गुप्ता



**रानीकीसराय आजमगढ़।** भारती जनता पार्टी के पिछडा वर्ग की बैठक जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर बुद्ववार को हुई। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर पिछडा वर्ग के क्षेत्रीय मंत्री आनन्द गुप्ता रहे। कार्यकताओं को सम्बोधन मे आनन्द गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते है। संगठन की सक्रियता से ही मुकाम हासिल किया जा सकता है। लालगंज पिछडा वर्ग के महामंत्री शैलेष प्रजापति ने कहा कि कार्यकर्ता शासन की नीतियों को जनजन तक पहुचाए। जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए सक्रिय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृजभूषण चैहान संचालन शैलेश ने किया। मौके पर शैलेंद्र चैहान, रामसिंह, सुभाष गुप्ता, राजेश विश्वकमा, अशोक यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### शातिर अपराधी असलहा व कारतूस के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे



**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम टोडरपुर गांव निवासी ज्ञान यादव पुत्र पारस यादव के पास से एक अवैध तमंचा 303 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया। मेंहनगर पुलिस अपराधियों की तलाश में चेकिंग के लिए टोडरपुर में मौजूद थे। जैसे ही गोवर्धनपुर गांव की तरफ से जाने वाले मार्ग पर पहुंचे की एक व्यक्ति आ रहा था। शक होने पर पुलिस ने रुकने को कहा तो वह भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर गोवर्धनपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना नाम ज्ञान यादव पुत्र पारस यादव निवासी टोडरपुर बताया। उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसे सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया।

### गैंगस्टर का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**मेहनगर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मेंहनगर पुलिस ने गैंगेस्टर ऐक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेंहनगर पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि गैंगस्टर आरोपी कहीं भागने की फिराक में सिंहपुर बाजार में खड़ा है। मुखबिर सूचना पर वांछित अभियुक्त पुल्लू राजभर पुत्र झम्मन राजभर निवासी पिपरई थाना नंदगंज जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी गैंगेस्टर के मुकदमें वांछित था और यह फरार चल रहा था। उक्त व्यक्ति शातिर अपराधी गोलबंद समाज विरोधी तथा शराब तस्करों का सदस्य है।

### 25 बकायेदारों का कटा कनेक्शन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** नायब तहसीलदार सुशील कुमार के साथ संग्रह टीम व अवर अभियन्ता मनीष कुमार के साथ संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत चमराडीह खुरासो मानपुर आदि गावों में 15 बकायादारों का बिद्युत बिच्छेदन कराया गया। मानपुर खुरासो गांव से 50 हजार की बकाया राशि की वसूली की गई। इसी प्रकार नगर के शंकर तिराहा सहित गल्ला मंडी सरस्वती स्कूल के पास अवर अभियंता निखिल शेखर सिंह के साथ बकायादारों के खिलाफ चले अभियान में 10 बकायादारों का बिद्युत बिच्छेदन किया गया। वहीं बकाया न जमा करने और बिद्युत का प्रयोग कर रहे दो बिद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिसमें राजेश वर्मा व बेचन सोनार शामिल हैं। चेकिंग अभियान में प्रशांत, आशीष कुमार, लालचन्द, अंगद, देविश्याम, पवन आदि उपस्थित रहे।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक धराया

**आजमगढ़।** थाना अतरौलिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को बूढनपुर अतरैठ रोड पर शेरवा पुल के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त नीलेश विश्वकर्मा पुत्र संगम विश्वकर्मा निवासी जगदीशपुर कादीपुर थाना राजेसुल्तानपुर जनपद अम्बेडकर नगर बताया जा रहा है।

### शिशु का शव मिलने से सनसनी

**लालगंज (आजमगढ़)।** भीरा तिराहा के पास नेशनल हाईवे 233 पर बुधवार को सड़क के किनारे लोगों ने एक नवजात मृत शिशु का शव देखा जिससे सनसनी फैल गई। काफी देर तक लोगों के कुछ समझ में न आने से वहां मौजूद लोगों ने मृत नवजात शिशु को गड्ढा खोदकर उसी में दफन कर दिया। ताकि उसे पशु आदि नुकसान न पहुंचा सकें। यह नवजात शिशु किसका था समाचार लिखे जाने तक कुछ भी पता नहीं चल सका।

### दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को बहला फुसलाकर कर भगाने वाले दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को सोनवारा मोढ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त अनौरा गांव निवासी आफताब पुत्र आमिर बताया जा रहा है।

# कार्यकर्ताओं की हत्या से जिले में आक्रोश

**गुस्सा**

### बजरंग दल ने किया प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** देश के कई हिस्सों में बजरंग दल के कार्यकताओं की हत्या के विरोध में कार्यकताओं का आक्रोश जिला मुख्यालय पर भी देखने को मिला। बुधवार को विहिप की युवा शाखा बजरंग दल द्वारा कलेक्ट्रेट चैराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। कार्यकर्ता कुंवर सिंह उद्यान के निकट एकत्रित होकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए हाथों में तख्तियां लिए कलेक्ट्रेट चैराहे पर पहुंचे। जहां जमकर जिहादी उन्मादियों के विरुद्ध नारेबाजी की।


ज्ञापन सौंपते विहिप विभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल।

प्रांत सह संयोजक गौरव रघुवंशी ने बताया कि जिहादी ताकतों द्वारा कभी सर तन से जुदा के नाम पर तो कभी विहिप बजरंग दल के कार्यकताओं की चोरी छिपे हत्या के नाम पर हिन्दू समाज को आतंकित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। सोची समझी साजिश के तहत हमलों के लिए नाबालिगों को आगे किया जा रहा है, जो कि मदरसों की शिक्षा के कारण क्रूरता और घृणा से कूट-कूट कर भरे होते हैं। कार्यकताओं ने राष्ट्रपति से मांग किया कि भड़काऊ भाषण देने वाले मौलवियों और नेताओं पर नियंत्रण करने के लिए एक कठोर कानून बनाया जाय। इन हमलों में शामिल नाबालिगों को बालिग मानकर कठोर सजा दी जाय जिससे कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगे एवं हिंसा के लिए प्रेरती करने वाले सिमी, सिटीजन फोरम जैसे संगठनों को प्रतिबंधित करते हुए मदरसों पर प्रभावी नियंत्रण की व्यवस्था बनाई जाए।

अन्यथा वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। नेतृत्व बजरंग दल आर्यमगढ़ के जिला सह संयोजक उत्कर्ष व फूलपुर जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने किया। इस अवसर पर विहिप विभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कुंवर गजेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, शंकर यादव, अधिवक्ता मनोज सिंह, अरुण राय, किशन मोदनवाल, अरविंद अग्रवाल, राघवेंद्र मिश्र लड्डू, अरविंद मोदनवाल, हिमांशु राज, सूरज निषाद आदि मौजूद रहे।

# गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत अभियान में शामिल होकर समाज में गिरते लिंगानुपात को रोकने एवं बेटियों को समाज में गौरवपूर्ण स्थान दिलाने में भागीदारी निभाने की शपथ लेते हुए बैनर पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया।


अभियान पोस्टर पर हस्ताक्षर करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम सभी लोग यह संकल्प लें कि महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षित रखेंगे और उन्हें शिक्षित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ेंगे। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 18 जनवरी से 24 जनवरी तक बालिका सप्ताह मनाया जायेगा। इसी क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत हस्ताक्षर अभियान में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी बीएल यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मोती लाल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह, महिला कल्याण अधिकारी प्रीति उपाध्याय, वन स्टाप सेन्टर मैनेजर, सरिता पाल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ लेते हुए हस्ताक्षर किया गया। इसी के साथ ही कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारियों सहित महिला कल्याण विभाग की अन्नू सिंह, ममता यादव, शिवाली त्रिपाठी, रंजना मिश्र आदि द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

# बेरोजगारी, महंगाई को लेकर भाकपा ने किया प्रदर्शन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** भारतीय कम्पयुनिस्ट पार्टी के कार्यकताओं ने जिला मंत्री खरपत्तू राजभर के नेतृत्व में आरक्षण बचाओ, रोजगार बचाओ, मंहगाई व भाजपा सरकार हटाओ के नारे लगाते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया।


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते भाकपा कार्यकर्ता।

भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य हामिद अली ने कहा कि भारत का संविधान जाति, धर्म, लिंग, भाषा के आधार पर किसी भी वर्ग में भेद नहीं करता है। लेकिन आज कल जाति, धर्म के आधार पर भाजपा और संघ परिवार द्वारा आदमी से आदमी को और महिला से महिला के बीच खाई बढ़ाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है जो देश व समाज के लिये अच्छी बात नहीं है। जितेन्द्रहरि पाण्डेय ने बताया कि 11 जनवरी से 17 जनवरी तक प्रदेश भर में भाकपा ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है। रामाज्ञा यादव ने कहा कि समाज में बांटो और राज करो की नीति भाजपा बन्द करें। किसान सभा के नेता वशीर मास्टर ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी एवं किसानों के मुद्दों को लेकर किसान सभा आगे बड़ा आंदोलन करेगी।

इस मौके पर रामचन्दर यादव, जियालाल, मखडू, राजभर, मो.शेख ओबैदुल्ला, राज नरायन, सूबेदार, चन्द्रमोहन यादव, दीपक यादव, रामलगन आदि उपस्थित रहे।

## पशुओं के रखरखाव पर दें विशेष ध्यानः विशेष सचिव

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** विशेष सचिव व्यवसायिक शिक्षा अभिषेक सिह ने बुद्ववार को व्लाक क्षेत्र के सेठवल गाव के गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान मवेशियों को सुविधा देने और खाली पडी भूमि पर एक और आश्रयस्थल बनाने का निर्देश दिया। विशेष सचिव बुद्ववार को सेठवल गाव के उत्तरी भाग मे बने गोशाला पहुचे। इस दौरान गोशाला के साथ पशुओं के रजिस्टर मे लेखाजोखा का अवलोकन और चारे की व्यवस्था परखी। मौके पर मौजूद लोगो से हरे चारे, मवेशियों के रखरखाव के उचित व्यवस्था के साथ शासन योजना के तहत क्रियान्वयन करने .पशुओं के टैगिंग करने के निर्देश दिये। पशुओं के बीमार होने पर उपचार के बाबत पशु अधिकारी से जहा पूछा वही इस दौरान गोशाला के बगल मे खाली पडी भूमि पर एक और निर्माण कराये जाने को भी कहा। व्यवस्था से सचिव के संतुष्ट रहने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान एसडीएम, धर्मेंद्र पांडेय, पंचरतन, संतोष साहू, खुशबू सिंह आदि लाग उपस्थित रहे।

# प्रधानों ने सौंपा 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद यादव के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी लालगंज आलोक कुमार सिंह को 6 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपकर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा हेतु विभिन्न दिशा निर्देश जारी किए जाने से संबंधित संवैधानिक व्यवस्था के आधार पर चुने हुए जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान के अधिकारों में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामसभा के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है।


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रधान।

प्रधानो ने कहा कि नेटवर्क की समस्या के कारण मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति दर्ज न होने के कारण मजदूरी भुगतान की समस्या उत्पन्न हो रही है। मोबाइल मीटिंग पर रोक लगाकर पुरानी व्यवस्था लागू होनी चाहिए। जनपद में मनरेगा द्वारा कराए गए कार्य श्रमिक भुगतान और मटेरियल का भुगतान जो लगभग 2 महीने से नहीं हो रहा है तत्काल किया जाए। मिस्त्री और मटेरियल का भुगतान कार्य संपन्न होने के उपरांत ज्यादा से ज्यादा 2 माह के अन्दर किया जाए।

ग्राम प्रधान सचिवालय सचिव, सामुदायिक शौचालय कर्मी विद्युत बिल का भुगतान आदि के लिए सरकार के द्वारा अलग से धनराशि उपलब्ध कराई जाए। ऐसी सभी ग्राम पंचायतों को जिनकी क्षमता 7 लाख से कम है उनके यहां सचिवालय निर्माण कायाकल्प के लिए अलग से वित्त उपलब्ध कराया जाए। ग्राम प्रधानों का संपूर्ण भुगतान मानदेय भत्ता आदि हेतु कम से कम 30 हजार प्रतिमाह किया जाए।

इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद कुमार यादव, रविंद्र राय, संजय राय, रामचंद्र, संतोष कुमार, दिनेश यादव, बबलू, अजीत प्रजापति, पप्पू लाल यादव, आदि उपस्थित रहे। प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो संगठन धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा।

# क्षेत्राधिकारी ने थाना परिसर में की जनसुनवाई

**आयोजन**

### 4 मामलों का किया निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में वर्ष 2023 में प्रत्येक माह अपराध नियंत्रण, अपराधियों पर कार्यवाही व जनसुनवाई की सफलता के आधार पर माह के सर्वश्रेष्ठ थानाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके लिए मार्किंग सिस्टम बनाया गया है जिसमें कार्यवाही के लिए नम्बर निर्धारित किये गए हैं। असंतोषजनक कार्य प्रणाली वाले थाना प्रभारियों पर कार्यवाही भी की जाएगी।


अतरौलिया थाने में सुनवाई करते क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी।

इसी क्रम में बुधवार को अतरौलिया थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी महेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में जन सुनवाई के दौरान मामलों का समाधान किया गया। जन सुनवाई के दौरान 7 पीड़ित फरियादियों ने अपने प्रार्थना पत्र दिए जिसका गहनता से अवलोकन कर क्षेत्राधिकारी ने समाधान किया। वहीं एक मामला राजस्व संबंधित प्राप्त हुआ जिसे संबंधित लेखपाल को दिया गया। जन सुनवाई के दौरान थाने पर आए फरियादियों से पूछताछ कर मौके पर ही दोनों पक्षों की सहमति से निस्तारण किया गया। क्षेत्राधिकारी महेंद्र शुक्ला ने बताया कि अब प्रत्येक माह के बुधवार को अतरौलिया, सोमवार को अहिरौला, शुक्रवार कप्तान गंज, वृहस्पतिवार तहबरपुर में जनसुनवाई की जाएगी, जिसमें लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

थाना स्तर पर प्रत्येक दिन थाना प्रभारी के नेतृत्व में मामलों का समाधान जनसुनवाई के रूप में की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह व उपनिरीक्षक, महिला कांस्टेबल पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## जिपंका की नोटिस से दुकानदारों में रोष

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** जिला पंचायत कार्यालय द्वारा बाजारों में जीविकोपार्जन कर रहे दुकानदारों को नोटिस भेज कर प्रताड़ित करने से दुकानदारों में रोष व्याप्त है। कस्बा समेत सहीदवारा आदि बाजारों में इन दिनो जिला पंचायत कार्यालय से हैसियत कर की मनमाना शुल्क लगाकर नोटिस भेजी जा रही है। नोटिस देने के दौरान कर्मियों द्वारा कार्यालय आकर मिलने को कहा जाता है। नागरिकों का कहना है कि कार्यालय द्वारा कभी लाइसेंस के नाम पर शुल्क वसूली तो कभी हैसियत के नाम पर कर लगाकर उत्पीड़न किया जा रहा है। विभाग के इस कारनामे से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। क्षेत्र के रवि कुमार, राजेन्द्र, विजेंदर आदि ने जिला प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

## पंडित यज्ञ नाथ मिश्र की तृतीय पुण्यतिथि आज

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बड़ागाँव में पंडित यज्ञ नाथ मिश्र कि तृतीय पुण्यतिथि 19 जनवरी को अस्सी मैरेज हाल बड़ागाँव निजामाबाद में मनाई जायेगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विपिन कुमार सिंह व्लाक प्रमुख होंगें उक्त आशय की जानकारी क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेन्द्र नाथ मिश्र ने दी।

# डॉ.सुरभि सहाय बनीं सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय की प्रबंधक

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** श्री सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय हनुमानगढ़ी की बैठक बुधवार को अध्यक्ष नरेन्द्र लाल के काली चैरा स्थित आवास पर सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से रिक्त पड़े प्रबंधक पद पर निर्विरोध अध्यक्ष डा.सुरभि सहाय को निर्वाचित किया गया।


चुनाव के दौरान मौजूद कार्यकारिणी के सदस्य व पदाधिकारी।

डा.श्रीनाथ सहाय के निधन के बाद से यह पद रिक्त पड़ा हुआ था जिसको लेकर कार्यकारिणी समिति द्वारा एक चुनाव सम्पन्न कराया गया जिसमे अध्यक्ष नरेन्द्र लाल, उपाध्यक्ष डा.भगत सिंह, उपप्रबंधक पदमनाभ श्रीवास्तव एडवोकेट आदि पदाधिकारियों ने डा.सुरभि सहाय को निर्विरोध प्रबंधक चुना। नवनिर्वाचित प्रबंधक को सभी ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित प्रबंधक डा.सुरभि सहाय ने कहा कि श्री सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय हनुमानगढ़ी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विद्यालय की बेहतरी के लिए हम सभी को अपना शत प्रतिशत योगदान देना होगा और टीमवर्क के जरिए ही महाविद्यालय का कायाकल्प किया जा सकता है। इस मौके पर जगदम्बा पांडेय, लक्ष्मीकांत तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, डा. शशि भूषण श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, पवन, अंजू श्रीवास्तव, राय अनूप कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# दो लाख के अवैध गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**कामयाबी**

**तस्करी में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल बरामद**

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षान्त राज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को थाना जिगना पुलिस बल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना जिगना क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा गांजा क्रय-विक्रय किया जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना जिगना पुलिस द्वारा मौके पर दबिश देकर 04 आरोपियों 1दीपक कुमार बिन्द, सचिन उर्फ अखिलेश, पवन यादव व ओम प्रकाश यादव को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से छः बण्डलों में रखा हुआ कुल 14.450 किग्रा अवैध गांजा (अनुमानित कीमत 2.0 लाख) तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त की जा रही 03 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जिगना पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग विगत कुछ दिनों से दीपक कुमार बिन्द से गांजा खरीद कर मीरजापुर व आस-पास के जनपदों में मोटर साइकिलों से बिक्री करने का काम करते है, जिससे अर्जित धनराशि से अपने तथा अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते है।


जिगना पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी

## सीडीओ को पत्रक सौंपकर ग्राम सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की लगाई गुहार

**मांग**

**पीएम आवास हेतु 15 हजार रुपए मांगने का लगाया आरोप**

**हलिया।** विकास खंड के ऊंटी ग्राम पंचायत निवासी विधवा महिला धीराजा देवी पत्नी स्वर्गीय राम अचल व सावित्री देवी पत्नी श्याम बिहारी ने बुधवार को सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस को पत्रक सौंपकर ग्राम सचिव पर पात्र होने के बाद भी 15 हजार रूपए नही देने पर प्रधानमंत्री आवास के लिए अपात्र घोषित करने का आरोप लगाते हुए सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए प्रार्थना पत्र में महिलाओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में बीडीओ ने जांचोपरांत प्रधानमंत्री आवास दिए थे और हम लोगों का नाम वेबसाइट पर अपलोड था लेकिन वर्ष 2022-23 में ग्राम सचिव के द्वारा हम लोगों से 15 हजार रुपए सुविधा शुल्क मांग रहे थे कहा कि 15 हजार रुपए नही दिए जाने पर आवास के लिए अपात्र घोषित कर देंगे। सचिव ने कहा कि आवास के लिए ब्लाक से लेकर जिला तक सुविधा शुल्क देना पड़ता है। हम लोगों द्वारा आवास के लिए 15 हजार रुपए नहीं दिए जाने पर सचिव ने गांव में आकर दूसरे का बना पक्का मकान का फोटो खींचकर वेबसाइट पर अपलोड कर आवास के लिए अपात्र घोषित कर दिया। सचिव को रूपए नही देने पर हम लोगों को आवास के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया है जबकि हम लोग प्रधानमंत्री आवास के लिए पात्र हैं। विधवा धीराजा देवी व सावित्री देवी ने सीडीओ को पत्रक देकर मामले की जांच कराने व आवास के लिए पात्र होने के बाद भी अपात्र घोषित करने वाले ग्राम सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षेप

### बदल रही है गांवों में विकास की तस्वीर : ब्लॉक प्रमुख



**लालगंज।** परमहंस आश्रम जयकर स्थिति भुकभुकिया भगवान शंकर मंदिर के परिसर में विकासखंड लालगंज के ग्राम प्रधानों ने प्रमुख की अध्यक्षता में बुधवार को गांव के विकास के मुद्दे पर चर्चा करके विकास योजनाओं को धरातल पर प्रत्येक व्यक्ति से जोड़ने के लिए चर्चा किया। कहा कि गांव की तस्वीर बदल रही है और इसके लिए भारत सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाएं के पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में ग्राम प्रधान जुटे हुए हैं। प्रमुख जयंत कुमार ने कहा कि लालगंज विकासखंड के विकास के लिए उत्तरोत्तर क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत दोनों के संबंधों से आधारभूत विकास किया जाएगा। जिसके लिए प्रत्येक गांव के प्रधान के समन्वय विचार से योजना को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में बदलाव लाया जा रहा है। प्रधान संघ की अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने बताया कि विकासखंड के 53 ग्राम सभाओं में प्रत्येक गांव की अपनी व्यवस्था सामूहिक चर्चा और विकास के मॉडल से तय की जा रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गणेश शंकर द्विवेदी, श्याम कुमारी, शारदा सिंह, रामकुमार, महानारायण, मुंशी, हफीज अहमद, महानंद, सीमा, कुसुम देवी, सरोज देवी, राज नारायण पाल महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### कॉरिडोर व दान के नाम पर फ्राड, मुकदमा दर्ज

**मीरजापुर।** विंध्याचल पुलिस ने माता विंध्यवासिनी के नाम से फेसबुक पेज और वेबसाइट के माध्यम से चंदा वसूलने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज मामले में एसपी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हें जेल भेजने के साथ ही गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। विंध्याचल मंदिर के नाम पर और वेबसाइट पर उत्तर प्रदेश में बड़े नवीनीकरण एवं विकास कार्य हेतु स्वेच्छा से दान की अपील किया गया था। विंध्य कारिडोर के निर्माण के नाम पर चंदा वसूलने की शिकायत जिला प्रशासन को मिला था। जिस पर जांच किया जा रहा था। वेबसाइट और फेसबुक खंगालने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ विंध्याचल थाना में मामला दर्ज कराया। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मामला दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही उनके ऊपर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। कारीडोर निर्माण कार्य के लिए कोई चंदा लेने का प्रावधान नहीं है जिन। इसके बावजूद साइबर क्राइम करते हुए मंदिर और निर्माण के नाम पर लोगों से दान के नाम पर वसूली की जा रहा है। जो नियम के विरुद्ध हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कार्यवाही किया जाएगा। एसपी ने बताया कि विंध्य कारीडोर के नाम पर लोगों के द्वारा चंदा वसूलने की शिकायत मिली थी। जिस पर कमेटी का गठन कर जांच बैठाई गया था। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कराया गया है। आरोपियों के बारे में काफी कुछ पता लगा है। जल्द ही दान के नाम पर वसूली करने वालों को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

### 30 वर्षीय युवक की ठंड लगने से मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय युवक की ठंड लगने से बुधवार को सुबह मौत हो गई। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत धसड़ा गांव निवासी फूलचंद का 30 वर्षीय पुत्र लालजी दिहाड़ी मजदूर कार्य करता था। मंगलवार को लालजी मजदूरी करने के लिए मीरजापुर शहर में गया हुआ था जहां काम करते समय पटिया टूटने से वह छत से नीचे गिर गया था। जिसका मंडलीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कराने के बाद शाम को वह घर चला गया था। बुधवार को भोर में ठंड के प्रकोप से लालजी को अचानक दर्द बढ गया और पत्नी रेखा स्वजनो के साथ निजी साधन से अस्पताल लेकर जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतक मजदूर के 5 वर्षी व तीन वर्ष के दो बच्चे है। लालजी अपने बाप का इकलौता पुत्र था, मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया ने बताया कि लहंगपुर चौकी के प्रभारी साक्ष्य में वाराणसी गए हैं, दूसरे सब इंस्पेक्टर को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

### तीन चोरों को ग्रामीणों ने दबोचा

**मड़िहान।** दो दिन पूर्व खेत से चोरी समर सेवल पम्प बरामद किया गया। मोटर बेचने गए तीन साथियों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। दो चोर भागने में सफल हो गए। बरामद पम्प समेत चोरों को पुलिस के हवाले किया गया। फरार हुए दो चोरों की तलाश में पुलिस जुट गयी है। हिरासत में लिए गए आरोपी युवकों में दिनेश व धर्मेन्द्र पटेवर व सोनभद्र जनपद स्थित सिरहूट गांव निवासी युवक पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों द्वारा देवरी गांव निवासी गोलू मिश्रा व भदौहा गांव का एक युवक फरार बताया जा रहा है।

### टीकाकरण में न करें लापरवाही : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस/ उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा की अध्यक्षता में तहसील तक टास्क कोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देशित किया गया कि यूनिसेफ के सहयोग के लिए टीकाकरण से वंचित 0 से 2 वर्ष के बच्चे झिझक परिवार को टीकाकरण कराये जाने में लापरवाही न हो। पंचायती राज शिक्षा विभाग आंगनबाड़ी विभाग व अन्य के सहयोग से टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिसमें जिला से जिला समन्वयक अखिलेश शर्मा, यूनिसेफ से डॉ अभिषेक जायसवाल, डॉक्टर अशोक कुमार, खंड विकास अधिकारी महेश कुमार, एडीओ पंचायत राजाराम उपाध्याय, सीडीपीओ विकास शुक्ला, बी ई ओ जय कुमार यादव, एफएम अखिलेश पाठक, बीएमसी यूनिसेफ अंकित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### बाइक व स्कूटी की टक्कर में दो घायल

**सीखड़।** कछवां थाना क्षेत्र के खैरा आरा मशीन के पास बुधवार सायं करीब 3:30 बजे स्कूटी एवं बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल हो गए। धनैता गांव निवासी सुनील 22 पुत्र मुन्ना घर से खैरा की तरफ जा रहा था चुनार की तरफ से घोरावल निवासी महावीर 28 पुत्र रामबली निवासी फुलवारी थाना घोरावल की आमने सामने टक्कर हो गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँची खैरा पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए कछवां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। चिकित्सकों ने दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं।

### दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज, मीरजापुर पर मंगलवार को वादी रजवन्ती पत्नी तौलन निवासी रामपुर रिक्शा थाना मड़िहान मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री की दहेज हत्या के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसमें धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज ज्ञानू प्रिया मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से नामजद आरोपी प्रेमनाथ(पति) पुत्र प्रभु निवासी चफला थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन घायल

**लालगंज।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के सर्विस रोड पर स्थित राजापुर गांव के सामने यूनूस पुत्र जैनुद्दीन उम्र 18 वर्ष निवासी बनकट थाना देहात कोतवाली व शाहिद पुत्र जैनुद्दीन निवासी बनकट थाना देहात कोतवाली बाइक से लहंगपुर अपने घर बनकट जा रहे थे कि जैसे ही राजापुर गांव के सामने पहुंचे कि सामने से आ रहे साइकिल सवार रामधनी पुत्र बैठोले कोल निवासी खम्हरिया थाना लालगंज में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। जानकारी मिलने पर लहंगपुर चौकी प्रभारी धनंजय सिंह अपने कांस्टेबल पद्माकर सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार दो घायलों को उपचार के लिए निजी वाहन से मीरजापुर भेजा गया। वहीं पर साइकिल सवार रामधनी को 108 एम्बुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज उपचार के लिए भेजा। राहगीरों ने बताया कि बाइक सवार के सर में चोट लगी है।

### आज मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में लाल डिग्गी स्थित आशीर्वाद पैलेस में आज दोपहर दो बजे महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर उनके राष्ट्रीय योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की जाएगी। यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी आयुष सिंह ने दी है।

### धारा 82 की नोटिस की गई चस्पा

**हलिया।** न्यायालय के निर्देश पर ड्रमंडगंज पुलिस ने आईपीसी की धारा 363,366,376,120 बी व पाक्सो एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपियों के घर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा की। शुकुलपुर गांव निवासी महेंद्र, अमृत लाल उर्फ कुल्हाड़ी, हीरा, दीपक उर्फ टकला व पटेहरा गांव निवासी दरोगा के घर पहुंचकर उप निरीक्षक कोमल सिंह यादव हेड कांस्टेबल अखिलेश प्रजापति कांस्टेबल प्रमोद यादव ने गांव में मुनादी करवाकर नोटिस चस्पा किया।

## 23 जनवरी बनायी जायेगी सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला

**जनसंदेश न्यूज**

**सड़क सुरक्षा माह**

**डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता के दिये दिशा निर्देश**

**मानव श्रृंखला के पश्चात दिलायी जायेगी सड़क सुरक्षा शपथ**

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 23 जनवरी 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिये जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा बुधवार कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मानव श्रृंखला का शुभारम्भ पूर्वान्ह 11 बजे निर्धारित है मानव श्रृंखला समापन के पश्चात सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाया जायेगा।

उन्होने बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा कि मानव श्रृंखला में एन0सी0सी0, एन0एस0, स्काउट गाइड के बच्चों के साथ ही प्राथमिक विद्यालय, उच्च शिक्षा छात्रो को मानव श्रृंखला में शामिल होने के लिये सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मानव श्रृंखला में आम जन मानस में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करायी जाय।

इस कार्यक्रम में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी, एन0जी0ओ0, स्वंय सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों की भी सहभागिता ली जाय। उन्होने कहा कि मानव श्रृंखला हेतु समस्त प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल पर 10:30 अनिवार्य रूप से एकत्र कर लिया जाय।

### इलाज करवाकर लौट रहे किसान की रास्ते में मौत

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव निवासी 70 वर्षीय किसान सरजू प्रसाद अपने पुत्र दयाशंकर के साथ बाइक से प्रयागराज स्थित निजी अस्पताल में दवा करवाने गये हुए थे। जहां मंगलवार की देर शाम लौटते समय शाम साढ़े सात बजे के करीब रतेह चौराहा पहुंचे तो बेटे से रास्ते में स्थानीय लोगों द्वारा जलाए गए। अलाव को देखकर हाथ सेंकने की इच्छा जताई बेटे के साथ सरजू प्रसाद अलाव तापने लगे कि अचानक अलाव तापते समय जमीन पर गिर पड़े और कुछ ही देर में वृद्ध की मौत हो गई। अगल बगल मौजूद स्थानीय लोग वृद्ध की अचानक मौत से हतप्रभ रह गए। स्थानीय निवासी मनोज सोनी ने मूंगनाथ किशुन लाल चौरसिया, शिव लाल की मदद से अपने निजी वाहन से वृद्ध के शव को उसके घर भिजवाया। स्थानीय लोगों ने वृद्ध को ठंड लगने से मौत होने की आशंका जताई है। मृतक के दो पुत्रों की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक की पत्नी जमुना देवी पति की मौत की खबर पाकर बेसुध होकर रोने बिलखने लगी। कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद भी रतेह चौराहा पर तहसील प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नही किए जाने पर आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने भीषण ठंड को देखते हुए अलाव जलाने की मांग किया है।

# जिले में आगे आये निवेशक 55 सौ करोड़ होगा निवेश

**पहल**

**इन्वेस्टर्स समिट 2023 में जुटें जन प्रतिनिधि और निवेशक**

**अधिकारियों ने कहा आपका है स्वागत, मिलेगी सुविधा हम हैं ना**

**जनसंदेश न्यूज**


दीप प्रज्ज्वलन करतीं केन्द्रीय राज्य मंत्री

**मीरजापुर।** जिले में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट 2023 का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय पर किया गया। जिसमें 61 एमियु साइन किया गया। जिसमें करीब 55 सौ करोड़ का इन्वेस्ट किया जायेगा। इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उत्तर प्रदेश में निवेशकों को आमंत्रित करने के पूर्व जिला स्तर पर इन्वेस्टर सम्मिट 2023 का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिले के लिए 61 निवेशकों ने अपनी रुचि दिखाई और एएमयू साइन किया गया। वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने समिट की सफलता पर कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक उद्यमी को उद्योग के स्थापना के लिए सहूलियत मिले। उन्हें सरकारी स्तर से हर प्रकार का सहयोग मिले। इसके लिए हर माह एक निश्चित तिथि पर बैठक कर प्रगति पर चर्चा की जाएगी। किसी को कोई समस्या हो तो उसका तत्काल निस्तारण भी किया जाएगा। समिट में शामिल निवेशकों ने प्रसन्नता जताया। कहा कि अब अपने व्यवसाय से संबंधित कार्यों के लिए उन्हें जगह-जगह विभागों में नहीं भटकना पड़ेगा। एक ही काउंटर से उनके सारे काम हो जाने से समय की बचत होगी। कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मंडलायुक्त डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वी एस एवं उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार समेत तमाम निवेशक और अधिकारी शामिल हुए।

# देश में जेहादी उन्माद से आक्रोश राष्ट्रपति को भेजा पत्रक

**कार्रवाई की मांग**

**बजरंग दल, विहिप ने हिंदुओं पर बढ़ते हमलों पर जतायी चिंता**


एडीएम को ज्ञापन देते विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारी

**मीरजापुर।** देश में बढ़ते उन्माद और जेहादी मानसिकता के खिलाफ बजरंग दल एवं विहिप के नेताओं ने राष्ट्र पति को संबोधित पत्रक अपर जिलाधिकारी को सौंपा। 4 सुत्रीय मांगपत्र में आतंकी वारदात को अंजाम देने, प्रेरित करने और प्रश्रय देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई हैं। पिछले 2 वर्षों में ही बजरंग दल के 9 कार्यकताओं की हत्या और 32 कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं।

अभी दिल्ली में दो हत्यारों ने एक हिंदू की निर्मम हत्या कर दी। उसके 32 टुकड़े करने के बाद कहा कि उसके निशाने पर कई हिंदू नेता हैं। पत्रक में घृणा फैलाने व झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर मुस्लिम समाज को भड़काने वाले मौलवियों व नेताओं पर नियंत्रण करने के लिए एक कठोर कानून बनाएं जाने की मांग की गई है। प्रेरक तत्व जिहादी विचारधारा है जिस पर रोक लगाने के लिए एक आवश्यक कठोर कानून बनाना चाहिए। आरोप लगाया की शिक्षा के नाम पर घृणा का वातावरण बनाने का कुछ लोगों के द्वारा काम किया जा रहा है। उन पर नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था बनाया जाना समय की मांग है। अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल को पत्रक सौपने वालो में विभाग संगठन मंत्री उमाकान्त, विहिप जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल, बजरंग दल जिला संयोजक प्रवीण मौर्य, सह संयोजक पवन उमर, जिला सह संयोजक अशोक सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख विवेक पाण्डेय, जिला गौरक्षा प्रमुख रणविजय, जिला मिडिया प्रमुख अरविन्द सारस्वत, जिला संस्कृत प्रमुख अभय मिश्रा, जिला धमार्चार्य प्रमुख सुभाष गिरी, मठ मन्दिर प्रमुख सर्वेश शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष लालजी व अंशुमाली विन्ध्याचल प्रखण्ड अध्यक्ष दीनानाथ, नगर गौरक्षा प्रमुख अंकित मौर्य, नगर सह सुरक्षा प्रमुख रोहित वर्मा, सोभित, अमित, विशाल, अतुल एवं शिवा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाई को मृत घोषित कर उसकी जमीन हड़पने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ह्यसंतोष कुमार मिश्राह्न द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/ वांछित/ पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 18.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना पड़री- माधव सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री पर पंजीकृत मु0अ0सं0-161/2022 धारा 419/ 420/ 467/468/ 471 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त कन्हैया लाल पुत्र स्व0 राम अधार निवासी शीतला माता मन्दिर चोपन रोड कुआ के पास ओवरा थाना ओवरा जनपद सोनभद्र हालपता ग्राम कनौरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है।

## युद्धस्तर पर चल रहा है कॉरिडोर निर्माण कार्य

### नगर मजिस्ट्रेट ने तीन घंटा तक कॉरिडोर क्षेत्र का लिया जायजा

**मीरजापुर।** आगामी महीनों में नवरात्रारंभ के पूर्व देश प्रदेश के अतिविशिष्ठों के आगमन की संभावनाओं के चलते युद्धस्तर पर विन्ध्यकोरिडोर का कार्य संपादित हो रहा है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने विगत दो दिन लगातार कोरिडोर निर्माणकार्य का स्थलीय निरीक्षण के साथ साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक के दौरान कोरिडोर कार्य को लेकर काफी आक्रामक अंदाज में भी प्रतीत हुई। उनके द्वारा दस मार्च तक निर्माणकार्य को पूर्ण करने का निर्देश भी जारी किया गया है। इसी निर्देश को पूर्ण कराने के उद्देश्य में बुधवार की अपराह्न नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह ने करीब तीन घंटे तक प्रोजेक्ट मैनेजर वीरेन्द्र कुमार के साथ कोरिडोर क्षेत्र में समय व्यतीत किया। इस दौरान उन्होंने पककाघाट, कोतवाली मार्ग, न्यू व्ही आई पी मार्गो पर चल रहे प्रगति कार्यों पर कार्यदाई संस्था द्वारा नियुक्त ठेकेदारों से तय समय में कार्य कैसे पूर्ण किया जाय इसपर चर्चा करते नजर आए। इस दौरान सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जेई पी डब्लू डी प्रवीण चौहान इत्यादि लोग मौजूद रहे।


कॉरिडोर का निरीक्षण करते नगर मजिस्ट्रेट

## अधिवक्ता के सहयोग से समाज को मिलता है न्याय : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**लालगंज।** तहसील अधिवक्ता सभागार में बुधवार को विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने अध्यक्ष एवं सचिव समेत सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि बादकारियों के हित में बार एवं ब्रंच का सहयोग आवश्यक है। कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रहरी है। अधिवक्ता के सहयोग से समाज को न्याय मिलता है। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा ने 2023 के नये पदाधिकारी अध्यक्ष पद से अखिलेश कुमार मिश्रा, सचिव पद से राजेंद्र प्रसाद मौर्य, उपाध्यक्ष से राजेश कुमार जायसवाल, संयुक्त सचिव राजेश कुमार गुप्ता, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे, ऑडिटर राकेश कुमार प्रजापति, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह, को शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी से अपने पद के दायित्व का निर्वहन करें। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने कहा कि अधिवक्ताओं के बल पर समाज के तमाम लोगों को सरल व सहज ढंग से न्याय मिलता है जिसमें अधिवक्ता की प्रथम भूमिका होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता जगत नारायण मिश्र ने किया तथा संचालन चंद्र त्रिपाठी फस्ट ने किया। इस अवसर पर चुनाव निर्वाचन अधिकारी जीत नारायण दुबे, सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, प्रभु नाथ दुबे, विजय कुमार मौर्य, जगत शास्त्री, जनार्दन प्रसाद मिश्र, मनोज कुमार दुबे, इंद्रमणि शुक्ला, कुबेर मौर्या, सत्य प्रकाश तिवारी, गुलामे रसूल आदि लोग उपस्थित रहे।


अधिवक्ताओं को शपथ दिलाते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

### ऋषभ हार्डवेयर ने कप पर कब्जा जमाया

**चुनार।** सत्यम स्पोर्टिंग क्लब बनमिलिया के खेल ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें तमाम टीमों ने भाग लिया था। कई टीमों का कड़ा मुकाबला हुआ फाइनल मैच में दो टीमें पहुंच गई। ऋषभ हार्डवेयर स्पोर्टिंग क्लब सोनबरसा खुर्द और बनमिलिया टीम जिसमें ऋषभ हार्डवेयर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 130 रन का लक्ष्य रखा। वहीं बनईमिलिया स्पोर्टिंग क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए 10 वें ओवर में 70 रन पर ऑल आउट हो गई, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदलाल भारती ग्राम प्रधान बनईमिलिया रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र कुमार समाजसेवी रहें। साथ ही मुख्य अतिथि ने कहा कि छोटे खेल से ही सीखकर कोई बड़ा खिलाड़ी बनता है। कभी हार नहीं मानना चाहिए आगे लगन के साथ खेल को खेलना चाहिए। सफलता जरूर मिलेगी। खिलाड़ियों में ऋषभ हार्डवेयर स्पोर्टिंग क्लब सोनबरसा खुर्द के टीम सदस्य ऋषभ पटेल कैप्टन, गोविंद उप कैप्टन, विनोद, ऋतुराज, गौरव, आशुतोष, कुलदीप, हुसैन, मिथुन, सिराज, सूरज, नफीस, शुभम, प्रदीप जायसवाल इत्यादि रहें।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चलाया

**आयोजन**

**जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान का किया गया शुभारम्भ**

**बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के प्रति कलेक्ट्रेट में दिलायी गयी शपथ**

**जनसंदेश न्यूज**


हस्ताक्षर करतीं डीएम

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में 18 जनवरी 2023 से 24 जनवरी 2023 तक राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर साप्ताहिक जागरूकता अभियान का बुधवार कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के द्वारा हस्ताक्षर कर बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। तदुपरान्त कलेक्ट्रेट में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं के प्रति शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उदेद्श्य है कि गिरते हुये लिंगानुपात में सुधार हेतु कन्या की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी शिक्षा पर भी बल देना हैं। साथ ही बालिकाओं व महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक कर बढ़ावा देना हैं। हस्ताक्षर अभियान में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलि अधीक्षक नक्सल महेश चन्द्र अत्री, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विजय कुमार व संतोष कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, महिला कल्याण अधिकारी मंजू यादव, उप निदेशक महिला कल्याण पुनीत टंडन के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित रहें।

# फ्लोराइड, आयरन रिमूवल किट वितरण का डीएम ने किया शुभारंभ

## कोन ब्लॉक के कचनरवां गांव में शिविर लगा फ्लोराइड व आयरन रिमूवल किट के प्रयोग की दी गयी जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को कोन ब्लाक क्षेत्र में फ्लोराइड आयरन से प्रभावित लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के मकसद से फ्लोराइड व आयरन मुक्त पेयजल उपलब्ध कराये जाने के अभियान के अन्तर्गत कचनरवा गांव में शिविर का आयोजन किया। इस दौरान डीएम ने लोगों को फ्लोराइड व आयरन से होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जानकारी दी।

डीएम ने कहा कि साफ पानी का उपयोग कर कई गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि जनपद के कई क्षेत्रों के पानी में आयरन व फ्लोराइड की मात्रा अधिक पायी जाती है, जिससे लोग हड्डी से जुड़े बीमारियों के शिकार हो जाते हैं, जिसके कारण उनके अन्दर दिव्यांगता की स्थिति पैदा हो जाती है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को फ्लोराइड व आयरन रिमूवल किट का वितरण किया जा रहा है, जिससे कि जनमानस इसका उपयोग कर इन गंभीर बीमारियों से अपने को मुक्त कर सके। कहा कि इसी तरह से जनपद के अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी फ्लोराइड व आयरन रिमूवल किट का वितरण किया जायेगा। उन्होंने आमजनमानस से अपील किया कि वह फ्लोराइड व आयरन रिमूवल किट का प्रयोग करके ही पीने के पानी का उपयोग करें। इस दौरान उन्होंने कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों को पोषाहार किट का वितरण भी किया। पोषाहार किट में मूंगफली का दाना, सोयाबीन, गुड़, कटोरी, चम्मच, साबुन हैण्डवास का वितरण किया गया। कुपोषित बच्चों के माताओं से कहा कि वह अपने बच्चों को निर्धारित मात्रा में प्रतिदिन पोषाहार खिलाएं। उन्होंने कहा कि माताएं अपने बच्चों का बेहतर तरीके से देख-रेख करते हुए समय-समय पर टीकाकरण कराकर दवाएं आदि देती रहें, जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य में जल्द ही सुधार हो सके। वहीं लोगों को फ्लोराइड व आयरन रिमूवल किट के प्रयोग के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने लोगों से रिमूवल किट के प्रयोग के सम्बन्ध में जानकारी भी ली। ग्रामीणों को डीएम ने फ्लोराइड व आयरन रिमूवल किट का वितरण किया। डीएम ने जन शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारिओं को निर्देशित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।


ग्रामीणों को रिमूवल किट देते डीएम चंद्रविजय सिंह

### मां सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

**कोन।** आगामी 26 जनवरी को सरस्वती पूजन मनाया जाएगा। इसको लेकर बच्चे तैयारी में जुट गये हैं। शिक्षण संस्थानों में भी पूजा की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस बार मां सरस्वती विभिन्न मुद्राओं में दर्शन देंगी। पूजा पंडालों से लेकर शिक्षण संस्थान व घरों में भी वीणा वादिनी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। स्थानीय कोन बजार में प्रतिमा बनाने में मूर्तिकार जुट गये हैं। इस बार अलग-अलग मुद्राओं व स्वरुप में मां की प्रतिमा बनाई जा रही है। शिक्षण संस्थान के संचालक, बच्चे व पूजा समिति के सदस्य अपने मन पसंद की प्रतिमाओं की बुकिंग के लिए पहुंच रहे हैं। मूर्तिकार ने बताया कि अभी बुकिंग की रफ्तार कम है। जैसे-जैसे सरस्वती पूजा त्योहार नजदीक आएगा लोग मूर्ति की बुकिंग कराने के लिए पहुंचने लगेंगे। मिट्टी से बनी साड़ी, गहना आदि को रंग कर आकर्षक बनाया जाता है। वहीं साड़ी, आर्टिफिशियल गहना, बाल समेत अन्य सजावट की सामग्री से भी प्रतिमा को सजाया जाता है। मूर्तिकारों ने बताया कि शंख, कमल, बत्तख व सिंहासन पर विराजी हुई मां की प्रतिमा बनाई जा रही है। आकर्षक वृक्ष के नीचे वीणा लेकर खड़ी स्वरुप में भी मां की प्रतिमा भी बनाई जा रही है। वहीं हाथों में वीणा धारण किए भक्तों को आशीर्वाद देते हुए मां सरस्वती प्रतिमा उपलब्ध है। यहां से क्षेत्र के कोन बजार, चांचीकला, कचनरवा के अलावा पिण्डारी, रानीडीह के लोग प्रतिमा लेने के लिए आते हैं। वहीं सीमावर्ती झारखण्ड के लोग भी यहां से मां की प्रतिमा खरीदने के लिए आते हैं।

# अराजकत्वों ने तोड़ी अम्बेडकर प्रतिमा

**आक्रोश**

### मूर्ति अनावरण व कार्यवाही के आश्वासन पर मामला हुआ शांत

**जनसंदेश न्यूज**

**कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ बाजार में स्थापित डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को शरारतीतत्वों द्वारा मंगलवार की रात तोड़ दिया गया। बुधवार सुबह होते ही अंबेडकर स्थल पर लगी मूर्ति तोड़े जाने की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। आक्रोशित ग्रामीण तत्काल मूर्ति अनावरण व दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने लगे।

बताया गया कि इसकी सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, कोन, हाथीनाला पुलिस समेत भारी संख्या में पुलिस पीएसी फोर्स मौके पर पहुंच गयी और आक्रोशित ग्रामीणों की मांग को मानते हुए दोषी के खिलाफ कार्यवाही व तत्काल नई मूर्ति अनावरण कराने के आश्वासन पर मामला शांत कराया। बताया गया कि अंबेडकर की मूर्ति लेने के लिए ग्रामीण वाराणसी के लिए निकल चुके, मूर्ति आते ही उसका अनावरण करा दिया जाएगा। इस संबंध में सीओ ने बताया कि तहरीर के अनुसार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोषियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अंबेडकर की मूर्ति मंगाई गयी है, आते ही नियमानुसार अनावरण कराया जायेगा। मौके पर और उच्चाधिकारियों को पहुंचने की बात बताई जा रही है। समाचार दिये जाने तक माहौल शांत रहा।


अराजकतत्वों द्वारा तोड़ी गयी प्रतिमा

### विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानसंघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** प्रधान संघ उपाध्यक्ष गुंजा देवी के नेतृत्व में बुधवार की दोपहर दर्जन भर प्रधानों ने विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ सुनील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसपर बीडीओ ने मांगों के समाधान के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में प्रधानों ने बताया कि मनरेगा योजना में कार्य स्थल पर ही एनएमएमएस एप के माध्यम से दिन में दो बार उपस्थित प्रमाणित करना अनिवार्य किया है, जबकिअधिकांश ग्रामों में नेटवर्क की समस्या के कारण एनएमएमएस एप के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति अंकित नही हो पा रही है। तथा मस्टरोल शून्य हो जा रहा है। 213 प्रतिदिन की मजदूरी बढ़ाकर 400 करने की मांग उठाई। साथ ही केयर टेकर, पंचायत सहायक व प्रधान के मानदेय की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा अलग से किये जाने का वादा अमल में लाने की बात कही। कहा कि मनरेगा का भुगतान समय न होने पर सप्लायर मैटेरियल देने में आनाकानी करते हैं, हुए कार्यों का भुगतान एक माह के अंदर कराये जाने की मांग के साथ प्रधानमंत्री आवास/मुख्यमंत्री आवास/ शौचालय बनाने के लिए स्थानीय नदी नालों से बालू बोल्डर प्रयोग किये जाने की अनुमति दिए जाने की मांग की। इस मौके पर सुरेश चन्द, जगतनारायण, विध्वंत कुमार, दिनेश यादव, आनंद यादव, अरविंद जायसवाल, त्रिभुवन यादव, सुरजमन यादव, सरिता देवी, जयबाबु आदि मौजूद रहे।

# हिंदुओं पर हुए हमले के विरोध में विहिप का प्रदर्शन

**रोष**

### आतंकवाद के विरोध में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन कहा बनाएं कठोर कानून

**जनसंदेश न्यूज**

**दुद्धी।** जेहादी आंतकवाद के विरोध में बजरंग दल जिला संयोजक संदीप गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं नेबुधवार को तहसील प्रांगण पहुंच कर बीते दिनों देश के कई हिस्सों में हिंदुओं के ऊपर हमला कर हिंदू समाज को आतंकित करने का षड्यंत्र करने वालों के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

बजरंग दल के जिला संयोजक ने कहा कि देश एक विकट परिस्थिति से जूझ रहा है। देश में जिहादी तत्व घृणा और आतंक का वातावरण निर्माण कर रहे हैं, कभी सिर तन से जुदा गैंग सक्रिय होता है तो कभी लव जिहाद या जिहाद के अन्य प्रकारों से हिंदू समाज को आतंकित करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं और हिंदू नेताओं पर हमले कर उनकी हत्या करने की कई घटनाएं सामने आई हैं। बीते 8 जनवरी को असम के करीमगंज जिले के लोविरपुरा में बजरंग दल के एक 16 वर्षीय कार्यकर्ता शंभू कैरी की एक जिहादी द्वारा चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई। पिछले दो वर्षों में ही बजरंग दल के 9 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है और 32 कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं। जो घटना अभी दिल्ली में हुई है वह भी चिंता पैदा करती है, जिसमें दो हत्यारों ने एक हिंदू व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी और उसके 32 टुकड़े करने के बाद कहा कि उसके निशाने पर कई हिंदू नेता भी हैं। हमलों के लिए नाबालिगों को आगे किया जा रहा है जो बकरों की कुर्बानी और मदरसों की शिक्षा के कारण पहले से ही क्रूरता और घृणा से कूट-कूट कर भरे होते हैं। राजेश सिंह ने मांग करते हुए कहा कि घृणा फैलाने व झूठे विक्टिम कार्ड खेलकर मुस्लिम समाज को भड़काने वाले मौलवियों व नेताओं पर नियंत्रण करने के लिए एक कठोर कानून बनाया जाए। इस मौके पर सतीश, विकास जौहरी, संदीप गुप्ता, आलोक बजरंगी, सोनू जायसवाल, भानुप्रताप सिंह, अशोक मौर्या, मोहित जायसवाल, मनीष जायसवाल, अनुराग त्रिपाठी, अमृत अग्रहरि, राहुल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


तहसीलदार को ज्ञापन पढ़ कर सुनाते बजरंग दल जिला संयोजक

# रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**ओबरा।** उप्र राज्य सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के संबंध में बुधवार को पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, रोवर्स, रेंजर्स व छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गयी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश्वर यादव व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया। रैली महाविद्यालय के गेट से सेक्टर 8, गीता मंदिर, गैस गोदाम रोड, ओबरा तहसील होते हुए महाविद्यालय पहुंच कर समाप्त हुई।

रैली में छात्र-छात्राएं सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के नारा लगाते हुए हांथ में यातायात एवं सड़क सुरक्षा के संकेत चिन्हों, स्लोगन, पोस्टर इत्यादि को प्रदर्शित करते हुए लोगों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक करते रहे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि अक्सर दुर्घटनाएं जल्दी बाजी में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने से होती हैं। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सभी लोग अनिवार्य रूप से करें, तभी हम सड़क दुर्घटनाओं में कमी ला सकते हैं।

संयोजक डॉ. संतोष कुमार सैनी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए। रैली में आलोक यादव, राजेश प्रसाद, वैशाली शुक्ला, डॉ. विजय प्रताप यादव, राधा कांत पांडेय, किशोर कुमार सिंह, डॉ. महेंद्र प्रकाश, उपेंद्र कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. किरन सिंह, डॉ. अमूल्य सिंह, डॉ. रंजीत सिंह, बीना यादव, प्रमोद केशरी, धर्मेंद्र कुमार,महेश पांडेय, सरफुद्दीन आदि शामिल रहे।


हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते अधिकारीगण

### संदिग्ध हाल में विवाहिता की मौत

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरब मोहाल में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव पाए जाने से हड़कंप मच गया। बुधवार की सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। ससुराल पक्ष के लोग घेरलू विवाद में महिला द्वारा खुदकुशी करने की बात कह रहे हैं। निशा सोनी 30 पत्नी विकास सेठ निवासी पूरब मोहाल के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है।

### शांति भंग में चार का चालान

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के नई बस्ती में बच्चों में खेलने के दौरान उपजे विवाद में पुलिस ने चार लोगों को शांति भंग की धारा में निरुद्ध करके चालान कर दिया। चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि गुलाम पुत्र जाकिर, गफ्फार पुत्र जाकिर व निसार पुत्र स्व. निजामुद्दीन, वर्षीय मु. सन्तार पुत्र स्व निजामुद्दीन निवासी गण नई बस्ती मंगलवार की देर सायंकाल आपस में बच्चों के खेलने के दौरान हुई मारपीट को लेकर मारपीट व फौजदारी करने में आमादा थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर चारों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

# टीबी रोगियों को बांटा गया पोषाहार


टीबी रोगियों को पोषाहार देते कर्मी

**रेणुकूट।** नगर स्थित निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में टीबी रोगियों को पोषक पदार्थ के पैकेट का वितरण किया गया। संस्थान के यूनिट हेड आरके रघुवंशी व एचआर हेड जय कोकाटे के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में म्योरपुर क्षेत्र के विभिन्न गांव के टीबी के रोगियों को जल्द स्वस्थ करने के उद्देश्य से उन्हें पोषक पदार्थ का वितरण किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ राजन सिंह ने कहा कि प्रत्येक तीन माह पर टीबी के रोगियों को यह पोषक पदार्थ दिया जाता है। संस्थान की तरफ से आई सीएसआर विभाग की निवेदिता मुखर्जी ने कहा कि संस्थान द्वारा सीएसआर के तहत विभिन्न कार्य किए जाते हैं इसी के तहत इस रोग से ग्रसित कमजोर वर्ग के ग्रामीणों को पोषक पदार्थ का वितरण किया गया, ताकि वे इसका सेवन करें और जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर इस रोग से मुक्ति पाएं।

इस मौके पर डॉ, एके चौधरी, उमाशंकर पांडेय, हरिगेंद, राजेश पटेल, कुशल त्रिपाठी, संतु, सावित्री समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# 19 वीं अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**म्योरपुर।** स्थानीय खेल मैदान में थ्री स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में बुधवार से आयोजित 19 वें अंतराज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गोड़ ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात राज्यमंत्री ने महिला टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह का आयोजन होना बहुत बड़ी बात है, इसके लिए आयोजनकर्ता प्रशंसा के योग्य हैं। प्रतियोगिता से बच्चों की प्रतिभा भी निखरकर सामने आती है। शारीरिक मानसिक विकास के लिए खेल बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोड़ व जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ बच्चों के लिए खेल भी बहुत जरूरी है। बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज की मेधावी बालिकाओं को विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। वहीं उद्घाटन मैच बिहार व उत्तर प्रदेश महिला टीम के बीच खेला गया। जिसमें उत्तर प्रदेश की महिला क्रिकेट टीम ने बिहार टीम को 75 रनों से हराया। इस मौके पर जीत सिंह खरवार, दीपक सिंह, अमरकेश सिंह, दीपेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, सुधीर कुमार, सत्यपाल सिंह, रंजीत जायसवाल, अफजल अंसारी, अजीत सिंह चंदेल, मुहम्मद इरफान अहमद आदि मौजूद रहे।


फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

### मास्टर ब्लास्टर में अनपरा तथा लखनऊ टीम जीती

**ओबरा।** स्थानीय स्टेडियम में चल रहे 5 वें मास्टर ब्लास्टर कप 20-20 मैच के दूसरे दिन का पहला मैच अनपरा बनाम बोर्ड 11 ओबरा के बीच खेला गया। अनपरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाये। विश्वजीत ने सर्वाधिक 53 रनों की पारी खेली। बोर्ड 11 के गेंदबाज एस पी सिंह ने 29 रन देकर तीन विकेट हासिल किया। जवाब में खेलने उतरी बोर्ड 11 की टीम 19 ओवर सभी विकेट खोकर मात्र 99 रनों पर सिमट गई। मैच अनपरा ने 84 रनो से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विश्वजीत को दिया गया। दूसरा मैच चोपन बनाम लखनऊ के बीच खेला गया। चोपन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.4 ओवर में 77 रन बनाये। जवाब में खेलने उतरी लखनऊ की टीम 15.4 ओवर में 4 विकेट गवाकर 78 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। चोपन के गेंदबाज इस्तियाक अली ने 4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट हासिल किया। लखनऊ के गेंदबाज आकाश को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि इं समीर भटनागर रहे। निर्णायक रोशन सिंह और शुभम जायसवाल रहे। इस मौके पर सूर्य प्रकाश चौरसिया, बृजेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, अक्षय पटेल, समीर, अभय, शौर्यांश आदि मौजूद रहे।

## सेमीफाइनल में पहुंची पिच स्मेसर्स और जेन वाइपर्स

**ओबरा।** स्थानीय अवर अभियंता मनोरंजन क्लब चार में चल रहे जे.ई.पी.एल. सीजन 12 में बुधवार के पहले मैच में टॉस जीतकर राइजिंग स्टार्स ने पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। इं सर्वेश यादव की कप्तानी में बैटिंग करने उतरी पिच स्मेसर्स की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर विरोधी टीम को जीत के लिए 52 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में राइजिंग स्टार्स की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर मात्र 31 रन ही बना सकी। पिच स्मेसर्स ने यह मैच 20 रनों से जीत कर सेमीफाइन में जगह बना लिया। प्लेयर आफ द मैच इं अलाउद्दीन रहे। दूसरे मैच में टॉस जीतकर इं संतोष यादव की कप्तानी में पहले बल्लेबाजी करते हुए पावर हिटर्स की टीम 8.4 ओवरों में 28 रनों पर ही सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेन वाइपर्स की टीम इं राजीव रंजन की कप्तानी में 8.1 ओवरों में मैच को 2 विकेट से जीत कर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। इं जगदीश भारती को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुपर स्ट्राइकर्स की टीम इं अतुल मौर्या की कप्तानी में निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 23 रन ही बना सकी। जवाब में उतरी ब्लू डायमंड की टीम 6 ओवरों में ही 7 विकेट से मैच को जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच इं राम निवास रहे।

## स्काउट गाइड जंबूरी में सोनभद्र ने किया प्रतिभाग

**ओबरा।** राजस्थान के पाली जिले में 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी का भव्य आयोजन हुआ। इसमें सोनभद्र के 36 सदस्यीय स्काउट गाइड टीम ने जंबूरी में प्रतिभाग करके अपने जनपद के सांस्कृतिक विरासतों सहित कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। वही सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट मण्डल कंटीजेन्ट लीडर ने बताया कि जनपद के 36 सदस्य को जम्बूरी में उत्तर प्रदेश की ओर प्रतिभाग करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। इस दौरान सोनभद्र के शुभम कुमार सोनी व दिलदार सिंह को मण्डल गेट, सत्य नारायण कनौजिया को विकास प्रदर्शनी, दया शंकर को स्किल ओरामा, अमर देव पाण्डेय व राम कुमारी को सब कैंप फायर करमा नृत्य राम प्रकाश पाण्डेय को झांकी, स्नेहा सिंह युवा लीडर गाइड व श्याम सुन्दर को कैम्प क्राफ्ट की जिम्मेदारी दी गयी थी। आयोजन में उत्तर प्रदेश स्काउट संवर्ग में विजेता रहा।

## संक्षेप

### तरंगिनी महिला मंडल ने बांटे स्वेटर, खिले बच्चों के चेहरे



**रेणुकूट।** हिण्डाल्को तरंगिनी महिला मंडल की सदस्याएं मदद के लिए आगे आई हैं। तरंगिनी महिला मंडल की सदस्याओं ने हिण्डाल्को महिला मंडल उच्च प्राथमिक विद्यालय के 1217 बच्चों को स्वेटर वितरित किये। महिला मंडल की टीम ने कड़कती ठंड में बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटरों का वितरण किया। वहीं ठंड में स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। महिला मंडल की अध्यक्षा लक्ष्मी नागेश ने कहा कि ठंड अपने शीर्ष पर है, ऐसे में हमें अपने आसपास यह ध्यान देना चाहिए कोई जरूरतमंद ठंड से ठिठुरे। हम सभी कीयह नैतिक जिम्मेदारी है कि हम लोगों की मदद के लिए स्वयं से आगे आएं। उन्होंने मंडल की ओर से आगे भी इसी प्रकार से मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सीमा सिंह, पूनम रॉय, अभिजीत कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन हिण्डाल्को सीएसआर के राजेश सिंह, प्रदीप एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों के सहयोग से किया गया।

### दुबाए चुनाव के लिए बिके 13 नामांकन फार्म

**दुद्धी।** गहमागहमी के बीच बुधवार को कचहरी परिसर में दुद्धी बार एसोसिएशन संघ चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन पत्र दाखिले के पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 13 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन फार्म की खरीदारी की। एल्डर कमेटी के चेयरमैन विजय सिंह व मुख्य चुनाव अधिकारी रामदुलारे गुप्त ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुलभूषण पांडे और बलवंत सिंह सहित दो लोगों ने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार उपाध्यक्ष 2 वर्ष से ऊपर बिपिन बिहारी, राकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, ओमप्रकाश अग्रहरी ने फार्म खरीदा। सचिव पद के लिए दिनेश कुमार, बबिता गुप्ता, संजय कुमार कनौजिया सहित तीन उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म खरीदा। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश रंजन जौहरी तथा गवर्निंग काउंसिल के पद पर दूवेश प्रसाद सहित 13 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। नामांकन फार्म बिक्री और नामांकन दाखिला के दिन कचहरी परिसर में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को भी नामांकन फार्म बिक्री होंगे और नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी सुरेंद्र दत्त उपाध्याय रविकांत कृष्ण देव ने संयुक्त रूप से बताया कि 19 जनवरी को नामांकन फार्म की बिक्री और नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा। 20 को नामांकन फार्मो की जांच, नाम वापसी व अंतिम सूची प्रकाशन होगा। 23 जनवरी को पूर्वाहन 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे मतदान होगा।

### जन चौपाल लगा सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**म्योरपुर।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम काचन में बुधवार को जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई तथा समस्याओं के निस्तारण हेतु ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया। ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोड़, बीडीओ नीरज तिवारी एवं थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने ग्राम काचन में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान आये मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वसन दिया गया। इस मौके पर प्रधान राजपति विश्वकर्मा, ग्राम विकास अधिकारी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वाहन चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा वाहन चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को पुलिस द्वारा कुबरी मोड़ से चोरी की बाइक के साथ राजेश पाठक उर्फ राजू पाठक पुत्र स्व. रामदुलारे व अवधेश प्रसाद पुत्र सुदामा प्रसाद, निवासीगण सुभाष नगर औड़ी मोड़, अनपरा को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### भाजपा नेता ने असहायों में बांटा कंबल

**डाला।** गुरदह ग्राम पंचायत के करमडांड़ टोला में भाजपा नेता विकास पटेल ने सैकड़ों आदिवासी, निर्धन, जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया। उन्होंने बताया कि गरीबों की सेवा करने से मन को शांति प्रदान होती है और उन्होंने आम जनमानस से अपील किया कि आप सभी लोग असहाय लोगों के बीच में जाकर गर्म कपड़ा कंबल, स्वेटर आदि का वितरण करें। कहा कि असहायों के बीच कंबल वितरण करने सपरिवार आया हूं, जिससे हमारे बच्चे भी दान करने की प्रथा को सीखेंगें। गरीब और असहाय लोगों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। सरकार किसान व गरीबों के हित में काम कर रही है। इस मौके पर शालू सिंह, प्रेम पटेल, सुमन पटेल, जयप्रकाश, अखिलेश पटेल, लल्ला गोड़, सियाराम पटेल समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**ओबरा।** भारतीय जन कल्याण समिति की बैठक बुधवार को अग्रवाल धर्मशाला में हुई। बैठक में समिति के स्थापना दिवस 20 जनवरी को फ्री परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन कराये जाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र मित्तल ने कहा कि स्थापना दिवस पर अग्रवाल धर्मशाला में वाराणसी के चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी। संचालन राजनरायन सिंह ने किया। बैठक में अमित सिंह कुशवाहा, मुनेश साहनी, राजेश विश्वकर्मा, भोला साहनी, रमेश विश्वकर्मा, अरविंद सिंह, राजकुमार, मुकेश सिंह, अमित गुप्ता, कुलदीप विश्वकर्मा, विकास, अभिषेक सिंह, धर्मेन्द्र बिन्द आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ साहित्यकार की पत्नी का निधन, शोक

**सोनभद्र।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता पारसनाथ मिश्रा की धर्मपत्नी कलावती देवी का निधन हो गया। लगभग 84 वर्ष की उम्र पार कर चुकी कलावती देवी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। बुधवार की सुबह उनका निधन हो गया। यह दुखद समाचार मिलते ही वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर, रामनाथ शिवेन्द्र, जगदीश पंथी, प्रदुम्न त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# भगवान के चौबीसों औतारों में सर्वश्रेष्ठ है रामा व कृष्णावतार

**अनपरा।** श्रीमद्भागवत महापुराण के चौथे दिवस ग्वालियर से पधारे कथावाचक श्यामसुंदर पाठक शरण देवाचार्य महाराज ने गजग्रहा, रामावतार व कृष्णावतार की कथा का व्याख्यान करते हुए द्वितीय स्कन्ध से दशम स्कन्ध भगवान कृष्ण की जन्म लीला का वर्णन किया। ब्रह्मांड की उत्पत्ति एवं उसमें विराट पुरुषों की स्थिति का स्वरूप एवं ब्रह्मा जी के जन्म का रहस्य बताया। कहा कि ब्रह्माजी ने नारद जी से कहा कि हे पुत्र मैं अपने पिता श्री नारायण जी का ध्यान करता हूं, जो सर्वोपरि, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सृष्टि के रचयिता हैं। ब्रह्माजी ने बताया कि जब मैने स्वयं को नाभि-कमल पर बैठे हुआ पाया तो मैंने अपने जन्म के बारे में जानना चाहा। इसलिए कमल-नाल के सहारे मैं कई योजन नीचे गया। मुझे उस कमल नाल का कोई ओर-छोर, अंत या किनारा नहीं मिला। तब मुझे दो अक्षर ह्लतह्व और ह्लपह्व ही सुनाई दिए और मैंने सौ वर्ष तक तप किया। ब्रह्मा जी की निष्कपट तपश्चर्या से आदिनारायणह्व भगवान प्रकट हुए और उन्होंने मुझे सृष्टि की रचना करने की आज्ञा दी। तत्पश्चात मैंने आदिनारायण भगवान की बहुत प्रकार से स्तुति और प्रार्थना करते हुए कहा कि हे प्रभु मुझे ऐसा आशीर्वाद दीजिए जिससे कि सृष्टि-रचना करते हुए मुझे सृष्टि का रचयिता होने का कभी अहंकार या अभिमान न हो। ब्रह्मा की स्तुति से प्रसन्न होकर भगवान ने ब्रह्मा जी को चार श्लोकों की भागवत सुनाई ब्रह्मा जी देवता, दानव तथा सभी जीवों के पितामह हैं, फिर भी वे विशेष रूप से धर्म के पक्षपाती हैं। देवासुरादि संग्रामों में पराजित होकर देव गण ब्रह्मा के पास जाते हैं तो ब्रह्मा जी धर्म की स्थापना के लिये भगवान विष्णु को अवतार लेने के लिए प्रेरित करते हैं। भगवान विष्णु के प्रायः चौबीस अवतारों में ये ही निमित्त बनते हैं।

भागवत कथा के आयोजन होने से पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। गोलोकवासी छोटेलाल गुप्ता व अनारी देवी के स्मृति में यजमान शिव दयाल गुप्ता व सुधा गुप्ता जी के सानिध्य में आठ दिवसीय भागवत कथा को संचालन के लिए सहयोगी व मित्रगण मुख्य रूप से कन्हैया गुप्ता,अमन गुप्ता,गोपाल दास गुप्ता, राजेश गुप्ता, विष्णु शंकर दुबे, गोपाल चौरसिया इत्यादि कथा कि व्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।


महापुराण कथा सुनाते श्यामसुंदर पाठक

# नई पेंशन स्कीम के विरोध में सड़क पर उतरे शिक्षक


एनपीएस को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरनारत नाराज शिक्षक।

**नाराजगी**

### शिक्षकों ने लेखा अधिकारी को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने नई पेंशन स्कीम के विरोध के साथ ही पुरानी पेंशन की बहाली के समर्थन में आवाज बुलंद की। वहीं शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में लेखाधिकारी को मुख्यमंत्री को ज्ञापित पत्रक सौंपा। साथ ही सरकार को अल्टीमेटम देते हुए आगाह किया। कहा कि जल्द मांगे पूरी न होने पर अगला प्रदर्शन लखनऊ में करते हुए विधानसभा घेरने का काम जाएगा। सरकार की थोपे गए एनपीएस स्कीम को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि पिछले दिनों शासन की एक तरफ आदेश जारी किया गया था कि जो भी शिक्षक बिना प्रान आवंटन और एनपीएस नहीं कटवाएंगे। उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके विरोध में हम लोगों ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक सौंपते हुए शिक्षकों ने अपनी मंशा से अवगत कराया था। साथ ही चेताया कि मांगे न माने जाने पर आंदोलन को बाध्य होंगे, लेकिन हमारी मांगों पर सरकार ने कोई विचार नहीं किया। महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों पर जबरदस्ती एनपीएस न थोपे जाने की मांग की गई। सरकार अगर हमारी मांगों पर तत्काल विचार नहीं किया तो अगला आंदोलन उग्र होगा। इसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान अरविंद सिंह, हैदर अली खां, फाफा साहब भारती, अरुण रत्नाकर, राकेश, अमरनाथ, प्रमोद कुमार, मिलन, शशिकुमार, सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी, संजय सिंह शक्ति, जय कुमार, नीरज, संजीत भारती, रामाशीष, रामविलास, योगेश सिंह, ओमप्रकाश, रोहित, प्रशांत, विकास, नीति चैरसिया, सुनीता, हेमलता वर्मा, विनीत, राकेश राय आदि अन्य साथी उपस्थित रहे।

### बबुरी में शिक्षकों ने मूत्रालय निर्माण को लेकर जताया विरोध

**बबुरी।** कम्पोजिट स्कूल बबुरी के चहारदीवारी के बाहर ग्राम प्रधान द्वारा कक्षा की खिड़की से सटाकर सार्वजनिक मूत्रालय बनाए जाने पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विरोध दर्ज कराते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया। शिक्षकों ने मांग किया कि निर्माणाधीन मूत्रालय को खिड़की से दूर बनाई जाए, ताकि बच्चे भविष्य में संक्रामक बीमारियों से बच सकें। इस संबंध में शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय के एक कक्षा की खिड़की से सटा हुआ मूत्रालय बनवाया जा रहा है, जिससे बच्चों में संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बनी रहेगी। ग्राम प्रधान से यह मांग की थी कि निर्माणाधीन मूत्रालय खिड़की से थोड़ी दूर बनाया जाए, लेकिन ग्राम प्रधान ने अनदेखा करते हुए मूत्रालय का निर्माण खिड़की के काफी नजदीक करा दिया है। हम शिक्षक गण यह मांग करते हैं कि यूरिनल का निर्माण खिड़की से दूर किया जाए ताकि बच्चे संक्रामक रोगों से बच सके। इस मौके पर शशिबाला, कुसुमलता मौर्य, संगीता सिंह,अरविंद कुमार सिंह, निधि वर्मा, सत्य प्रकाश, गायत्री यादव, आभा मौर्य, चेतना श्रीवास्तव, पूनम केशरी, मंजूलता मौर्य आदि मौजूद रहे।

# सभी वर्ग के लोगों को सपा से जोड़ने की चलाएं मुहिम : बिंद


कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता पर्ची प्रदान करते विरेंद्र बिंद।

**चंदौली।** समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विरेंद्र बिंद ने बुधवार को कार्यालय पर सक्रिय कार्यकताओं संग संवाद किया। उन्होंने सक्रिय सदस्य का रसीद सौंपा और संगठन हित में ऐसे ही पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए पार्टी से सभी वर्ग के लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सपा सर्वसमाज की पार्टी है, जिसने सभी वर्ग के लोगों को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है। हम सभी को पार्टी की नीतियों के अनुरूप सभी वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ने की मुहिम को गति देनी होगी। संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने की जरूरत है। इसलिए लिए कार्यकताओं व पदाधिकारियों को एकजुट होकर जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। हम सभी को लोगों के बीच जाकर उनका दुख-दर्द बांटना होगा। इस अवसर पर कैलाश प्रसाद बिन्द, राकेश यादव, अजय मौर्या, शोएब अख्तर हाशमी आदि उपस्थित रहे।

## बाइक से गिरकर युवक घायल, हालत गंभीर

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कटसिल गांव के समीप सकलडीहा नई बाजार मार्ग पर मंगलवार की रात बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर होने पर जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। बताते हैं कि थाना क्षेत्र के विशनपुरा गांव निवासी दीपक राय 35 वर्ष अपने दोस्त रामकुमार के साथ कहीं जा रहा था। जैसे ही वह सदर कोतवाली क्षेत्र के कटसिल गांव के समीप मोड़ पर मंगलवार की रात बाइक से बैठकर सकलडीहा तरफ जा रहा था। जैसे ही सकलडीहा नई बाजार केक कटसिल गांव के समीप मोड़ पर के पास पहुंचा कि अचानक बाइक से गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास के लोगों ने उपचार के लिए 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया।

# बाहर का खाना न खाएं, साफ-सफाई को अपनाएं

**सलाह**

### गुरुकुल स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** क्षेत्र के नेगुरा स्थित गुरुकुल स्कूल में बुधवार को यथार्थ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कियागया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक व सीनियर स्टूडेंट्स द्वारा स्कूली बच्चों के दांत व पेट संबंधित बीमारियों का परीक्षण किया। कुछ बच्चों में दांत एवं पेट संबंधित बीमारियों के लक्षण दिखाई दिए।

इसके अलावा बच्चों की लम्बाई, उनका वजन, देखने व सुनने की क्षमता को परखा गया। साथ ही पल्स व स्किन स्टेटस की भी जांच की गई। चिकित्सकों ने बच्चों को साफ-सफाई को अपनाने पर सलाह दी। बताया कि नाखून व बाल को नियमित रूप से कटवाएं। खाना खाने के पहले और शौच के बाद हाथों को साबून से अच्छी तरह से धोएं, ताकि संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चों को घर का पौष्टिक व ताजा भोजन ग्रहण करना चाहिए।


गुरुकुल स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती चिकित्सकीय टीम।

बाहर बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थ सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं। खुले में पड़ा होने के कारण उस पर तमाम तरह की बैक्टीरिया होती है, जिससे पेट संबंधित कई प्रकार के रोग होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही लगातार बाहर का तला-भुना खाना खाने से शरीर की पाचक शक्ति खराब हो जाती है जो बेहद खतरनाक है। बताया कि स्वच्छता को अपनाकर तमाम तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। प्रबंधक इसरार अहमद ने चिकित्सकीय टीम को उनके सहयोग के लिए आभार जताया। इस दौरान कृष्णकांत, मधू श्रीवास्तव, खुशबू सिद्दीकी, सुबाष शर्मा, परवेज खान, अंजली गुप्ता, अन्नू कुमारी, रीमा यादव आदि उपस्थित रहीं।

# अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए निर्वाचन आज

**सिविल बार**

### चुनाव की पूर्व संध्या पर कचहरी परिसर में दिखी वकीलों की गहमागहमी

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए गुरुवार को भारी गहमागहमी के बीच सम्पन्न होगा। मतदान की प्रक्रिया सुबह 10 से शाम 04:30 बजे तक सिविल बार सभागार में सम्पन्न होगा। मतदान के लिए अधिवक्ताओं को सीओपी मूल कार्ड लेकर आना होगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य प्रमाण-पत्र या सीओपी कार्ड की छायाप्रति मान्य नहीं होगी।

विदित हो कि सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए चंद्रभानु सिंह व प्रभु नारायण सिंह मैदान में है। वहीं महामंत्री पद पर अनिल कुमार सिंह, अरुण पांडेय, रामकृत के बीच मुकाबला है। इन दोनों पदों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। इसके मद्देनजर बुधवार को पूरे दिन सिविल बार सभागार में निर्वाचन संबंधित तैयारियां चली। वहीं दूसरी ओर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार अधिवक्ता व उनके समर्थक भी अपने-अपने पक्ष में वोट जुटाते हुए नजर आए। इस कारण कचहरी परिसर पूरी तरह से चुनावी रंग में रंगा हुआ नजर आया। कचहरी बंद होने के बाद देर शाम तक अधिवक्ताओं की चहल-पहल रही और अधिवक्ता अपने-अपने खेमे में चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने की रणनीति बनाने हुए नजर आए। देर शाम तक कचहरी को बैनर-पोस्टर से पूरी तरह सजा दिया गया था।


चंदौली कचहरी में चुनाव के मद्देनजर पोस्टर लगाते प्रत्याशी व उनके समर्थक।

चुनाव प्रक्रिया के बाबत जानकारी देते हुए निर्वाचन समिति के कपिलदेव सिंह, चंद्रमौलि उपाध्याय, नंदलाल, विनोद कुमार सिंह, शफीक खान ने बताया कि गुरुवार को 10 से शाम 04:30 बजे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी। इसके 45 मिनट बाद मतों की गणना का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। मतदान के लिए सीओपी कार्ड की अनिवार्यता रहेगी। इसके अलावा अन्य किसी भी पहचान पत्र को मतदान के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## क्रय केंद्र पहुंचकर डीएम ने लिया धान खरीद का जायजा

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा साधन सहकारी समिति हलुआ स्थित धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। मौके पर किसानों का धान क्रय किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से पूछताछ कर धान खरीद के विषय में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र पर पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त बोरों का प्रबंध पहले से ही सुनिश्चित रखा जाय। केंद्र पर किसानों के बैठने, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था रहे। धान क्रय में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। पूरी पारदर्शिता के साथ धान की खरीद सुनिश्चित किया जाए। कहा कि वे अपना धान सुखाकर केंद्र पर ले आएं, जिससे मानक के अनुसार तत्काल उनके धान की खरीद हो सके। किसानों की सुविधा हेतु हलुआ स्थित उक्त धान क्रय केंद्र पर अ और ब दो केंद्र बनाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों क्रय केंद्रों पर अब तक 459 किसानों से कुल 31405.20 कुंतल धान की खरीद की जा चुकी है। क्रय केंद्र पर मौके पर पावर डस्टर, नमीमापक यंत्र, 04 इलेक्ट्रोनिक कांटे, बोरे आदि व्यवस्थाएं मौजूद पाई गई।

# मुगलसराय बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**नियामताबाद।** मुगलसराय बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व प्रमाणपत्र वितरण मंगलवार को एसोसिएशन कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य चुनाव अधिकारी सोहन प्रसाद ने अध्यक्ष ओमप्रकाश खरवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। ततपश्चात अध्यक्ष ने शेष पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

इस दौरान सोहन प्रसाद ने कहा कि बार व बेंच के समन्वित प्रयास से ही वादकारियों को न्याय मिल पाता है। इसलिए दोनों में समन्वय होना बहुत ही आवश्यक है। कहा कि अधिवक्ता वादकारियों को न्याय सुलभ करने के साथ ही जनहित के मुद्दे पर मुखर रहते हैं। अधिवक्ता समाज के कर्णधार के रूप में कार्य करते हैं। इसलिए उन्हें आम लोगों को भी जागरूकता के लिए विधि की जानकारी देते रहना चाहिए। वहीं मनोज गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ता तहसील प्रशासन के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलता है। यदि कहीं किसी मामले में आपसी तालमेल नहीं हो पाता है तो उसे वरिष्ठों के सहयोग से आपस में मिलकर सुलझाना चाहिए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष देवीदयाल गुप्ता, पूर्व महामंत्री प्रमोद यादव, जेपी यादव, महेंद्र कुमार साहनी, अरविंद यादव, अभय श्रीवास्तव, विजय कुमार आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## सकलडीहा बार अध्यक्ष बने अशोक, महामंत्री रामअवध

**सकलडीहा।** सकलडीहा बार एसोसिएशन सकलडीहा के वार्षिक चुनाव 2023 का बुधवार को गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार मिश्र 104 मतों से विजयी। वही महामंत्री पर रामअवध सिंह यादव कांटे की टक्कद देते हुए चार मतों से विजयी निर्वाचित। शेष पदों पर निर्विरोध चुने गये पदाधिकारियों की घोषणा किया गया। कुल 382 मत में 296 मत पड़ा। दो मतपत्र सादा होने पर 294 पर मतगणना हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार मिश्र 199 मत प्राप्त किया। इनके निकटतम प्रतिद्वंदी अध्यक्ष पद के जियाछू राम को मात्र 95 मत प्राप्त हुआ। 104 मतों से अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार मिश्र विजयी निर्वाचित हुए। वही महामंत्री पद पर महामंत्री पर रामअवध सिंह यादव को कुल 149 मत प्राप्त हुआ। पीछा करते हुए महामंत्री पद पर उमाशंकर 144 मत हासिल किया। चार मत से रामअवध सिंह यादव महामंत्री निर्वाचित किये गये। वही निर्विरोध चुने गये वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोभनाथ यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पाल, पुस्तकालय मंत्री जयप्रकाश, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह व सहायक सचिव प्रशासन पर मृत्युंजय के नामों की घोषणा किया गया।

# उच्चीकृत होगा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज: दर्शना सिंह

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने बुधवार को मुख्यालय स्थित जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं और विषयों के साथ ही खेल मैदान व अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। वहीं काफी पुराने इस विद्यालय में साइंस और कला वर्ग में कई विषयों की मान्यता नहीं मिलने और खेल का मैदान नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त किया।

राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह बुधवार की दोपहर अचानक जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने सर्व प्रथम जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके कक्षाओं का जायजा लिया। वहीं प्रधानाचार्य रीता रानी से विद्यालय में संचालित हो रहे विषयों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि 1955 में बने इस विद्यालय को आज तक इंटरमीडिएट के कला संकाय में गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, और भूगोल के अलावा साइंस में भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी की मान्यता नहीं मिल पायी है। जबकि इसके लिए उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। मौके पर मौजूद मेजर अशोक सिंह ने बताया कि इन विषयों की मान्यता नहीं मिलने के कारण काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।


जिपं बालिका इंटर कालेज के कक्ष का जायजा लेतीं राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह।

उन्होंने विद्यालय की जमीन होने के बाद भी बालिकाओं के लिए खेल का मैदान नहीं होने को लेकर भी ध्यान आकृष्ठ कराया। कहा कि खेल का मैदान न होने से बालिकाओं को खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी में समस्या का सामना करना पड़ता है। जबकि इस विद्यालय की बालिकाएं खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताओं में जनपद व प्रदेश स्तर पर नाम रौशन कर चुकी है। इसपर राज्यसभा सांसद ने विद्यालय के जीर्णोद्धार के साथ ही कला व विज्ञान वर्ग में विभिन्न विषयों की मान्यता दिलाने और खेलकूद की सुविधा बालिकाओं को मुहैया कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने प्रधानाचार्य रीता रानी को विद्यालय की समस्याओं से जुड़ी एक-एक बिंदु के संबंधित पत्र भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

ताकि शासन से अवगत कराते हुए विद्यालय का कायाकल्प कराया जा सके। इस मौके पर चेयरमैन रविंद्रनाथ, जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारी आनन्द सिंह, मेजर अशोक सिंह, शिवराज सिंह, विजय सिंह, राजीव अग्रहरि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा के वक्त बच्चों को प्रेरणा दे रहे पीएम : सिंह

**नियमताबाद।** एसआरबीएस पचफेड़वा विद्यालय में बुधवार को कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 408 बच्चों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान आलोक कुमार द्वितीय स्थान अदिति सिंह एवं तृतीय स्थान वैभव पांडे रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित करते हैं जो बच्चे परीक्षा के समय डर जाते थे उन्हें भी आज प्रधानमंत्री प्रेरणा देते हैं। आज यहां भी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें बच्चों ने बहुत ही अच्छी पेंटिंग बनाई गई। बच्चों ने बहुत ही मेहनत और लगन से काम किया है। निश्चित रूप से यह बच्चे पेंटिंग के क्षेत्र में बहुत आगे जाएंगे। आज भारत युवाओं का देश है आप लोग का राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है और समय-समय पर ऐसे आयोजन किए जाना चाहिए, जिससे कि बच्चों को अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिले। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, डा.महेंद्र कुमार पांडेय, छत्रबलि सिंह, सरिता सिंह, कैलाश किशोर पोद्दार, ह्रदय तिवारी, उमाशंकर सिंह, शिवराज सिंह, रविंद्र गौड़ देवेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

## संक्षेप

### कुष्ठ रोग पर नियंत्रण करने की ओर अग्रसर चंदौली : डॉ. प्रेमप्रकाश

**चंदौली।** जिले में पेप प्लस प्लस कार्यक्रम के तहत कुष्ठ सम्पर्कियों को खिलाई जा रही दवाओं का फीडबैक डा.प्रेम प्रकाश, उपजिला कुष्ठ अधिकारी ने साहबगंज ब्लॉक के गांव नुसरी व देहरी कलां में विजिट करके जाना व सम्पर्कियों को कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों, बचाव व उपचार के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि जनपद चंदौली कुष्ठ रोग पर नियंत्रण करने की दिशा में अग्रसर है। इस अवसर पर डॉ सुचित्रा लिसमा, कंट्री कोऑर्डिनेटर पेप प्लस प्लस प्रोग्राम, एनएलआर इंडिया फाउंडेशन व पेप प्लस प्लस प्रोजेक्ट की टीम भी उपस्थित रही।

### पई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**कंदवा।** अनामिका चाइल्ड केयर हॉस्पिटल की तरफ गुरुवार को पई-कुसी गांव स्थित काली माता मंदिर प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों का निःशुल्क जांच कर उन्हें दवा वितरण करने के साथ ही परामर्श दिया जाएगा। यह जानकारी पई गांव के राहुल कुमार ने दी है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज का छात्र लापता


अभिषेक गिरी। फाइल फोटो।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के महुअरकला स्थित पं. रामाधार जे तिवारी कालेज छात्र अभिषेक गिरी विगत तीन दिनों से लापता है। वह घर से बिद्यालय के लिए चला था, किन्तु कालेज नहीं पहुंचा। परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। ग्राम बन का मझुआरा, थाना कुढ़नी, जिला कैमूर बिहार प्रान्त का रहने वाला अभिषेक गिरी पुत्र रणधीर गिरी थाना क्षेत्र के महुअर कला स्थित पंडित राम आधार जे तिवारी कालेज में सिविल इंजीनियरिंग का छात्र है, जो 17 जनवरी को घर से कालेज जाने के लिए जमनिया से निकला था। किन्तु अब तक कोई पता नहीं चल पाया। बड़ा भाई मिन्टू गिरी ने बुधवार की दोपहर में बलुआ थाने में लिखित तहरीर देते हुए बलुआ इंस्पेक्टर को बताया कि हमने सब जगह रिश्तेदारी, मित्रों, सगे सम्बन्धियों के यहां पता किया है किंतु कुछ भी पता नहीं चल पाया है। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश ने महुअर चैकी इंचार्ज अवध बिहारी को जांच कर पता करने का निर्देश दिया है।

### चाइनीज मांझा का ना करें इस्तेमाल व बिक्री : एसपी

**चंदौली।** एसपी अंकुर अग्रवाल ने एक बार फिर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा के प्रयोग एवं चोरी-छिपे बिक्री करने वाले समस्त लोगों को आगाह किया जा रहा है। यदि चाइनीज मांझा का इस्तेमाल अथवा बिक्री किया गया तो उसे जेल जाना पड़ेगा। एसपी चंदौली द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी को चाइनीज मांझे का प्रयोग करने वालों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया है। एसपी ने आह्वान किया कि इसका प्रयोग कदापि न करें, आप अपने आसपास चाइनीज मांझा बेचने वालों अथवा प्रयोग करने वालों की सूचना स्थानीय पुलिस को अवश्य दें, सूचना देने वालों का नाम-पता गुप्त रखा जाएगा।

### सड़क सुरक्षा व जागरूकता विषयक प्रतियोगिता आयोजित

**नौगढ़।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय में गठित 'रोड सेफ्टी क्लब' के तत्वावधान में बुधवार को सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के रोवर्स रेंजर्स एवं अन्य प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में छोटेलाल ने प्रथम व खुशबू ने द्वितीय तथा संदीप कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा.रमेश कुमार सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डा.पंकज कुमार शुक्ला रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी शीतला प्रसाद सिंह सहित असिस्टेंट प्रोफेसर डा. पूजा यादव रमेश चंद व कार्यालय प्रभारी मनीष राय बावरे व सुरेश जायसवाल मौजूद रहे।

### हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

**चंदौली।** महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाये जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिला पंचायत बालिका विद्यालय परिसर में हस्ताक्षर कार्यक्रम कर शुभारंभ किया। इसके अलावा अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा भी हस्ताक्षर किये गए। अपील की गई कि लड़के-लड़कियों में कोई भेदभाव न करते हुए बेटियों को भी समानता का अधिकार दिया जाए। लिंगानुपात को रोकते हुए बेटियों को सम्मान दिलाये जाने के लिए हमें उनकी समान भागीदारी करनी होगी। इसके लिए सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी दीक्षा अग्रहरि, जिला समन्वयक रंजना श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

### बलुआ गंगा घाट का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**चहनियां।** बलुआ स्थित पश्चिम वाहीनी गंगा घाट पर मौनी अमावस्या स्नान व मेले को लेकर जिलाधिकारी ईशा दुहन, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने बुधवार को बलुआ स्थित गंगा घाट का निरिक्षण कर ब्यवस्थाओ का जायजा लिया। वहीं बलुआ थाना परिसर में सम्बंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारीयों के साथ बैठक कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्नान व मेले में सभी विभागों लोग मौजूद रहेंगे। किसी भी प्रकार को लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिला अधिकारी ने गंगा नदी में बैरिकेटिग,खोया पाया केन्द्र, महिला चेन्जिग रूम, शौचालय घाट की साफ-सफाई आदि ब्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग को कहा सभी लोग तैयार रहे। श्रद्धालुओ के साथ प्रेम के साथ पेश आये। चोर उचक्कों से सतर्क रहे। आने जाने वाले रास्ते व स्नान करने वाले घाट पर भीड़ न हो लोग लगातार आते जाते रहे। घाट पर एनडीआरएफ एवं गोता खोर की टीम 24 घण्टे तैयार रहे। मुस्तैदी के साथ इस स्नान को सफल बनाने के लिए तैयार रहे। इस दौरान सकलडीहा क्षेत्राधिकारी राजेश राय, दीपक जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, रितेश कुमार, नित्यानंद पांडेय, संजय कुमार, रितेश कुमार, कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्रापं अधिकारी जागृति, आंनद यादव, इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान दिलीप कुमार मौजूद थे।

### केसरवानी वैश्य समाज ने सांसद प्रतिनिधि का किया स्वागत

**डीडीयू नगर।** सांसद पकौड़ी लाल कोल ने अपने राबर्टसगंज सोनभद्र संसदीय क्षेत्र के विधानसभा चकिया अंतर्गत विकासखंड नौगढ़ का प्रतिनिधि रमेश कुमार केसरी उर्फ पप्पू केशरी को बनाए जाने पर मंगलवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर केसरवानी वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष अशोक सिद्धार्थ केशरवानी के गल्ला मण्डी स्थित आवास पर स्वजातीय बंधुओं ने माल्यार्पण व अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत व अभिनन्दन किया। जिलाध्यक्ष गायक अशोक सिद्धार्थ ने कहा कि अपने समाज के ब्यक्ति को सांसद सोनभद्र द्वारा प्रतिनिधि बनाए जाने पर हम सभी बहुत ही काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अशोक सिद्धार्थ ने कहा कि स्वजातीय बंधुओं की चाहे जो भी समस्या हो उसका यथावोचित निराकर एकता बनाए रखने में ही संभव है। सांसद प्रतिनिधि रमेश केसरी ने कहा कि अपने पद के अनुरूप दायित्वों का भली भांति निर्वहन करते हुए समाज के लोगों का उत्थान करने का कार्य निरंतर करता रहूंगा। सांसद प्रतिनिधि ने श्रीमत भगवद गीता (यथार्थ गीता) देकर सभी का सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर बृजेश केशरी, अमित केसरी, रामनिवास केसरी, नवीन केसरी, मुन्ना केसरी, सौरभ केसरी, विमल, सुनील, बाबू केशरी मौजूद रहे। आभार रामजनम केसरी ने किया।

### महुजी में पूर्व प्रधान ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल

**कमालपुर।** धानापुर विकास खण्ड के महुंजी गांव के पूर्व प्रधान, समाजसेवी उमाशंकर सिंह ने अपने निजी धन से बुधवार को 125 गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया।इसके पूर्व अवहीँ न्यायपंचायत के आधा दर्जन गावो में कई दिनों में 975 गरीब व जरूरतमंद को कम्बल वितरित किया ।जिसमें मेढ़ान, रामरूपदासपुर, बघरी, सिसौड़ा कला, अवही, जिगना, हिनौता, वीरासराय, बयानपुर, सुढिया आदि गांव शामिल रहे। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों कम्बल को पाकर खुशी जाहिर किया। कहा कि गरीबों, निराश्रितों की सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है। इस मौके पर पवन कुमार प्रजापति, शिवाकांत दुबे, राजकिशोर सिंह, सागर सिंह, रघुवर गोंड, गामा बिन्द, चेथरु मौर्य, सोनू मौर्य, रमाशंकर सिंह, हरिश्चन्द्र सिंह, गोपाल पाल, बृजेश तिवारी आदि रहे।

### विशेष सचिव ने गोवंश आश्रय स्थलों का लिया जायजा



**नियामताबाद।** नोडल आफिसर व विशेष सचिव सहकारिता अच्छेलाल सिंह यादव द्वारा जनपद दौरे के तीसरे दिन विकास खण्ड-नियामताबाद स्थित कठौड़ी गोवंश आश्रय स्थल एवं मुगलचक, विकास खण्ड सकलडीहा स्थित गोवंश आश्रय स्थल पटपरा व तारापुर (ककरही कला) स्थित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु आश्रय स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही मौके पर सभी मूलभूत सुविधाएं व व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्होंने भूसा गोदाम, पानी की व्यवस्था, अलाव, तिरपाल, टिनसेड, विद्युत व्यवस्था, चारा, भूसा की उपलब्धता का निरीक्षण कर देखा गया। अभिलेखों की सुव्यवस्थित ढंग से रख-रखाव हेतु निर्देशित किया। कहा कि सुपुर्दगी किये गए पशुपालको का प्रति माह भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाय। नोडल अधिकारी द्वारा गोवंश आश्रय स्थलों में गोबर के समुचित निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये गये। नोडल अधिकारी द्वारा धान क्रय केंद्र बथावर, राजकीय धान क्रय केंद्र सकलडीहा तथा राइस मिल सकलडीहा का निरक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बोरों की उपलब्धता नमी मापक यंत्रों को देखा तथा किसानों से बातचीत किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

### आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए सान फ्रांसिस्को, लास एंजिल्स, टेक्सास का किया मुआयना

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की स्थल मुआयना टीम ने 2024 टी20 विश्व कप के लिये ऑकलैंड, फ्लोरिडा और लॉस एंजिल्स जैसे कुछ शहरों का दौरा किया जिसका आयोजन अमेरिका और वेस्टइंडीज क्रिकेट द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। अमेरिका क्रिकेट अध्यक्ष अतुल राय ने यह जानकारी दी। आईसीसी टूनार्मेंट का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस मुकाबला भारत बनाम पाकिस्तान दोनों टीमों के दर्शकों की संख्या को देखते हुए वेस्टइंडीज में नहीं अमेरिका के होने की संभावना है। राय ने पीटीआई को दिये साक्षात्कार में कहा, ह्यह्यभारत के वेस्टइंडीज के खिलाफ फ्लोरिडा में मुकाबले को मिली प्रतिक्रिया को देखते हुए इसे अमेरिका में कराया जायेगा। भारत के इस मैच के सारे टिकट बिक गये थे। अमेरिका में 2024 वैश्विक टूनार्मेंट इस तरह का पहला टूनार्मेंट होगा जबकि कैरेबियाई देशों में पहले भी 50 ओवर (2007) और एक टी20 विश्व कप आयोजित किया जा चुका है।

# हाईस्कोरिंग मैच में भारत की संकीर्ण जीत

## गेंदबाज ब्रेसवेल की तूफानी पारी कीवियों को जीत दिलाते रह गयी
## 12 रन से जीता भारत, शुभमन गिल ने जड़ा जोरदार दोहरा शतक

**प्रथम एकदिनी**

### गिल ने लगातार 3 छक्के जमाकर पूरा किया दोहरा शतक, भारत ने न्यूजीलैंड को दिया 350 रन का टारगेट



**हैदराबाद।** भारत के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 349 रन बनाने वाले भारत को जीतने के लिए पसीना बहाना पड़ा। 350 के लक्ष्य के पीछे कीवियों ने 49.2 ओवरों में अपनी पारी 337 पर खत्म की। मेहमानों ने छह विकेट एक समय 131 पर खो दिए लेकिन स्पिनर ब्रेसवेल ने तूफानी बल्लेबाजी से भारतीय गेंदबाजों को होश उड़ा दिए।

न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने धमाकेदार शतकीय पारी खेली। ब्रेसवेल ने 57 गेंद में अपना शतक पूरा किया। माइकल ब्रेसवेल का वनडे क्रिकेट में यह दूसरा शतक था। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए उस समय पर शतक लगाया जब टीम के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज पूरी तरह से लड़खड़ा गई थी। इस दौरान ब्रेसवेल को मिचेल सैंटनर का भरपूर साथ मिला और 160 रन का साझेदारी की।

सैंटनर 45 गेंद में 57 रन बनाकर पवेलियन वापस लौटे। ब्रेसवेल 70 गेंदों पर 140 रन बनाकर आखिरी बल्लेबाज के रूप में शार्दुल के शिकार बने। दोहरा शतक बनाने वाले शुभमन गिल को मैन आफ द मैच चुना गया। भारत ने 12 रनों की जीत से सिरीज में 1-0 की लीड ले ली।


भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरे थे। शुरूआत में ब्रेसवेल ने सावधानी पूर्वक क्रीज पर अपनी आंखें जमाई। इसके बाद उन्होंने लगातार सभी भारतीय गेंदबाजों को अपना निशाना बनाया। इस बीच उन्होंने अपना शतक पूरा कर भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह के एक रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। ब्रेसवेल वनडे क्रिकेट में सिर्फ दूसरे ऐसे बल्लेबाज बने हैं जिन्होंने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जमाया।

### रोहित शर्मा का धमाका, तोड़ दिया धोनी का यह रिकॉर्ड बने वनडे में भारत के नए 'सिक्सर किंग'



न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में रोहित शर्मा ने एक खास रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित भारत की धरती पर (यानि अपने घर में) वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। ऐसा कर रोहित ने धोनी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. रोहित ने भारत में वनडे में अब 125 छक्के लगा चुके हैं. बता दें कि इस मामले में अपने घर पर धोनी ने 123 छक्के वनडे क्रिकेट में जडे थे। बता दें पहले वनडे में रोहित 34 रन बनाकर आउट हुए। इसके साथ-साथ रोहित ने वनडे में एडम गिलक्रिस्ट को पछाड़ दिया है। रोहित अब गिलक्रिस्ट के द्वारा वनडे में बनाए गए रनों के आंकड़े को पार करने में सफल हो गए हैं। बता दें कि गिलक्रिस्ट ने वनडे में 9619 रन बनाए थे तो वहीं रोहित उनसे आगे निकल गए हैं। अब रोहित के वनडे में कुल 9630 रन हो गए है। मैच की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. भारत ने श्रीलंका को शनिवार को तीसरे वनडे में हराने वाली टीम में तीन बदलाव किये हैं. हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर और ईशान किशन को टीम में जगह दी गई है।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन से राफेल नडाल बाहर, बोले- हार से निराश हूं लेकिन लड़ना नहीं छोडूंगा



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया ओपन में अमेरिकी प्रतिद्वंदी मैकेंजी मैकडानल्ड से मिली हार से निराश राफेल नडाल ने स्वीकार किया है कि वह चोटों के कारण मानसिक रूप से कमजोर हुए हैं मगर दुनिया भर में अपने लाखों प्रशसंको को विश्वास दिलाते हैं कि वह अपने करियर को आगे बढ़ाते हुए जुझारू प्रवृत्ति को बरकरार रखेंगे। विश्व के नम्बर दो खिलाड़ी नडाल को अमेरिका के मैकेंजी मैकडानल्ड ने बुधवार को 6-4,6-4 और 7-5 से हराया जिसके बाद नडाल का मौजूदा टूनार्मेंट में सफल खत्म हो गया। नडाल दूसरे सेट के बाद हिप और लेग इंजरी से परेशान दिखने लगे थे मगर इसके बावजूद उन्होंने पूरा मैच खेला। हालांकि हार के साथ उन्होने इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट से विदाई ली। मैच के बाद नडाल ने कहा,ह्लमैं अपनी चोट में इजाफा किये बगैर खेलना जारी रखता चाहता था। मै मैच को खत्म करना चाहता था। मैकेंजी ने उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन किया। एक लंबे अरसे के बाद मैं अपने मौकों के लिये लड़ रहा था मगर नेट के दूसरी ओर मैकेंजी लाजवाब टेनिस खेल रहा था। मै उसके खिलाफ उम्दा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा था और आखिर में मुझे मैच गंवाना पड़ा मगर मैने मैच के अंतिम लम्हे तक पूरी कोशिश की।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका पर दागे दे दना दन गोल, 7-0 से हराया

### लंबे समय बाद टीम में लौटी रानी रामपाल ने फिर गोल किया



**केपटाउन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक और शानदार जीत दर्ज करते हुए मेजबान टीम को दूसरे मैच में 7 . 0 से हराया और लंबे समय बाद टीम में लौटी रानी रामपाल ने फिर गोल किया। पहले मैच में 5 . 1 से जीत दर्ज करने वाली एफआईएच नेशंस कप चैम्पियन भारतीय टीम ने उसी लय को कायम रखा।

उदिता ने नौवे मिनट में पहला गोल किया। गोलकीपर सविता की अगुवाई वाली टीम ने दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका पर और दबाव बनाया। वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 22वें मिनट में दूसरा गोल किया। इसके बाद पूर्व कप्तान रानी ने फील्ड गोल किया जो छह महीने बाद टीम में लौटी हैं। दूसरे क्वार्टर के आखिर में भारत की बढत छह गोल की हो गई जब संगीता कुमारी, नवनीत कौर और वंदना कटारिया ने 25वें, 26वें और 27वें मिनट में गोल दागे । तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका लेकिन वंदना ने चौथे क्वार्टर में 58वें मिनट में गोल किया । भारत को अब गुरुवार को अगला मैच खेलना है।


## बॉलीवुड न्यूज

### राशि खन्ना का दिलचस्प कैरेक्टर वीडियो किया जारी



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने अपनी अपकमिंग क्राइम थ्रिलर फर्जी को लेकर चल रही चर्चा को बढ़ाते हुए आज एक एक्साइटिंग कैरेक्टर वीडियो जारी किया, जिसमें राशि खन्ना मेघा के रूप में दिखाई दे रही हैं। सीरीज में, अभिनेत्री एक सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाती हैं, जो देश से जालसाजी को खत्म करने में विजय सेतुपति द्वारा निभाए गए सुपरकॉप माइकल के साथ शामिल हो जाती है। प्रोमो में राशि के किरदार की एक मजबूत और आत्मविश्वासी महिला के रूप में झलक मिलती है, जो कॉन 'आर्टिस्ट' शाहिद कपूर को पकड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। इस सीरीज में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, राशि खन्ना ने कहा कि फर्जी की कास्ट और क्रू के साथ काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा है। उन्होंने कहा, मुझे सरकारी अधिकारी के इस किरदार को निभाने में बहुत मजा आया, जो अपने काम के प्रति बहुत भावुक है। मैं हमेशा परफॉर्मेंस ओरिएंटेड भूमिकाएं करना चाहती थी और जब बेहतरीन थ्रिलर कंटेंट बनाने के लिए जाने जाने वाले राज और डीके जैसे निमार्ता आपको फर्जी जैसा कुछ ऑफर करते हैं, तो आपको बस इस मौके को पकड़ना होता है। शाहिद कपूर और विजय सेतुपति जैसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ एक ही फ्रेम में होना मेरे लिए बहुत एक्साइटिंग था। मैं प्राइम वीडियो पर फर्जी के लॉन्च का इंतजार कर रही हूं, जहां से हमारा काम दुनिया भर के लोगों तक पहुंचेगा। इस सीरीज का प्रीमियर 10 फरवरी से प्राइम वीडियो पर भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा।

### नये अवतार में होगी अलीबाबा एक अंदाज अनदेखा की शुरूआत



**इंदौर।** टेलीविजन के जाने-माने सितारे अभिषेक निगम सोनी सब के शो अलीबाबा- एक अंदाज अनदेखाः चैप्टर 2 में अलीबाबा का मुख्य किरदार निभाने के लिये तैयार हैं। शो के इस नये वर्जन में अभिषेक मुख्या भूमिका में होंगे और नये रोमांचक अवतार में आकर अली के किरदार में नई जान डालेंगे। ज्यादा चतुराई, आक्रामकता और मार्शल आट्र्स की नई तकनीकों के साथ अली परफेक्टअ हो जाएगा और अपने दुश्मगनों से हमेशा दो कदम आगे रहेगा। पहले की तरह दया से भरे दिल वाले अली को परवाज में लौटते और अपना सफर जारी रखते देखना रोमांचक होगा। इस शो में आने से पहले अभिषेक निगम को सोनी सब के लोकप्रिय शो हीरो- गायब मोड ऑन में मुख्यर भूमिका के लिये काफी पसंद किया गया था। इस शो को खूब कामयाबी मिली थी और दर्शकों ने इसे बहुत पसंद किया था। अलीबाबा के रूप में सोनी सब पर अभिषेक निगम की वापसी करीब दो साल के लंबे अंतराल के बाद टेलीविजन पर भी उनकी वापसी होगी।

### डोपिंग के फेर में फंसी नंबर-1 धाविका दुती चंद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** भारत की नंबर एक फरार्टा धाविका दुती चंद टूनार्मेंट से बाहर हुए टेस्ट में प्रतिबंधित अनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन की दोषी पाई गई हैं और उन पर अस्थायी निलंबन लगा दिया गया है । दुती की जांच रिपोर्ट की एक प्रति पीटीआई के पास है, इसके मुताबिक इस धाविका के नमूने में एसएआरएमएस (सेंलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलेटर) के अंश मिले हैं।

इसका इस्तेमाल आमतौर पर मांसपेशियों के द्रव्यमान और ताकत बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह शरीर में वसा को कम करता है और सहनशक्ति बढ़ता है। एशियाई खेल 2018 में सौ और दो सौ मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर रही दुती सौ मीटर में मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन है। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया, दुती चंद को एंडराइन, ओस्टराइन और लिगांड्रोल के सेवन का दोषी पाया गया है। दुती को तीन जनवरी 2023 करे लिखे पत्र में एएएफ अधिसूचना में कहा गया, मैं आपको सूचित करता हूं कि आपके ए नमूने की एनडीटीएल (राष्ट्रीय डोप टेस्ट प्रयोगशाला) में वाडा (विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी) की प्रक्रिया के तहत जांच की गई और नतीजा पॉजिटिव आया है। यह नमूना पिछले साल पांच दिसंबर को टूनार्मेंट से इतर प्रतियोगिता में लिया गया था । पत्र में दुती को इसके परिणामों के बारे में भी आगाह किया गया । इसमें कहा गया , पत्र की विषयवस्तु को ध्यान से पढ़े जिसमें इसके परिणामों के बारे में बताया गया है। पत्र में कहा गया है कि दुती के पास बी नमूना परीक्षण के लिए अपील करने के लिए सात कार्य दिवस है, जिसमें विफल रहने पर नाडा मानेगा कि उसने दूसरे नमूने का विश्लेषण करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया।

### शिक्षक संकुल की बैठक सम्पन्न

**सेवापुरी।** कार्य योजना को लेकर बुधवार को विकास खंड के न्याय पंचायत बरेमा एवं न्याय पंचायत भिटकुरी के शिक्षक संकुल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक उप शिक्षा निदेशक बेसिक मंडल वाराणसी अवध किशोर सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी सम्मिलित हुए।

बैठक में शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासा, अपेक्षा को शिक्षकों के बीच साझा किया। इस दौरान शिक्षकों ने सामूहिक रणनीतियां बनाई और उसे लागू करने के लिए उपकरण बनाकर डेमो का प्रदर्शन भी किया। बैठक में सहायक शिक्षा निदेशक ने प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोगों की योजना प्रशंसनीय है। बैठक में एआरपी शिवकुमार मिश्र, दिनेश चंद्र, विनीत अग्रवाल, अरुण पाल, प्रदीप शुक्ला, मुकुल मौर्य, अजीत कुमार, संदीप कुमार, शैलेंद्र विक्रम आदि मौजूद रहे।

## कृषि उत्पादन में बढ़े आगे, अब किसानों को मिले बेहतर मूल्य



कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में बुधवार को किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी में वैज्ञानिकों ने संबोधित किया

**वाराणसी।** सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण भारत आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के साथ ही निर्यात की दिशा में बढ़ रहा है। असंतुलित रसायनों का प्रयोग एवं गिरते भू-जल स्तर से उत्पन्न होने वाली स्थिति चिंता का विषय है। हमें पोषणयुक्त खेती करने समेत कृषकों तक उन्नत प्रौद्योगिकी पहुंचाने की आवश्यकता है।

कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में बुधवार को आयोजित एकदिनी किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कैबिनेट मंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को मॉडल के तौर पर विकसित कर रहे हैं। फार्ड फाउंडेशन द्वारा भारत सरकार के बायोटेक किसान परियोजना के साथ मिलकर वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और सोनभद्र जनपदों में किया गया कार्य अनुकरणीय है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक बीएचयू के पूर्व कुलपति एवं रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विवि झांसी के चांसलर प्रो. पंजाब सिंह ने कहा कि कृषि उत्पादन में हम आगे निकल गये हैं। अब किसानों को उनके उपज की बेहतर आय दिलाने की जरूरत है। कृषि वैज्ञानिक एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि फैजाबाद के वीसी प्रो. बिजेंदर सिंह ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिये कृषि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हो रहा है और उसके रिजल्ट उत्साहजनक हैं। कार्यक्रम में प्रो. टीके बेहरा, प्रो. यशवंत सिंह, प्रो. आरएम सिंह, डॉ. नीरज सिंह, प्रो. शिवराज सिंह एवं कल्लीपुर के संस्थान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

### वेल्स से होगा भारतीय टीम का अगला मुकाबला

**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में गोलरहित ड्रॉ खेलने वाली भारतीय टीम एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के आखिरी पूल मैच में गुरुवार को जब वेल्स से खेलेगी तो उसका लक्ष्य बड़े अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने का होगा। भारत और इंग्लैंड के दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हैं लेकिन इंग्लैंड गोल औसत से आगे है। इंग्लैंड का गोल औसत प्लस पांच है जबकि भारत का प्लस दो है।

## भुड़कुड़ा में स्टाल लगाकर ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



भुड़कुड़ा में महिलाओं की गोद भराई करते अधिकारीगण।

**इलिया।** प्रशासन चला गांव की ओर के तहत भुडकुड़ा गांव में बुधवार को आयोजित ग्राम जन चैपाल भारी पुलिस और पीएसी की तैनाती के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

जन चौपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका मिशन, राजस्व विभाग, पंचायती राज, बाल विकास पुष्टाहार, कृषि, विद्युत विभाग, न्यायालय सहित कई विभागों के स्टाल लगाकर औपचारिकता तो पूरी की गई, मगर समाज कल्याण तथा सहकारिता विभाग जैसे प्रमुख विभाग का स्टाल न लगाया जाना चर्चा का विषय बना रहा। इसके साथ ही वन विभाग, उद्योग तथा मत्स्य विभाग भी जन चैपाल के दौरान दिखाई नहीं दिया। वहीं ग्राम प्रधान अशोक कुमार द्वारा जन चैपाल में मारपीट होने की सूचना प्रशासन को एक दिन पूर्व ही दे दी गई थी, जिस पर इलिया तथा शहाबगंज थाना की पुलिस एक प्लाटून तथा तीन सेक्शन पीएससी की तैनाती के बीच जन चैपाल का शुभारंभ उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद तथा खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने किया। इस दौरान दो महिलाओं की गोद भराई तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी परंपरागत ढंग से अधिकारियों ने कराई। विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों पर ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। तथा उप जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों के शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सुपुर्द कर उसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निस्तारण का निर्देश दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग, मिथिलेश तिवारी, बिजली विभाग के एसडीओ अनिल सिंह, सीडीपीओ आशीष कुमार वर्मा, बीईओ अजय कुमार सहित कई अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

## ठंड लगने से सफाई कर्मी की मौत, दी श्रद्धांजलि

**जनसंदेश न्यूज**

**चकिया।** विकासखंड के राजस्व गांव भैसही में तैनात सफाई कर्मी चंद्रिका 40 वर्ष की जिला मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मौत हो गई।

मंगलवार की सायं परिजनों ने ठंड लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना की जानकारी मिलते ही विकास खंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों और सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े लोगों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सदर विकास खंड के चक सोहदवारे गांव निवासी चंद्रिका चकिया विकासखंड के ग्राम पंचायत करेमुआ के राजस्व गांव भैंसही मैं सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। बीते मंगलवार की सुबह अपनी रिश्तेदारी में निमंत्रण करने गया हुआ था। पेट में दर्द होने और हालत खराब होने पर शाम को घर लौटे चंद्रिका को उसके परिजनों ने जिला मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी चिकित्सालय में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की सुबह इलाज के दौरान चंद्रिका की मौत हो गई।

विकास खंड कार्यालय परिसर में एडीओ पंचायत एनडी तिवारी की देखरेख में आयोजित शोक सभा में ग्राम पंचायत अधिकारी और सफाई कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी देवेंद्र भारती, श्री चंद, अमर सिंह सहित सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार, नवीन सोनकर, अवधेश शर्मा, जितेंद्र, अनिल, धनंजय, बीसी सुनीता, संजय, मनोज गुप्ता सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी शामिल है।

## लोर्लाकेश्वर महादेव का अन्नकूट शृंगार 22 को

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** भदैनी स्थित लोर्लाकेश्वर महादेव का 22 जनवरी को किया जायेगा, बुधवार को मंदिर के महंत शिव प्रसाद पांडेय व उप महंत पं.अविनाश पांडेय ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में पहली बार बाबा का अन्नकूट शृंगार किया जा रहा है। बताया कि बाबा लोलारकेश्वर महादेव के पवित्र स्थान पर हर साल लोर्लाक षष्टी पर मेला का आयोजन किया जाता है, इस बाद अन्नकूट का निर्णय लिया गया है। बताया कि बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा, इसके साथ देर रात बाबा की भव्य आरती की जायेगी।



# पर्यावरण की अनदेखी से आती है प्राकृतिक आपदा : प्रो. बीपी सिंह

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

## भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में हुआ छात्र संवाद कार्यक्रम

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान के भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग में छात्र-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता जियोलॉजी विभाग बीएचयू के अध्यक्ष और प्रख्यात भूवैज्ञानिक प्रो. बीपी सिंह ने जटिल भूगर्भीय तथ्यों एवं वर्तमान दौर में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि भूमण्डलीकरण के वर्तमान दौर में सामाजिक और आर्थिक प्रगति हेतु विभिन्न विकास कार्य अत्यन्त आवश्यक है, किन्तु संकट या आपदाओं की अनदेखी करके विकास कार्यों को करते रहना अत्यन्त घातक निर्णय हो सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में कभी-कभी विभिन्न विकास कार्य भी आपदा का कारण बन जाते हैं। प्रो. सिंह ने कहाकि विकास राष्ट्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति की अनदेखी कर किया गया विकास मानव को विनाश की ओर ले जाता है।

उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता का संबंध जल जंगल और जमीन से उसके उत्पत्ति काल से ही है अगर इसकी सुरक्षा हम उसके प्राकृतिक रूप में नहीं कर पाएंगे तो आने वाली पीढ़िओं को इसका दुष्परिणाम भुगतना होगा। प्रो. सिंह विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जोशीमठ का भू-धंसाव हाल की सबसे बड़ी अनदेखी पर्यावरणीय घटनाओं में से एक है, क्योंकि स्थानीय क्षेत्र के भूगर्भ वैज्ञानिकों एवं पर्यावरण विशेषज्ञों की राय को कहीं न कहीं दरकिनार कर के जिस तेजी से मानवीय गतिविधियां बढ़ी है, होटल, चौड़ी- चौड़ी सड़कें, ऑल वेदर रोड और अन्य विकास कार्य हो रहे है उससे स्थानीय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण को नुकसान हुआ है। उ

न्होंने कहा कि सतत विकास का पर्यावरणीय आधार अहम है, इसलिए सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक उचित संतुलन बनाने की भी आवश्यकता है।

इस अवसर पर संचालन डॉ. नीरज अवस्थी ने स्वागत निदेशक, प्रो. देवराज सिंह एवं भू एवं ग्रहीय विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम कन्हैया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शशिकांत यादव ने किया, डॉ. श्रवण कुमार, बीएससी एवं एमएससी के समस्त छात्र उपस्थित रहे।



# हत्या कर जलाई गई युवक की लाश मिलने से सनसनी



घटनास्थल के पास जुटी ग्रामीणों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव में एक युवक की जली हुई लाश देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। युवक की लाश उसके घर से डेढ़ किलोमीटर दूर मिली है। आशंका है कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को जला दिया है। सूचना पर पुलिस के साथ सीओ मछलीशहर अतर सिंह भी पहुंचे और घटना के बारे में परिजन से जानकारी हासिल की। सुरक्षा के दृष्टिगत गांव में फोर्स तैनात कर दी गयी है।

बताया जाता है कि नारायणडीह गांव निवासी हिंदू इंटर कालेज के रिटायर्ड शिक्षक रघुराज यादव के पुत्र विनोद यादव उर्फ नन्कू यादव (23) की हत्या कर लाश को पुआल के सहारे जला दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई जब किसी ने जले हुए शव को देखा। परिजनों के मुताबिक विनोद यादव घर पर ही रहकर काम करता है। मंगलवार की रात को 8 बजे वह अपने कमरे में सो रहा था। रात 10 बजे किसी का फोन आया तो वह कमरे से बाहर निकल गया। परिजनों ने सोचा कि वह अभी आ जाएगा। परिजन भी सो गये और सुबह उठे तो विनोद अपने बिस्तर पर नहीं था। परिजनों का माथा ठनक गया वह खोजबीन करने लगे। बुधवार की सुबह 8 बजे किसी ने जानकारी दी कि एक युवक को नारायणडीह गांव के बरौलडीह के पास रामकुमार के बाग में एक टिन शेड के नीचे जलाकर मारा गया है। परिजन बदहवास मौके पर पहुंचे तो देखा मृतक युवक विनोद यादव ही था। हत्या की बात सुनकर गांव में सनसनी फैल गई। भारी भरकम भीड़ इकट्ठी हो गई। थानाध्यक्ष विवेक तिवारी का कहना है कि पोस्टमार्टम से पता चल पाएगा कि मामला क्या है। सीओ मछलीशहर अतर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनोंसे घटना की जानकारी ली। गांव में सुरक्षा के तौर पर पुलिस को तैनात किया गया है।

## फोरेंसिक टीम ने एक घंटे तक की जांच, लिए सैंपल

**हत्या**

### डॉग स्क्वॉड ने दोस्त के घर पर मारा चक्कर

### मृतक के पिता ने गांव के दो लोग के खिलाफ हत्या की दी तहरीर

### शव को कब्जे में लेने को लेकर पुलिस व परिजनों में हुई तनातनी

**मुंगराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव में युवक को जिंदा जलाये जाने की दिल दहला देने वाली घटना से हर कोई हतप्रभ दिखा। परिजन दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे मे ले रहे पुलिस को कई बार हंगामे के दौर से गुजरना पड़ा।

सीओ मछलीशहर अतर सिंह व थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी परिजनों व ग्रामीणों को समझाने बुझाने मे लगे रहे तब जाकर शव को पुलिस अपने कब्जे में ले सकी। घटना की गम्भीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड व फारेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची।

खोजी कुत्ता मौके पर पहुंचा और पहुंचते ही शव के पास गया और फिर मृतक विनोद यादव (23) के एक दोस्त के घर का चक्कर लगाता रहा। फिर मृतक विनोद के घर तक गया। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए अपने पास पुआल, जले हुए कपड़े, चप्पल, माचिस, खाली बोतल अपने साथ ले गई। माना यह जा रहा है कि विनोद को जिंदा जला दिया गया। घटना की वीभत्सता को देखकर परिजनों और गांव के लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। हर कोई घटना को अंजाम देने वालों को कोसता नजर आया। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के पिता रघुराज यादव ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज लिया है।



घटनास्थल पर जांच करती डॉग स्कायड व फॉरेंसिक टीम

# मॉडल किसान के रूप में सम्मानित हुए दीपक



**सुइथाकला।** क्षेत्र के [illegible] बलजोर निवासी दीपक पाण्डेय मंगलवार को माडल किसान के रूप में सम्मानित हुए। उनकी इस उपलब्धि पर लोग उन्हें बधाई देते नजर आए।

उक्त सम्मान उन्हें स्ट्राबेरी की उन्नत खेती करने के लिए जिले के पालीटेक्निक स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत दो दिवसीय किसान गोष्ठी एवं किसान मेले के दौरान प्रदेश सरकार के स्वतन्त्र प्रभार राज्यमन्त्री दिनेश प्रताप सिंह के हाथों मिला। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्रम और प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी श्री पाण्डेय किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के हाथों भी सम्मानित हो चुके हैं। श्री पाण्डेय लगभग चार सालों से स्ट्राबेरी की उन्नत खेती कर लोगों के लिए मिसाल बने हुए हैं। लोग उन्हें जिले में क्षेत्र का मान बढ़ाने के लिए बधाई देते नजर आए। बधाई देने वालों में अमित शुक्ला, अभिमन्यु मौर्य, दिनेश जायसवाल, प्रमोद सिंह, कमलेश मिश्रा समेत अन्य प्रमुख थे। श्री पाण्डेय साथ ही एक कुशल शिक्षक भी हैं।

## कागज की गड्डी थमा 50 हजार नकदी लेकर फरार हुए उचक्के

**बदलापुर।** महराजगंज थाना क्षेत्र के कड़ेरेपुर गांव निवासी शेर बहादुर सरोज का आरोप है कि वह अपने घर में रखे 25 हजार रुपए नकदी और बदलापुर पोस्ट आफिस बैंक से 25 हजार रुपए निकालकर वह टोटल 50 हजार रूपए स्टेंट बैंक में जमा करने के लिए लाइन लगाए हुए था। इसी दौरान एक उचक्के ने उनकी जमा पर्ची देख ली फिर वहां एक दूसरा उचक्का पहुंचा और उनसे कलम मांगकर जमा पर्ची भरकर उनके पीछे वह भी लाइन में खड़ा हो गया। उसने शेर बहादुर से कहा कि हम कानपुर में नौकरी कर रहे थे। हमारे मालिक ने हमें मारा-पीटा। हम वहां से डेढ़ लाख रुपए लेकर भागकर आये हैं। हमारा चाचा शराबी है और हम बिहार के हैं हमारा पैसा जमा करवा दीजिए। इन्हीं सब बातों में शेर बहादुर को उक्त उचक्कों ने उलझाकर बिना पैसा जमा किए ही बैंक से निकालकर इंदिरा चौक के समीप ले गए और वहां डेढ़ लाख रुपए कागज की गड्डी में पांच सौ की पांच नोट असली के साथ उक्त गड्डी को उचक्कों ने शेर बहादुर को देकर उनके पचास हजार रुपए नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बैंक के सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# दबे, कुचले और कमजोर की आवाज उठाना अधिवक्ता का धर्म :अनूप प्रधान

**समारोह**

### राजस्व मंत्री ने दिलाया नव निर्वाचित अधिवक्ताओं को शपथ

**मछलीशहर।** प्रदेश के राजस्व मंत्री अनूप प्रधान ने कहाकि दबे, कुचले, कमजोर की आवाज उठाने व न्याय दिलाने का कार्य अधिवक्ता करते हैं जो सम्मान के पात्र हैं।

तहसील परिसर में मंगलवार को अधिवक्ता समिति के नव निर्वाचित अधिवक्ताओं के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री ने विचार व्यक्त करते हुये आगे कहा कि गरीब से गरीब कमजोर से कमजोर व्यक्ति को आपके माध्यम से लाभ मिलता है। असहाय को धन के अभाव में न्याय दिलाते हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि जीरो टालरेन्स की नीति पर कार्य हो। कोई भ्रष्टाचार का आरोपी बक्शा नहीं जायेगा। सभी मुकदमों का निर्धारण समय सीमा के ही अंदर हो। न्याय के लिये अनायास वाद्कारियों को तहसील के चक्कर न काटने न पड़ें। अधिवक्ताओं ने आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मंत्री को दिया। जिस पर अमल करने का आदेश दिया। अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, महामंत्री बनवारी राम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय प्रकाश, उपाध्यक्ष अनुराग सिन्हा सहित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी। विशिष्ट अतिथि सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक रागिनी सोनकर, डा. तेज बहादुर यादव, डा. आरबी चौहान, दिनेश चंद्र सिन्हा, केदारनाथ यादव, प्रेमचंद्र विश्वकर्मा, एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार मूसा राम, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह आदि ने बिचार व्यक्त किया। संचालन विनय प्रिय पाण्डेय ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा के आवास पर अनुराग सिन्हा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया और भाजपा पदाधिकारियों से मिले।



अधिवक्ताओं को शपथ ग्रहण कराते राजस्व मंत्री

## संक्षेप

### ढाई सौ जरूरतमंदों में वितरित किया गया कंबल



**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज के प्रयास से ढाई सौ जरूरतमंदों को बीडीओ धमार्पुर काशीनाथ सोनकर और भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा द्वारा कंबल वितरित किया गया। बीडीओ धमार्पुर काशीनाथ सोनकर ने बताया कि सांसद बीपी सरोज के प्रयास पर प्रशासन द्वारा अवमुक्त किए गए धन द्वारा चिन्हित किए गए ढाई सौ लोगों को बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पर कंबल वितरित किया गया। कंबल पाकर जरूरत मन्दों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, उमेश सिंह, बुलट सिंह, विकास सिंह, चंद्रशेखर निषाद, सुरेंद्र सिंह, दिवाकर निषाद, उमाकांत यादव, राम सिंह मौर्य, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पास धरकार बस्ती में जमीनी विवाद को लेकर बुधवार को सुबह हुई मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पास धरकार बस्ती में सूरज पुत्र प्रभुनाथ व भुवाल के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। आरोप है कि एक पक्ष से भूवाल ने सूरज पुत्र प्रभुनाथ को बांका से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल सूरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा कर आरोपित भुआल को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। घायल सूरज को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन



**मछलीशहर।** क्षेत्र के समाधगंज बाजार में बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक विपिन कुमार यादव थे। शाखा प्रबंधक ने बताया कि इस ग्राहक सेवा केंद्र के खुल जाने से लोगों को बैंक जाना नहीं होगा और उनकी सभी समस्या ग्राहक सेवा केंद्र पर ही पूरी हो जाएगी। शाखा प्रबंधक ने यह भी बताया कि हमारा बैंक ग्राहकों का सबसे मनपसंद बैंक है और यहां पर ग्राहकों का सम्मान किया जाता है। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, राकेश मिश्रा मंगला गुरु, मेंहीलाल गौतम और भाजपा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री और सनराइज एंड स्पीकिंग क्लासेज के डायरेक्टर राजन सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### नेकी घर ने गरीबों को बांटे कंबल

**सुइथाकला।** क्षेत्र के गंगौली गांव में कैंप लगाकर नेकी घर टीम के सदस्यों ने बुधवार को गरीबों में कंबल व गर्म कपड़े वितरित किए। गंगोली गांव के चंपानगर बाजार में मुख्य अतिथि वरिष्ठ ग्राम पंचायत सचिव उगेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. यश एम पाल के हाथों तमाम गरीबों में वितरित कराया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा कहा गया कि नेकी घर मुहिम गरीब अनाथ बेसहारा वृद्ध विकलांग लोगों की उम्मीद की पहली किरण बनी हुई है क्योंकि यह मुहिम अक्सर गरीबों के बीच मदद करने पहुंचती रहती है। नेकी घर मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण पेश कर रहा है। हम सभी को नेकी घर मुहिम से जुड़कर पुण्य प्राप्त होता है। अतिथियों ने कहा कि हम सभी मुहिम का सदैव साथ और सहयोग करते रहेंगे और लोगों से जुड़ने की अपील भी की क्योंकि आज यदि मानव मानव की सेवा नहीं कर सकता तो पशु मानव की सेवा करने नहीं आयेगा। सभी मुहिम से आवश्य जुड़ें। इस दौरान सर्वेश मौर्य, आर के प्रजापति, बब्लू यादव, आशु प्रजापति, शिवकुमार, सुरेंद्र कुमार, आदेश कुमार, मिथिलेश सिंह, सदानंद वर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, हरि सहाय, रामसहाय, अंबुज अग्रहरी, सुखराम, देवीलाल सेठ, डॉ. अंकुर, निगम, विपिन प्रजापति, अनिरुद्ध प्रसाद, शंकर, शिवपूजन आदि लोगों ने सहयोग किया।

### सात सूत्री मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन



**महराजगंज।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) गुट की बदलापुर तहसील इकाई ने बुधवार को किसानों, गरीबों व मजदूरों की समस्या को लेकर पंचायत का आयोजन किया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी के गैर मौजूदगी में सम्बंधित अधिकारी को सौपा गया। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राजनाथ यादव ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है उसकी बंन्दरबाट की जा रही है उसकी जांच करायी जाय। पंचायत के अंत में सात सूत्रीय माँग में महंगाई और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए, मरखापुर से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के पास से होकर मीरापुर जाने वाली सड़क की जांच कराई जाए, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी विभागों के डॉक्टर उपलब्ध कराए जाएं, सभी पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाए, प्रत्येक ग्राम सभाओं में पात्र व्यक्तियों का कटे हुए आवास की पुनः जांच कराई जाए, स्थानीय ब्लाक अंतर्गत एडिशनल अस्पतालों पर डॉक्टर उपलब्ध कराए जाएं व सभी सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध कराई जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष लालचंद यादव वह कार्यक्रम का संचालन महामंत्री डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मीडिया प्रमुख सियाराम उपाध्याय, धर्मेंद्र यादव, रामजीत, चंद्रभान, रामाश्रय, अरविंद, सफी गुड्डू, मन्नूलाल, शारदा, मंजू, नंदलाल, इंद्रावती, रिचा सहित यूनियन के लोग उपस्थित रहे।

# कार सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, हालत गम्भीर

**दबंगई**

### घटना से हड़कंप, ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर

**जफराबाद।** क्षेत्र के महरुपुर गांव के पास बुधवार को कार सवार बदमाशों ने एक 42 वर्षीय युवक को गोली मार दिया। युवक को दो गोलियां लगी हैं। घटना के बाद मौके पर हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला चिकित्सालय ले गयी जहां से उसे ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी अमिताभ मिश्र पुत्र अवधेश मिश्र अपने घर से बुलेट से जौनपुर शहर के लिए निकला था। घर से थोड़ी दूर उक्त स्थान के पास वह पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही एक कार में सवार बदमाशों ने महरुपुर बाजार में स्थित गेट के पास उनके ऊपर फायर कर दिया। एक गोली उसके पीठ के नीचे लगी दूसरी गोली दस मीटर आकर बदमाशों ने उसके पेट में मार दी। गोली लगने के बाद अमिताभ मिश्र अपनी बुलेट रोक कर स्टैंड पर खड़ी की तब तक आस पास के दुकानदार शोर मचाते हुए पहुंच गए। कार शहर की तरफ भाग निकली। लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे एक प्राइवेट वाहन से जिला चिकित्सालय ले गयी जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया। घटना की सूचना पर पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर एसपी सिटी डॉ. संजय कुमार, सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता, थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी, क्राइम ब्रान्च व स्वाट की टीम भी पहुंच गई। वहां पर एक दुकान में लगे सीसी टीवी को खंगाला। एसपी सिटी ने कहा कि घटना के खुलासे के लिए पांच टीम बना दी गयी है जिसकी मॉनिटरिंग सीओ सिटी करेंगे।



घटनास्थल पर जानकारी हासिल करते एएसपी सिटी

## बाइकों की भिड़ंत में एक घायल हालत गंभीर

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव बाजार के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सरपतहां थाना क्षेत्र के वैजा मिर्जापुर रुधौली गांव निवासी 33 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र तिलकधारी अपने बाइक से शाहगंज से घर जा रहा था कि बड़ागांव बाजार के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# अधेड़ महिला का गन्ने के खेत में मिला कंकाल

**सनसनी**

### आधार कार्ड, पासबुक व कपड़ों से हुई उसकी पहचान

जनसंदेश न्यूज

**थानागद्दी।** ग्रामसभा निहालापुर में गन्ने के खेत में एक अधेड़ महिला का कंकाल मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव से दो मीटर की दूरी पर रामानंद का खेत है जिसमें गन्ने की फसल है। फसल कटाई करने पहुंचे रामा ने कंकाल देखा तो सिहर उठे। गांव आकर लोगों को खेत में मानव कंकाल होने की बात कही। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण गन्ने के खेत के पास पहुंच गए।

अधेड़ महिला का कंकाल सिर का भाग, कुछ पैर के भाग, कुछ कपड़े, बैंक का पासबुक, शाल साड़ी चप्पल, आधार कार्ड मिला बाकी अस्थि पंजर गायब थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाकी हिस्से को कुत्ते सियार निपटा चुके हैं। मौके पर मिले आधार कार्ड, पासबुक व कपड़ों से उसकी पहचान हुई।

वह निहालापुर दलित बस्ती की कुमारी पत्नी सभाजीत सरोज थी। मृतका लगभग डेढ़ महीने से गायब थी। गांव, परिवार वालों के मुताबिक मृतका मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। कई कई दिनों तक घर से गायब रहती थी, जिससे परिजन ज्यादा ढूंढने की कोशिश नहीं करते थे। लेकिन इस तरह से कंकाल मिलने पर क्षेत्र में तरह तरह चचाएं व्याप्त है। किसी ग्रामीण ने सूचना पुलिस को दे दी।

सूचना मिलने पर पहुंचे चौकी इंचार्ज रोहित मिश्र ने बताया की खोपड़ी, कपड़े को कब्जे में ले लिया गया है, वैज्ञानिक परिक्षण के बाद ही कुछ कह सकते है।



महिला का कंकाल मिलने पर सुराग ढूंढती डॉग स्कायड की टीम

# अवैध मदिरा के तस्करी रैकेट का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, देशी व विदेशी मदिरा निर्माण की सामग्री बरामद**

**जौनपुर।** जिला आबकारी अधिकारी ने अवगत कराया है कि शासन व आबकारी आयुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश एवं जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, वितरण, भण्डारण से संबंधित तस्करी पर अंकुश लगाने के लिये दिये गये कड़े निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम मिश्र के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखाबिर की सूचना पर राजा साहब के पोखरे के पास बाइक पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 42 पौवे अवैध देशी शराब, तरंग ब्राण्ड 400 अप्रयुक्त नकली ढ़क्कन व 200 नकली/फर्जी राजस्व सुरक्षा क्यूआर कोड सहित नियमानुसार कार्यवाही करते हुए सायंकाल गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विनोद यादव पुत्र पतिराम यादव निवासी सरैया थाना जफराबादसे बरामद अवैध शराब के साथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्री-ढ़क्कन व नकली/फर्जी क्यूआर कोड के श्रोत के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसकी निशानदेही पर रिजवी खान खोवा मण्डी स्थित कमल प्रेस के यहॉ आकस्मिक छापेमारी की गयी जिसमें संबंधित संचालक के यहॉ से 160 अदद नकली/फर्जी राजस्व सुरक्षा क्यूआरकोड सहित क्यूआरकोड के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले पेपर के 12 अदद् पेपर रोल बरामद करते हुए संचालक जाहिद अली पुत्र जफरूद्दीन सिद्दकी नि.-रौजा अर्जन, थाना-कोतवाली, से कड़ाई से पुछताछ करने पर उसने बताया कि अभियुक्त विनोद ने 5000 नकली/फर्जी राजस्व सुरक्षा क्यूआर कोड़ मेरे यहां छपवाये थे। इसके उपयोग के संबंध में जाहिद अली द्वारा बताया गया कि विनोद द्वारा इस क्यू आर को शराब की नकली शीशियों पर चिपकाकर बिक्री किया जाता है जिससे होने वाले लाभ को हमलोग बाटतें है, इसी लालच में आकर मैने क्यूआर कोड छाप दिया था।

बरामद पेपर रोल के विषय में जाहिद अली द्वारा बताया गया कि इस पर भी क्यूआर कोड तैयार कर विनोद को देने वाला था। इस प्रकार जाहिद अली को उसका जुर्म बताकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। पुनः अभियुक्त विनोद की निशानदेही पर हरलालका रोड स्थित जितेन्द्र कुमार के कास्मेटिंक की दुकान पर छापा मारा गया जिसमें संवंधित दुकान व गोदाम की तलाशी में विभिन्न रंगों के अवैध देशी मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 5365 अप्रयुक्त नकली ढ़क्कन एवं अवैध विदेशी मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 131 अप्रयुक्त नकली ढ़क्कन एवं अवैध मदिरा की शीशियों पर चस्पा होने वाले 6000 रैपर/लेबल बरामद हुआ। दुकान संचालक जिसका नाम जितेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार नि.-ईशापुर, थाना-कोतवाली, ने उक्त बरामदगी के संबंध में बताया कि इस रैपर व ढ़क्कन को सूरज यादव नि.-लाडलेपुर, थाना-सरायख्वाजा के साथ मिलकर हमलोग मगांकर विनोद यादव को देते है जिसे विनोद यादव द्वारा अवैध शराब तैयार एवं बिक्री कर जो लाभ अर्जित होता है उसे हम लोग आपस में बाट लेते है।

इस प्रकार जितेन्द्र कुमार को भी उसका जुर्म बताकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं उसके साथी सूरज यादव को वांछित किया गया।

# उद्योगपति यूपीजीआईएस बैठक में भाग लें

**बोलीं कुलपति**

**देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार की पहल**

**विश्वविद्यालय इन्वेस्ट प्रतिभाग करने वालों की सूची राजभवन भेजेगा**

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कुलपति सभागार में बुधवार को जनपद के उद्योगपतियों के साथ कुलपति ने बैठक की। यह बैठक 10 से 12 फरवरी को उत्तर प्रदेश शासन में होने वाली निवेशकों की बैठक के संदर्भ में बुलाई गई।

इस बैठक में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने जनपद के उद्योगपतियों को उप्र सरकार की बैठक में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि आप जिले के उद्योग इत्र और चमेली के तेल के बारे में प्रस्ताव देकर इन्वेस्ट कर सकते हैं। 10 से 12 फरवरी कि लखनऊ में होने वाली उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट(यूपीजीआईएस) में इन्वेस्ट की शर्तों और सरकार द्वारा उद्योगपतियों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 की बैठक में भाग लेकर प्रदेश और देश की व्यवस्था में को मजबूत बनाए। सरकार उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को ठीक करने का है। भारत सरकार की मंशा अर्थव्यवस्था को लेकर एकदम पारदर्शी है वह हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इस कारण वह वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट पर भी काम कर रही है। संचालन प्रो अविनाश पाथर्डीकर और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह, हर्षित अग्रवाल, श्याम मोहन अग्रवाल, अरविंद सिंह, अतुल सिंह, संजीव मोहन अग्रवाल, मनोज अग्रहरि, प्रो मानस पांडेय, डॉ अमित वत्स, डॉ. सुनील कुमार, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि उपस्थित थे।

# दो निर्माणाधीन टंकी का छज्जा गिरने से चार श्रमिक घायल

**हादसा**

**दो की हालत नाजुक**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जासोपुर का मामला**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जासोपुर बाजार में निमार्णाधीन पानी की टंकी का छज्जा गिरने से चार श्रमिक चपेट में आने से घायल हो गये जिसमें दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ठेकेदार मौके से भाग खड़ा हुआ। जासोपुर में जल निगम विभाग से पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान बुधवार को अपराहन तीन बजे अचानक निर्माणाधीन छज्जा गिर पड़ा जिसमें चार श्रमिक चपेट में आ गए। उसमें बशीरपुर गांव निवासी 40 वर्षीय चंदन व अतरही गांव निवासी 30 वर्षीय सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके अलावा भी दो श्रमिकों को हल्की चोटें आई।

इस दौरान वहां अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोग दौड़े और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनकी हालत नाजुक बताई गई है। इसके अलावा वहां मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा है। मौके पर ठेकेदार भी मामला बढ़ता देख खिसक लिया। श्रमिकों ने काम रोक कर ठेकेदार की खोजबीन शुरू की, लेकिन ठेकेदार मौके से फरार हो गए थे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। घटना को लेकर श्रमिकों में रोष व्याप्त है। ग्रामप्रधान रीता यादव का कहना है कि निर्माण कार्य की ठेकेदार द्वारा कोई प्रगति जानकारी नहीं दी गई है। निर्माण कार्यों में अच्छी सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। घटना की जानकारी हुई है घायलों को उपचार किया जा रहा है।

# इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट संग्रहण के लिए चलेगा अभियान: डॉ. क्षितिज शर्मा

**जौनपुर।** लायन्स क्लब संगठन की ओर से नगर के एक होटल में प्रेसवार्ता के दौरान एरिया लीडर/ई वेस्ट मल्टिपल कोआर्डिनेटर डा. क्षितिज शर्मा ने विस्तार से बताया कि हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल सेवाओं पर निर्भरता बढ़ी है, उसी अनुपात में इलेक्ट्रानिक कचरे यानी ई-वेस्ट का अंबार भी बढ़ता जा रहा है। ऐसी इलेक्ट्रानिक वस्तुएं जो उत्पादकता खत्म होने अथवा तकनीकी खराबी की वजह से उपयोग में नहीं लाई जाती हैं, ई-कचरे का रूप ले लेती हैं जो कैंसर का कारण बन सकता है। उन्होंने बताया कि ई-कचरा नदियों और झीलों को जहर देता है। अत्यधिक जहरीले रसायनों के माध्यम से मिट्टी को दूषित करता है। इस अभियान के माध्यम से ई-कचरे के हानिकारक प्रभावों को लेकर जागरुकता से लायंस इंडिया के कार्यक्रम 'डंप आर डोनेट' को अति सफलता प्राप्त होगी जिससे एक बेहतर व स्वस्थ भारत बनाने में हर आम नागरिक उपयोगी सिद्ध होगा।



प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते डा. क्षितिज शर्मा

**प्रेसवार्ता**

**लायन्स क्लब ने पर्यावरण को ई-कचरा मुक्त करने का उठाया बीड़ा**

**19 से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा अभियान**

ई-वेस्ट की श्रेणी में खराब इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिन्टर, मोबाईल फोन, घरेलू उपकरण, चिकित्सा उपकरण, ऑडियो-विजुअल उपकरण आदि हैं। इलेक्ट्रिकल उपकरणों के गैर वैज्ञानिक निस्तारण से हानिकारक हैवी मैटल्स और अन्य प्रदूषक एवं रासायनिक तत्व पर्यावरण को दूषित करते हैं। यह गंभीर रोगों का एक कारण भी बन सकता है। शहर में 19 जनवरी को शाही किला से ई-वेस्ट रैली निकाली जायेगी तथा शहर में जगह-जगह पर इलेक्ट्रोनिक वेस्ट संग्रहण के लिए केन्द्र स्थापित किये गए हैं जिसमें गोल्डेन हार्ड वेयर सदर अस्पताल के सामने, किला गेट, आरएन काम्प्लेक्स निकट जेसीज चौराहा, अहियापुर मोड़, मछली मार्केट के सामने कचहरी रोड, आरडी होम रसूलपुर एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर निकट होटल रिवर व्यू, मौर्या कटरा रुहट्टा, मुमताज कटरा कोतवाली चौराहा, पालिटेक्निक चौराहा पर कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, जहाँ पर कोई भी ई वेस्ट मटेरियल समय प्रातः 11 बजे से सांय 5 बजे दे सकता है। इसके पूर्व लायन्स मेन अध्यक्ष संदीप गुप्ता, लायन्स सूरज अध्यक्ष आनन्द स्वरूप, लायन्स क्षितिज अध्यक्ष विष्णु सहाय, लायन्स गोमती सचिव सैय्यद कमर हसनैन दीपू, लायन्स पवन अध्यक्ष विनय कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य, जोन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता, संतोष साहू बच्चा, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, मनीष गुप्ता व लियो अध्यक्ष हर्षित रंजन, राजीव श्रीवास्तव, डा. राजेश मौर्य, शशांक सिंह रानू, राजेन्द्र खत्री, अजीत सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए की गयी बैठक

**जौनपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री-ट्रायल बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भुदेव गौतम की अध्यक्षता एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशांत कुमार के संयोजन में बुधवार को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी।

बैठक में विचार-विमर्श करते हुए भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी प्रशांत कुमार द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्ता गण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एमएसीटी पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# तीन जगहों पर टीकाकरण की प्रगति न होने पर डीएम ने दी चेतावनी

**बैठक**

**विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में टीकाकरण की समीक्षा के दौरान बदलापुर, मछलीशहर, शाहगंज में टीकाकरण की प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित एमओआईसी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमेशा डयू-लिस्ट अपडेट रहे। आशा एवं आंगनबाड़ी के पास ड्यू लिस्ट रहे। जल्द से जल्द अवशेष बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण करायें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में टीका लगाने में समस्या उत्पन्न हो रही है, सभी एमओआईसी, एसडीएम बीडीओ, पूर्ति निरीक्षक भ्रमण कर टीका न लगाने वाले परिवारों को जागरूक करें।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आशा एवं एएनएम को धड़कन सुनने वाली मशीन उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशा शत-प्रतिशत होम विजिट करें। विकासखंड डोभी में लो बर्थ वेट की संख्या अधिक पाए जाने पर एमओआईसी को निर्देशित किया कि ऐसे गांव को चिन्हित करें और लोगों को गर्भावस्था के दौरान दी जाने वाली पोषणयुक्त भोजन एवं दवाओं के संबंध में जागरूक किया जाए जिससे बच्चे स्वस्थ पैदा हो। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान पाया कि पिछले महीने की अपेक्षा इस महीने में कम कार्ड बनाया गया है जिसपर निर्देशित किया कि तेजी से कार्य करते हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। एडीओ पंचायत एवं एमओआईसी मुंगराबादशाहपुर के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में अच्छा कार्य किया गया है जिन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी पर आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा दी जाए। टेली कंसलटेंसी में कार्य न करने वाले 14 चिकित्सकों को नोटिस देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि सभी सीएचसी में कम से कम एक डॉक्टर अनिवार्य रूप से तैनात रहे और एनएचएम से स्वीकृत पद जल्द से जल्द भर लिया जाए। सभी सीएचसी पर डॉक्टर के बैठने के दिन एवं समय लिखवाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, सीएमएस महिला अस्पताल सहित एमओआईसी व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से करें निस्तारित

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले डीएम**

**विकास भवन सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा किसानों की समस्या को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। विकास खण्ड करंजाकला की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के किसान महेंद्र प्रताप सिंह ने निराश्रित पशुओं की शिकायत की जिस पर खण्ड विकास अधिकारी करंजाकला आरडी यादव को निर्देश दिया कि तत्काल पशुओं को पकड़कर गोशाला में पहुंचाये। आदमपुर में जमीन विवाद की शिकायत की जिस पर एसडीएम को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी केके सिंह को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं में तेजी लाई जाए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है।

अधि. अभियंता सिचाई को निर्देश दिया कि अवैध कुलावे बनाने वालों पर कार्यवाही करें और टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि सभी किसान बंधु अपने खेतों की सिंचाई कर सकें। धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि भुगतान में तेजी लाये। एलडीएल को निर्देशित किया कि कैम्प लगा कर केसीसी वितरित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, अपर कृषि अधिकारी रमेश चन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पत्रकार को मातृ शोक

**जौनपुर।** जनपद के पत्रकार व जनसंदेश टाईम्स के ब्यूरो चीफ महर्षि सेठ की माता का बुधवार को लम्बी बीमारी के पश्चात हृदयाघात के चलते वाराणसी में निधन हो गया। उनके निधन की खबर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही बड़ी तादाद में पत्रकार, समाज सेवी व शुभचिन्तक उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मृतका का दाह संस्कार सायंकाल रामघाट पर किया गया।

### नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**बदलापुर।** सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज सभागार में बुधवार को नवनिर्वाचित प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। वहीं शपथ निर्वाचन अधिकारी सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बेचन सिंह रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एडवोकेट, प्रबंधक श्याम सिंह, उप प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ओम तथा सदस्य अशोक कुमार सिंह एडवोकेट, अमर बहादुर सिंह, राम किशोर सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, शिव बहादुर सिंह, अशोक कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह आदि लोग रहे। नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के प्रबंधक श्याम सिंह अध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह एडवोकेट सहित पूर्व प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर सुनील प्रताप सिंह, सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, राजुल सिंह, प्रमोद नारायण शुक्ला, आदित्य प्रताप सिंह, अनिल कुमार पांडेय, रामप्रताप, अजय प्रताप, सुभाष डा. सुनील सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### राहुल यादव गोबरा ने शिवनाथ पहलवान को दिखाया आसमान

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम गोबरा में बुद्धवार को आयोजित गोबरा महोत्सव में स्व पहलवान चन्द्रदेव की सत्रहवीं पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष की भाँति हो रहे दंगल में राहुल यादव पहलवान गोबरा और शिवनाथ पहलवान डीएलडब्लू वाराणसी का दंगल मुकाबले के लिये मुख्य अतिथि क्षेत्रिय विधायक तूफानी सरोज ने हाथ मिलवाया। वहीं मुकाबले में राहुल यादव ने शिवनाथ पहलवान को महज कुछ ही समय मे आसमान दिखाकर मुकाबला जीत लिया। दंगल मुकाबले में 56 जोड़ी पहलवान ने अखाड़े में जमकर जोर आजमाइस किया। वहीं प्रतियोगिता का महा मुकाबला वाराणसी केसरी राजू पहलवान और यूपी केसरी निगम यादव कर बीच खेला गया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष राजबहादुर, एमएलसी आशूतोष, नपं अध्यक्ष विजय कुमार कमलापुरी, जिलाध्यक्ष सुशील यादव, प्रबंधक सुमन, रिंटू सिंह, शमसेर, विरेन्द्र, मोनू चौहान, बनवारी यादव, रामसहाय समेत तमाम गाँवो के प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे पूर्व प्रधान इंद्रावती देवी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन सपा विधान सभा अध्यक्ष नीरज पहलवान ने किया।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

**ज्ञानपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला उन्मुखीकरण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक जिला समन्वयक राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. राजेश कुमार ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। तम्बाकू नियंत्रण कानूनों की निगरानीय पंचायती राज संस्थाओं के साथ समन्वय ग्राम स्तर की गतिविधियाँ जिला स्तर पर औषधीय उपचार सुविधाओं के प्रावधान सहित निवारण सुविधाओं की स्थापना और सुदृढ़ीकरण करना है। यह समग्र नियोजन कार्यान्वयन और विभिन्न गतिविधियों की निगरानी और कार्यक्रम के तहत भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों की उपलब्धि के लिए जिम्मेदार होगा।

### कार्यशाला में दी गयी योजनाओं की जानकारियां

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर कार्पेट एक्सपो मार्ट भदोही में बुधवार को जनपद भदोही के समस्त ग्राम प्रधानों का शासन द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सभी विभागाध्यक्षों ने सभी योजनाओं के बारे में प्रधानों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी गौरांग राठी व विधायक जाहिद बेग ने दीप प्रज्वलित कर के किया। शासन के मंशानुरूप शासन के सर्वोच्च विकासात्मक कार्यों में नवाचार अभिनय पहल प्रयोग के क्रम में ग्राम ज्ञानालय, ग्रे वाटर प्रबंधन, सॉलिड व लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, निर्माण आदि विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में ग्राम प्रधानों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों व योजनाओं में विशिष्ट उल्लेखनीय योगदान करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# भदोही में बनेगा 12300 प्रधानमंत्री आवास

**ज्ञानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि गरीबों को आशियाना उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने करीब छह साल पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू किया था। वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब तक 25 हजार से अधिक आवासों का आवंटन किया जा चुका है। ब्लॉकवार सर्वे में छूटे पात्रों को आवास मिलने की उम्मीद जग गई है। नए साल में शासन ने 12 हजार 300 आवास का लक्ष्य दिया है। जिसमें 11 हजार 432 स्वीकृत हो चुका है। ब्लॉकवार आवंटित योजना के लक्ष्य के साथ ही पात्रों के चयन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। योजना के तहत चयनित प्रत्येक लाभार्थी को भवन निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपये आवास निर्माण के लिए तीन किस्तों में मुहैया कराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें मजदूरी के लिए मनरेगा के तहत 19100 रुपये और शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार की धनराशि भी पंचायती राज विभाग से उपलब्ध होगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास, योजना में नए साल पर सरकार ने गरीबों को तोहफा दिया है। 12 हजार 300 नए आवास आवंटन का लक्ष्य मिला है। अब तक 11 हजार 722 आवास स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि भदोही ब्लॉक में 300 से अधिक आवास अभी भी लंबित है। जिसको लेकर सीडीओ ने नाराजगी भी जताई है। साल भर के अंदर इन आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## हृदयाघात से प्रधान के भाई की मौत

**भदोही।** ऊंज क्षेत्र के कुरमैचा गांव निवासी ग्राम प्रधान रविकांत बिंद का छोटा भाई बृज बिहारी बिंद ऊर्फ बल्ले उम्र 27 वर्ष हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह उठकर मंजन ब्रश करने के बाद स्नान किए, स्नान कर-के ज्योही बाहर आते हैं अचानक गिर जाते हैं। उन्हें परिवार के सदस्य निजी नर्सिंग होम में ले जाते हैं जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिससे गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके शव यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शव यात्रा में जेएस बिंद, राज कुमार बिंद, वरिष्ठ सपा नेता कमला शंकर महतो, रामकिशोर बिंद, अशोक कुमार बिंद, रालोद अध्यक्ष राधेश्याम बिंद, जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी वरिष्ठ सपा नेता रंजीत बिंद, निषाद पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश चतुर्वेदी, योगेश बिन्द, पप्पू शर्मा, धर्मराज निषाद आदि बड़ी संख्या में लोग शव यात्रा में शामिल हुए।

# जिले की दो कालीन कंपनियों में इनकम टैक्स का छापा

**कार्रवाई**

**आरएमसी कलेक्शन काजीपुर व शेख भुल्लन एंड संस मेवड़ापुर घर कंपनी में इनकम टैक्स का पड़ा छापा**

**भदोही।** काजीपुर स्थित आरएमसी कलेक्शन में इनकम टैक्स ऑफिसर लखनऊ द्वारा आय से संबंधित जांच करने के लिए 30 से 35 लोगों की टीम ने छापा मारा। सूत्रों से पता चला कि इस इनकम टैक्स टीम में लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज व वाराणसी की के अधिकारी सम्मिलित हैं।

बताया गया कि जबतक टीम आय से संबंधित सभी दस्तावेजों का अच्छी तरह से जांच पूरी नहीं कर लेती तबतक इनकम टैक्स टीम फैक्टरी में ही रहेगा। इसमें दो या तीन दिन भी लग सकता है। बताते चलें कि बुधवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से एक साथ जनपद के दो बड़े कालीन फैक्टरियों में एक साथ छापा मारा गया है। इन कालीन फैक्टरियों मे आयकर विभाग की छापेमारी से भदोही जनपद में हड़कंप मच गया। आरएमसी कलेक्शन काजीपुर के अतिरिक्त गोपीगंज स्थित शेख भुल्लन एंड संस नामक कालीन फैक्टरी में भी छापेमारी की जा रही है। फैक्ट्री में मौजूद किसी भी कर्मचारी या किसी अन्य को बाहर जाने की इजाजत नहीं दिया जा रहा था। शाम को 6 बजे कुछ कार्य करने वाले मजदूरों व कर्मचारियों को आरएमसी कलेक्शन से बाहर जाने दिया गया। फैक्ट्री में एक-एक दस्तावेज को खंगालने में आयकर टीम खबर लिखे जाने तक जमी रही। वहीं मौके पर मौजुद किसी भी कर्मी को बाहर जाने की इजाजत नहीं दी गई है। जनपद के दो बड़े कालीन फैक्टरियों में आयकर विभाग की छापेमारी से इलाके में खलबली मच गई। जनपद के कई अन्य कालीन फैक्टरियों में बाहर से ताला लगाकर कार्य किया गया। बता दें कि कुछ महीने पहले नेशनल इंटर कॉलेज के पास स्थित एक अन्य कालीन फैक्टरी में आईटी की टीम ने छापेमारी की थी परंतु वहां पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के हांथ कुछ नही लगा व कालीन फैक्ट्री को क्लीन चिट भी मिला।



आरएमसी कलेक्शन काजीपुर से बाहर निकलते कुछ कर्मचारी




**मंडल के तहत आने वाले सभी स्टेशनों पर आधारभूत संरचनाओं का हुआ विकास**

**दोहरीकरण व विद्युतिकरण के साथ पर्यावरण व स्वच्छता को पूरे मंडल में दी गयी गति**

# वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर बढ़ रहीं यात्री सुविधाएं

**जनसंदेश टाइम्स**
**एनईआर वाराणसी मंडल के डीआरएम रामाश्रय पांडेय से खास मुलाकात**


अश्विनी कुमार श्रीवास्तव



पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय का मानना है कि किसी भी लक्ष्य पर अगर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से नजर रखी जाए तो उसे पूरा करने में किसी भी तरह का व्यवधान नहीं होता, 'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी सकारात्मक नजरिया साझा किया। अगस्त 2021 में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद, उन्होंने वाराणसी मंडल में ना सिर्फ यात्री सुविधाओं के प्रति लगातार अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मंथन करते हुए उसका विस्तार किया, बल्कि मंडल के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता को अभियान के तहत गति दिलायी। बीटेक आईआईटी रूड़की तथा एमटेक आईआईटी दिल्ली से पूरा करने वाले वाराणसी मंडल के डीआरएम रामाश्रय पांडेय इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के माध्यम से वर्ष 1990 में रेल सेवा में अपने कैरियर की शुरूआत पूर्वोत्तर रेलवे से ही की, रेल सेवा में पहली पारी की शुरूआत भी उन्होंने वाराणसी मंडल से करते हुए सीवान में सहायक मंडल इंजीनियर पद का संभाला। इसके बाद वह गोरखपुर एवं समस्तीपुर में उप मुख्य इंजीनियर निर्माण, रेलवे बोर्ड में मेम्बर इंजीनियरिंग के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी), डायरेक्टर विजिलेंस, रेलवे बोर्ड, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/हाजीपुर के पद पर रहते हुए सभी पदो पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। रेल विकास निगम लिमिटेड के ग्रुप जनरल मैनेजर के पद पर कार्य करते ह७ुए आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किये, रेल संचलन एवं आधारभूत संरचनाओं के निर्माण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में श्री पाण्डेय इटली, सिंगापुर, मलेशिया, स्पेन, नार्वे एवं टर्की में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ट्रैक रिकार्डिंग की ट्रेनिंग इटली में, एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम का प्रशिक्षण सिंगापूर एवं मलेशिया में, हाई-स्पीड ट्रेन संचलन की ट्रेनिंग स्पेन में तथा सुरंग निर्माण(टनलिंग) की ट्रेनिंग टर्की एवं नार्वे से प्राप्त किया है। आधारभूत संरचनाओं के निर्माण कार्यों के गहन अनुभव के अलावा सामान्य प्रशासन में भी कार्य करने का गहन अनुभव है, आप रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकप्रिय है। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में आने वाले स्टेशनों पर आधारभूत संरचनाओं का लगातार विकास किया जा रहा है, जिसके तहत छपरा-बलिया रेल खण्ड पर नया ब्लॉक स्टेशन मांझी ओपेन किया गया है, आजमगढ़ के गुड्स शेड को फरिहा में नया गुड्स शेड खोल कर विस्थापित किया गया है। औड़िहार-जौनपुर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत डोभी-मुफ्तीगंज खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के साथ पूरा कर यात्री यातायात हेतु खोल दिया गया, मऊ- शाहगंज दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत सठियाव-फरिहा खण्ड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण के साथ पूरा कर यात्री यातायात हेतु खोल दिया गया, गाजीपुर सिटी झफेफना, बलिया- सहतवार, फेफनाझरसरा, ज्ञानपुर रोड झ रामनाथपुर तथा गौतम स्थान-मांझी खंड का दोहरीकरण किया गया। मंडल के हंडिया खास, देवरिया, उनौला, निगतपुर, चितबडागाँव, सहतवार, फरिदहा हाल्ट, गंगौली हाल्ट, मुफ्तीगंज, सहेरी हाल्ट, केराकत, कछवा रोड, राजातालाब, फरिहा एवं सठियाव स्टेशनों पर पैदल उपरिगामी पुल का प्रावधान किया गया है।

## कोरोना काल में भी रही मुस्तैदी

कोरोना काल के समय लॉकडाउन में जब लोग अपने घरो में थे तब मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय के नेतृत्व में रेलकर्मी अपनी ड्यूटी पूरी मुस्तैदी के साथ निभा रहे हैं। खाद्यान्न, दवा सहित अन्य आवश्यक सामानों का आकाल न पड़े, इसलिए मालगाड़ी चलाकर निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित कर रहे हैं।




## वाराणसी मंडल पर स्वच्छता व पर्यावरण पर कार्य

बनारस स्टेशन को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ14001:2015 सर्टिफिकेट तथा कार्य क्षेत्र में स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के लिए आईएसओ 45001:2018 सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं। बनारस स्टेशन को ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश के प्रदुषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा इस कार्य हेतु प्रक्रिया का अनुमोदन (कंसेन्ट टू ऑपरेट) प्राप्त कर लिया गया है । बनारस रेलवे स्टेशन पर एन जी टी के मानकों के अनुरूप जल एवं वायु क्वालिटी को नियंत्रित रखते हुए ग्रीन स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है । बनारस स्टेशन जो की तीन वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय संस्था (क्वालिटी सर्किल ऑफ इण्डिया) 5 र प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उस स्तर को कायम रखे हुए है। अब बनारस स्टेशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्य स्थल प्रबंधन हेतु अंतर्राष्ट्रीय संस्था खवरए(यूनियन ऑफ जेपनिज साइंटिस्ट एण्ड इंजीनियर्स) का प्रमाण पत्र भी प्राप्त करने की आहर्ता पूरी कर चुका है और क्यूएसएफआई टीम द्वारा इस बावत स्टेशन प्रबंधन में किया गये सुधारों कीऑडिट रिपोर्ट जापान भेजी गयी है।

## इन स्टेशनों को मिला उपरिगामी पुल

यात्रियों की सुविधा के लिये 15 स्टेशनों - हंडिया खास, देवरिया, उनौला, निगतपुर, चितबडागाँव, सहतवार, फरिदहा हाल्ट, गंगौली हाल्ट, मुफ्तीगंज, सहेरी हाल्ट, केराकत, कछवा रोड, राजातालाब, फरिहा एवं सठियाव पर इस वर्ष पैदल उपरिगामी पुल का निर्माण किया गया । इस वर्ष 22 स्टेशनों पर उच्च तल प्लेटफार्म के निर्माण एवं विस्तार का कार्य पूरा किया गया। इस वर्ष बनारस स्टेशन पर एक अतिरिक्त पूरी लम्बाई का वाशिंग पिट लाइन का कार्य पूरा किया गया ।

## ऊर्जा संरक्षण पर भी वाराणसी मंडल ने कार्य किया

गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत के रूप में सोलर प्लांट, सोलर पम्प, सोलर गीजर, स्ट्रीट लाइट का प्रयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, साथ ही स्टार रेटेड विद्युत उपकरणों के प्रयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। फलस्वरूप नान ट्रैक्शन विद्युत ऊर्जा की खपत में कमी आयी है। मंडल के अधिकांश रेल रूट के विद्युतीकरण हो जाने से रेल संचालन विद्युत इंजनो से किया जा रहा है जिससे एक तरफ तो इंधन की बचत हो रही है वहीं दूसरी तरफ वायु प्रदुषण न्यून हो गया है। ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान को देखते हुये परिवहन क्षेत्र में पूर्वोत्तर रेलवे को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2022 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## वाराणसी मंडल के सभी रेल खंडों में विद्युतिकरण

वाराणसी मण्डल के हथुआ-पंचदेवरी खंड (32 रूट किमी.) के विद्युतीकरण के साथ ही वाराणसी मंडल के सभी रेल खंडों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हुआ। वर्तमान में वाराणसी मण्डल पर कुल 1272.33 रूट किमी. तथा 2250.72 ट्रैक किमी. रेल खंड विद्युतीकृत हो गया है। वाराणसी मंडल पर वर्ष 2022-23 में डोभी हाल्ट-मुफ्तीगंज (डबल लाइन), हंडिया खास-रामनाथपुर (डबल लाइन), करीमुद्दीनपुर-गाजीपुर सिटी (डबल लाइन), शाहबाजकुली-गाजीपुर सिटी (डबल लाइन), फेफना-रसड़ा (डबल लाइन), सठियांव-आजमगढ़ (डबल लाइन),गौतामस्थान-माँझी(डबल लाइन) तथा हथुआ-पंचदेवरी (सिंगल लाइन) रेल खडों का विद्युतीकरण पूर्ण हुआ। जिससे वाराणसी मंडल पर रेल खंडों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण होने से कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी आयेगी।



## अमानवित समपार फाटकों का हुआ समापन

मंडल के बड़ी लाइन पर स्थित सभी अमानवित समपारों को समाप्त किया जा चुका है तथा मानवित समपारों को विभिन्न तरीकों से बन्द किया जा रहा है। वर्तमान वित्त वर्ष में चार समपार मर्जर के माध्यम से तथा 1 समपार (एलएचएस )निर्माण के माध्यम से कुल 5 मानवित समपारों को बन्द कर दिया गया,वर्तमान वित्त वर्ष में संरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु 3730.59 किमी. ट्रैक की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग करायी गयी, संरक्षा हेतु 85.16 किमी. टी.आर.आर. एवं 159.57 किमी. रेलवे ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग, 67 टर्नआउट रिन्यूवल तथा 4 किमी. पी.एस.सी. स्लीपर रिन्यूवल का कार्य किया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में मंडल के विभिन्न खंडो में कुल 378.657 किमी. ट्रैक की गति 110 किमी.प्रति घंटा तक बढ़ाई गयी है । इसके साथ ही विभिन्न खण्डों के 368.168 किमी. में लूप लाइनों की गति भी 30 किमी.प्रति घंटा तक बढ़ाई गयी है ।

## उत्तर रेलवे की नौ जोड़ी ट्रेनों को भी संभाल रहे

उत्तर रेलवे के वाराणसी जं. से पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस/वाराणसी सिटी स्टेशन पर नौ जोड़ी गाड़ियों को स्थानान्तरित किया गया, जिसमें 17323/17324 हुबली-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 11071/11072 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 04202/04201 प्रतापगढ़-वाराणसी विशेष गाड़ी को वाराणसी जं. से बनारस, 14220/14219 लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 22969/22970 ओखा-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 14265/14266 वाराणसी-देहरादून एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से बनारस, 04249/04250 आनन्द विहार टर्मिनस-वाराणसी विशेष गाड़ी को वाराणसी जं. से बनारस, 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी जं. से वाराणसी सिटी, 19167/19168 अहमदाबाद-वाराणसी साबरमती एक्सप्रेस शामिल है।

## कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र पर भी ध्यान

वाराणसी मण्डल में कार्यरत सभी कर्मचारियों के सेवा अभिलेख को एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड कराया गया। सभी कर्मचारियों को ऑनलाईन पास/पीटीओ जारी किये जाने तथा भविष्य निधि व समापक भुगतान ऑनलाईन ल्फ्टर के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ ही मण्डल में ऑनलाईन की प्रक्रिया की शुरूआत की गई जिससे कर्मचारियों को भुगतान आसानी से भुगतान मिल जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान माह जुलाई से एच.आर.एम.एस. पोर्टल द्वारा किया जा रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिये 15 दिसम्बर, 2022 को आयोजित पेंशन अदालत में लगभग सभी मदों का निस्तारण किया गया ।

## मैकेनाइज्ड कोच क्लीनिंग

मैकेनाइज्ड कोच क्लीनिंग के अन्तर्गत गाड़ियों की साफ-सफाई एवं धुलाई का कार्य पिट लाइन पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से 02 कोचिंग डिपो में संविदा के तहत किया जा रहा है। कोचिंग डिपो/ बनारस एवं छपरा में विगत वर्ष में ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लान्ट के शुरू हो जाने से सवारी यानों की बाह्य सफाई की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ओ.बी.एच.एस. के तहत 03 स्टेशनों से 09 गाड़ियों में साफ-सफाई का कार्य संविदा के तहत किया जा रहा है। मंडल से चलने वाली सभी मेल / एक्सप्रेस गाड़ियों में इको फ्रेंडली बायो-वैक्यूम ग्रीन ट्वायलेट लगाये जा चुके हैं तथा सवारी यानों के शौचालयों की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रेशराइज्ड फ्लशिंग सिस्टम लगाये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन.जी.टी.) के अन्तर्गत आने वाले सभी 12 स्टेशनों को आई.एस.ओ. 14001 तथा एनर्जी आडिट एवं वाटर आडिट पूर्ण हो जाने के उपरान्त राज्य प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड (एस.पी.सी.बी.) द्वारा सी.टी.ओ. प्रदान किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेल परिसरों तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े हुये अवांछित एवं निष्प्रयोज्य इमारतों एवं विभिन्न स्तर के आवासों को चिन्हित कर उनका निरस्तारण किया गया। फलस्वरूप न केवल रेल राजस्व की प्राप्ति हुई बल्कि रेल परिसरों एवं रेल पटरियों को साफ-सुथरा रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया ।

## इन स्टेशनों के प्लेटफार्म का हुआ विस्तार

वाराणसी मंडल के सठियाव, फरिहा, गंगौली हाल्ट, मुफ्तीगंज, केराकत, बैतालपुर, नूनखार, कटका, राजातालाब, गौतम स्थान , रामनाथपुर, शाहबाजकुली, ताजपुर, ढ़ोंढाडीह, रसरा एवं चिलकहर स्टेशनों के प्लेटफार्मों के विस्तार एवं उच्चीकरण किया गया ।

# शनि देव का मकर से कुंभ राशि में प्रवेश



**वाराणसी।** शनि ग्रह को नवग्रहों में न्याय प्रिय ग्रह माना गया है। शनि ग्रह इस बार मकर राशि से कुंभ राशि में प्रवेश कर गये हैं। इसके चलते विश्व पटल पर इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा। शनि ग्रह एक राशि में ढाई वर्ष तक रहते हैं। इस अवधि में शनि ग्रह जब वक्र गति से चलते हैं तो ढाई वर्ष की अवधि और भी बढ़ जाती है। शनि ग्रह की साढ़े साती पूर्ण आयु वाले व्यक्ति को जीवन में तीन बार आती है। इसमें प्रथम बार बचपन में आती है जिसका प्रभाव बालक के स्वास्थ व शिक्षा पर तथा माता-पिता के कार्य क्षेत्र पर पड़ता है। द्वितीय बार युवावस्था में जिसका प्रबाव आर्थिक स्थिति, कारोबार की स्थिति व अन्य पक्ष पर पड़ता है। तृतीय बार वृद्धावस्था में शनि की साढ़े साती का प्रभाव स्वास्थ्य पर ज्यादा दिखता है। इस बार कर्क व वृच्छिक राशि पर शनि की अढ़ैया तथा मकर व कुंभ तथा मीन राशि वालों को शनि ग्रह की साढ़े साती रहेगी। शनि की साढ़े साती के प्रारंभ में सौ दिन मुख, 600 दिन चरणों, 500 दिन उदर, 400 दिन दक्षिण वाम भुजा तथा 300 दिन मस्तक व 200 दिन नेत्रों व 200 दिन गुदा पर शनि का प्रभाव रहता है।

## द्वादश राशियों पर प्रभाव

**मेष**- योजना फलीभूत, लाभ का सुयोग, यात्रा सार्थक
**वृषभ**- विविध पक्षों में सफलता, कर्ज से मुक्ति, वांछित सहयोग की प्राप्ति।
**मिथुन**- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में आंशिक सफलता, स्वास्थ में सुधार।
**कर्क**- नवीन समस्याएं, विश्वासघात की आशंका, जोखिम से धन हानि
**सिंह**- संघर्ष से योजना में प्रगति, दाम्पत्य जीवन में अशांजस, मिला जुला असर
**कन्या**- चित्त प्रफुल्लित, अधूरे कार्य पूरे, नवसंपर्क लाभदायी
**तुला**- परिस्थितियों में सुधार, कार्य व्यापार में लाभ का सुयोग, परिवार में मांगलिक कार्य
**वृच्छिक**- आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में विलंब, यात्रा में निराशा
**धनु**- योजाना पर कार्यारम्भ, समस्या का समाधान, आर्थिक लाभ का सुयोग
**मकर**- पारिवारिक कृत्यों में निराशा, वाणी पर नियंत्रण जरूरी, जोखिम से धन हानि
**कुंभ**- स्वास्थ में शिथिलता, कार्य व्यापार योजना में विशेष प्रयास से ही सफलता
**मीन**- वैचारिक स्थिरता का अभाव, सोचे हुए कार्य अधूरे, व्यय की अधिकता

ज्योतिषविद आचार्य पं. वेदप्रकाश मिश्र के अनुसार शनि ग्रह न्याय प्रिय ग्रह है। वह न्याय देते हैं। राशि परिवर्तन से सत्ता में परिवर्तन होता है। राजनीतिक उथल पुथल बनी रहती है। सत्ता को गिराने व या किसी को सत्ता पर बैठाने में शनि ग्रह की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। शनि देव की महिमा में हनुमान चालीसा का पाठ, शनिवार को शनिदेव के नाम पर पीपल के वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना चाहिए। इसके साथ ही शनिवार को उड़द के दाल की खिचड़ी व काले सामानों का दान करने से शनि ग्रह से बचाव किया जा सकता है।




## विश्व पटल पर पड़ेगा व्यापक असर

प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक शनि ग्रह के राशि परिवर्तन के चलते विश्व पटल पर प्रभाव पड़ेगा। विश्व के कई देशों में राजनैतिक उथल पुथल बढ़ेगी। शासक वर्ग में विषम परिस्थितियां रहेंगी। नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप, प्राकृतिक दैवीय आपदा, मौसम में अजीबीगरीब परिववर्तन, यान-वाहन व अग्निजन्य दुर्घटनाएं होने की संभावना है। इसके अलावा शेयर बाजार, वायदा मार्केट में हलचल व उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। नये राजनीतिक समीकरण बनेंगे तथा नये आर्थिक घोटाले भी उजागर होंगे। मेष, कन्या व धनु राशि को विशेष लाभ मिलेगा। जबकि कर्क, वृच्छिक, मकर, कुंभ व मीन राशि वालों को अपने दैनिक जीवन में कुछ विषमताओं का सामना करना पड़ेगा।

# कोलकाता के रिक्शे पर सवार होकर आयेंगी वाग्देवी

## कहीं पर हंस तो कहीं केले के पत्ते,कहीं कमल पर दिखेंगी मां सरस्वती



**सरस्वती पूजा की तैयारी**

### इस बार बंगला साज सज्जा वाली मूर्तियों की रहेगी भरमार, कारखानों में शिल्पकार मूर्तियों को गढ़ने में जुटे

राधेश्याम कमल

काशी में वसंत पंचमी पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अत्यन्त धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। शहर में क्लबों के अलावा घरों व विद्यालयों में भी सरस्वती पूजनोत्सव की धूम दिखायी पड़ती है। एक ओर जहां सरस्वती पूजनोत्सव को लेकर पूजा आयोजक जुटे हुए हैं वहीं शिल्पकार भी तेजी से वाग्देवी की प्रतिमाओं को गढ़ने में लगे हैं। हालांकि प्रतिमाएं अभी पूर्ण रुपेण तैयार नहीं हुई हैं लेकिन प्रतिमाओं को तैयार करने का कार्य शिल्पकारों के यहां काफी तेजी से चल रहा है। अभी रंग रोगन का कार्य बाकी है। इस बार सरस्वती पूजनोत्सव 26 जनवरी को मनाया जायेगा।



इस बार भी शिल्पकार वाग्देवी की प्रतिमाओं पर अभिनव प्रयोग कर रहे हैं। वैसे पूजा आयोजकों की डिमांड व पसंद को ध्यान में रखते हुए शिल्पकार प्रतिमाओं को अंतिम स्वरूप देने में जुटे हैं। इस बार पूजा पंडालों में कहीं कोलकाता के पुराने रिक्शे पर सवार होकर वाग्देवी सवारी करती हुई दिखेंगी तो कहीं पर केले के पत्ते पर विराजमान रहेगी। कहीं पर हंस मां सरस्वती को रिक्शे पर बैठा कर खींचता नजर आयेगा। इसके अलावा कहीं पर कमल के पुष्प पर तो कहीं पर गुंबज पर बैठी मां नजर आयेंगी। देवनाथपुरा स्थित विश्वनाथ मूर्ति कला भवन के शिल्पकार गोपालचन्द्र डे बताते हैं कि इस बार उनके कारखाने में 68 प्रतिमाएं बनीं हैं। मौसम की मार के चलते प्रतिमाओं के सूखने में दिक्कतें आ रही हैं। उनके यहां प्रतिमाओं को तैयार करने में कोलकाता कुम्हार टोली के पांच कारीगर रात-दिन जुटे हुए हैं। प्रतिमाओं का नेत्र तैयार करने में सुनील पाल व परिधान धारण कराने के लिए रसिया पाल, मानू पाल व बापी पाल हैं। जबकि डिजाइनिंग व आभूषण पहनाने का कार्य गोपालचन्द्र डे करते हैं। वे बताते हैं कि इस बार बंगली शैली व आधुनिक जेवरात से सजी धजी वाग्देवी की प्रतिमाओं की भरमार रहेगी। मां सरस्वती की अधिकतर प्रतिमाएं 6 से लेकर 12 फुट तक की हैं। आधुनिक बंगला शैली की प्रतिमा 8 फुट की है। भोजूबीर की 9 फुट की प्रतिमा में बैक ग्राउण्ड में गणेशजी हैं जबकि उनके आगे मां सरस्वती वीणा वादन करते हुए हैं। इसी तरह शिवपुर में 11 फुट की मां वीणा वादन करते हुए दिखेंगी। एक मूर्ति में तो कालीदास जिस पेड़ की डाल पर बैठे हैं उसी को काट रहे हैं और बगल में मां सरस्वती वीणा वादन करती हुई दिखेंगी। खोजवां में कमल पुष्प मां बैठी रहेंगी जबकि उनके ऊपर सूरज की छटां दिखेगी। कोलकाता के प्राचीन रिक्शा पर भी मां सवारी करती नजर आयेंगी। चौकीघाट में मां एक गुंबज में बैठी दिखेंगी। जबकि काशीपुरा में पंचमुखी सांप के बीच में मां बैठी नजर आयेगी। वे बताते हैं कि 24 जनवरी को प्रतिमाओं को फाइनल टच दिया जायेगा। फिलहाल अभी रंग-रोगन का काम बाकी है। इसी तरह देवनाथपुरा के शिल्पकार निर्मल दादा, बंशीचरण पाल के कारखाने के अलावा अन्य जगहों पर भी प्रतिमाओं का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

